डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

भाद्रपद कृष्ण पक्ष 04, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 23 अगस्त 2024, वर्ष-30, अंक-309, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज 12



रोहित को इंटरनेशनल क्रिकेटर ऑफ द...


सेंसेक्स
81,053.19 ▲ +147.89

डॉलर
83.945 ▲ +0.053

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 71,260
01 किलो 84,260


## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।


### आने वाले समय में मंईयां योजना से जुड़े परिवार को एक लाख की मदद मिलेगी

# भाजपा वाले मुझे जमीन चोर कहते घूम रहे हैं जनता चुनाव में सबक सिखायेगी : हेमंत सोरेन

- पलामू प्रमंडलीय मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान कार्यक्रम
- 5.92 लाख लाभुक माता- बहनों के खाते में भेजी गई राशि
- पलामू के 2.88 लाख, लातेहार के 1.17 और गढ़वा के 2.19 लाख लाभुक
- असम-छत्तीसगढ़ के नेता हमारे विधायकों को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं
- राजधानी रांची के हेडक्वार्टर से नहीं गांवों और पंचायतों से चलती है हमारी सरकार
- विकास की इतनी बड़ी लकीर खींची की भाजपा 50 सालों में नहीं खींच पाएगी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को पलामू प्रमंडल के 5 लाख 91 हजार 919 लाभुक माता-बहनों के खाते में ऑनलाईन मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि भेजी। इसमें पलामू के 2 लाख 88 हजार 521, लातेहार के 1 लाख 17 हजार 605 और गढ़वा के 2 लाख 19 हजार 320 लाभुक शामिल हैं। पूरे झारखंड में 42 लाख लोगों के खाते में इस योजना से राशि भेजी जा रही है। मौके पर मुख्यमंत्री ने बेहद आक्रमक अंदाज में भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, साढ़े चार साल में हमारी सरकार ने विकास की इतनी बड़ी लकीर खींच दी कि भाजपा वाले आने वाले 50 साल में भी उतनी बड़ी लकीर नहीं खींच पायेंगे। राज्य गठन के बाद से यह पहली ऐसी सरकार है जो रांची हेडक्वार्टर से नहीं बल्कि गांव से चल रही है। पंचायत स्तर पर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाकर ऑन द स्पॉट सभी काम कराये जा रहे हैं। हमारे विकास कार्य के घबराई भाजपा खरीद-फरोख्त व विधायकों को तोड़कर किसी भी तरह से सरकार गिराने का कई बार असफल प्रयास कर चुकी है। यहां तक कि मुझे झुठे केस में जेल भेज दिया। छत्तीसगढ़ व असम के नेताओं को झारखंड में लाकर विधायकों को डरा-धमकाकर तोड़ने का काम किया जा रहा है, लेकिन वह डरने वालों में से नहीं है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को चियांकी हवाई अड्डा परिसर में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान समारोह के प्रमंडलीय सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायलय व सर्वोच न्यायलय ने कोई साक्ष्य नहीं मिलने पर उन्हें बेल दे दिया। इस कारण आज वह जनता के बीच हाजिर हैं। भाजपा वाले हमें जमीन चोर कहते घूम रहे हैं। गत विधानसभा चुनाव में भाजपा को झारखंड की जनता ने जो सबक सिखाया था वैसा ही सबक इस विधानसभा चुनाव में सिखाएगी।







## महिलाओं के आर्थिक विकास का शुरूआती चरण

**राज्य में विकास की किरण समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए हर स्तर पर काम किया जा रहा है**

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब गांव के लोगों को वृद्धापेंशन, अबुआ आवास, छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ती सहित अन्य योजनाओं का लाभ लेने के प्रखंड कार्यालयों का चक्कर लगाने की जरूरत नहीं रही। इससे ग्रामीण बिचौलियों से बच रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना महिलाओं के आर्थिक विकास का शुरूआती चरण है। आने वाले समय सरकार इस योजना से जुड़े परिवारों को एक लाख रुपये तक का आर्थिक मदद करगी। राज्य में विकास की किरण समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए हर स्तर पर काम किया जा रहा है। जेएसएलपीएस के माध्यम से गांव की महिला मंडल समूह को 10 हजार करोड़ रुपया सरकार ने दिया है।

## केंद्र सरकार नियुक्तिया बंद कर दी

मुख्यमंत्री कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार सभी प्रकार की नियुक्तियों पर रोक लगा दी है। कोल इंडिया, रेलवे, बैंकिंग क्षेत्र समेत जितने भी स्थानों पर बड़े पैमाने पर नियुक्तियां होती थी वह नियुक्तियां बंद होने से राज्य सरकार पर बोझ बढ़ गया है। राज्य सरकार ने सभी विभागों में रिक्त पदों पर भरने का शुरू कर दिया है। शिक्षकों का कई स्तर पर बाहली हो चुकी है। शीघ्र ही पुलिस विभाग व उत्पाद विभाग में बाहली की प्रक्रिया सरकार शुरू करने जा रही है। इसी प्रकार अन्य विभागों से भी रिक्त पदों की सूची मांगी गई है।

## वृद्धापेंशन की उम्र सीमा घटाकर 50 किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में गरीबी बहुत अधिक है। लोगों को घर में खाना खाने तक पैसा नहीं है। इसलिए सरकार ने निर्णय लिया है कि वृद्धापेंशन पाने वाले लाभुकों की उम्र सीमा में कुछ कम की जाये। इसके तहत अब वृद्धापेंशन पाने वालों की उम्र सीमा न्युनतम 50 वर्ष कर दी गई है। अब स्थिति यह हो गई है कि हर घर के बुजुर्ग 50 वर्ष होने का समय गिनते रहते हैं।

## एक नजर

### झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले में केंद्र को हाई कोर्ट की फटकार

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल नहीं किए जाने पर कड़ी टिप्पणी की। कोर्ट ने आईबी, यूआईएडीआई और बीएसएफ की ओर से अलग-अलग शपथ पत्र दाखिल किए जाने के लिए चार सप्ताह का समय मांगे जाने पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि झारखंड में ट्राइबल की आबादी कम होती जा रही है और केंद्र सरकार चुप है। झारखंड का निर्माण आदिवासियों को हितों की रक्षा के लिए किया गया था। लगता है केंद्र सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों के झारखंड में प्रवेश को रोकने को लेकर कोई दिलचस्पी नहीं दिख रही है। कोर्ट ने कहा कि आईबी हर सप्ताह 24 घंटे काम करती है लेकिन बांग्लादेशी घुसपैठियों जैसे संवेदनशील मुद्दों पर अपना जवाब दाखिल नहीं कर रही है। बीएसएफ की भी बांग्लादेशी घुसपैठियों को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका है लेकिन प्रतीत होता है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को रोकने के मामले में केंद सरकार का सकारात्मक रुख नहीं है। चीफ जस्टिस और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए पांच सितंबर की तिथि निर्धारित कर दी। मामले में राज्य सरकार की ओर से भी जवाब दाखिल किया जा चुका है लेकिन केंद्र सरकार जवाब के लिए चार से छह सप्ताह का समय मांग रही है।

## आज | कल





## राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार-2024 प्रदान किये



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार-2024 प्रदान किये। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय विज्ञान संस्थान के पूर्व निदेशक प्रो. गोविंदराजन पद्मनाभन को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आजीवन उपलब्धि और योगदान के लिए विज्ञान रत्न पुरस्कार प्रदान किया। प्रो. पद्मनाभन भारत में आणविक जीव विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान में अग्रणी हैं। केंद्र सरकार ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दिए जाने वाले इस सर्वोच्च पुरस्कार की शुरूआत इसी वर्ष से की है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कृषि विज्ञान में डॉ. आनंदरामकृष्णन सी, परमाणु ऊर्जा में डॉ. अवेश कुमार त्यागी, जैविक विज्ञान में प्रो. उमेश वार्ष्णेय और जैविक विज्ञान में प्रो. जयंत भालचंद्र उदगांवकर, पृथ्वी विज्ञान में प्रोफेसर सैयद वजीह अहमद नकवी, इंजीनियरिंग विज्ञान में प्रोफेसर भीम शेष पृष्ठ 11 पर

## जमशेदपुर के चांडिल डैम से मिले दोनों पायलटों के शव

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से 20 अगस्त को उड़ान भरने के करीब 20 मिनट बाद लापता हुए विमान के दोनों पायलटों के शव चांडिल डैम से निकाल लिए गए हैं। एनडीआरफ की टीम ने ट्रेनी पायलट शुभ्रोजीत दत्ता का शव गुरुवार सुबह 10 बजे चांडिल डैम से निकाला। इसके बाद मुख्य पायलट जीत शत्रु आनंद की तलाश में भारतीय नौसेना और एनडीआरएफ की टीम ऑपरेशन में जुटी रही। टीम ने कल्याणपुर गांव के पास चांडिल डैम से पायलट का शव बरामद कर लिया। दोनों शव बरामद होने के बाद यह बात साफ हो गई है कि विमान डैम में गिरकर क्रैश हुआ था। अलकेमिस्ट एविएशन कंपनी के इस विमान को पटना निवासी कैप्टन जीत शत्रु आनंद उड़ा रहे थे, जबकि उनके साथ जमशेदपुर निवासी ट्रेनी पायलट शुभ्रोदीप दत्ता सवार थे। विमान ने 20 अगस्त को दिन के करीब 11 बजे उड़ान भरी थी और करीब 20 मिनट बाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल से उसका संपर्क टूट गया था। डैम में गिरकर क्रैश शेष पृष्ठ 11 पर

## आतंक का बड़ा इंजीनियर निकला रांची का डॉक्टर

- झारखंड एटीएस ने रांची, हजारीबाग व लोहरदगा से आठ आतंकियों को गिरफ्तार किया
- झारखंड, उत्तरप्रदेश व राजस्थान से एक्यूआईएस के कुल मिलाकर 14 संदिग्ध गिरफ्तार



**नई दिल्ली/रांची।** दिल्ली पुलिस ने झारखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश एटीएस के साथ मिलकर देश में एक बड़े आतंकी नेटवर्क का खुलासा किया है। 'अलकायदा इन इंडियन सब कॉन्टिनेंट' (एक्यूआईएस) नाम के इस मॉड्यूल के तहत तीन राज्यों से अब तक कुल 14 लोगों को हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तार आतंकियों में आठ को झारखंड के रांची, हजारीबाग और लोहरदगा से गिरफ्तार किया गया है। इन सबका सरगना रांची के एक डॉक्टर इश्तियाक अहमद को बताया गया है, जो भारत में इस्लामिक राज्य की स्थापना का मंसूबा पाले बैठा था। रांची के बरियातू जोड़ा तालाब के पास एक अपार्टमेंट में गुरुवार को एटीएस ने अचानक छापा मारा। यहां रहे वाले डॉक्टर इश्तियाक अहमद को गिरफ्तार कर लिया गया। एटीएस की गिरफ्त में आया डॉ इश्तियाक अहमद रांची के मेडिका हॉस्पिटल में रेडियोलॉजिस्ट के पद पर कार्यरत था। वह मूलरूप से जमशेदपुर का रहने वाला है। रांची के मेडिका अस्पताल में वह पिछले छह साल से काम कर रहा था। इसमें उसने तीन साल तक फुल टाइमर के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं। डॉ. इश्तियाक का हजारीबाग जिले में भी अपना क्लीनिक है। रांची के जोड़ा तालाब स्थित एके रेसिडेंसी में रहता था। उसने रांची के रिम्स से एमबीबीएस किया है। दिल्ली पुलिस के एक बयान में कहा गया, 'मॉड्यूल का नेतृत्व रांची (झारखंड) का डॉ. इश्तियाक नामक व्यक्ति कर रहा था तथा उसकी देश के भीतर 'खिलाफत' की घोषणा करने और गंभीर आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की मंशा थी।' इस संबंध में झारखंड पुलिस के प्रवक्ता एवी होमकर ने बताया कि केन्द्रीय एजेंसी के जरिये कुछ लोगों के संदिग्ध गतिविधि के बारे में दिये गये सूचना के आधार पर गुरुवार को आंतकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने राज्य के रांची, हजारीबाग और लोहरदगा में एक साथ कुल 16 स्थानों पर छापेमारी की। छापेमारी में एसटीएसफ, रांची पुलिस और दिल्ली पुलिस की संयुक्त टीम शामिल थीं। इस अभियान में अब तक आठ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस अभियान में अभी तक अवैध आग्नेयास्त्र, लैपटॉप, कई मोबाईल फोन, कुछ संदिग्ध दस्तावेज सहित शेष पृष्ठ 11 पर

### क्या है खिलाफत, जो चाहता था रांची का डॉक्टर

पैगंबर मुहम्मद साहब के बाद के उनके उत्तराधिकारी खलीफा कहलाते हैं। ऐसा व्यक्ति जो इस्लामिक धर्म के कानून के अनुसार लोगों का नेतृत्व करता है वह खलीफा कहलाता है और उसके शासन को 'खिलाफत' कहा जाता है। सबसे खूंखार आतंकी संगठन कहे जाने वाले आईएसआईएस ने 2014 में अपने प्रमुख अबु बक्र अल-बगदादी को 'खलीफा' घोषित किया था। वह इराक और सीरिया में पूर्ण इस्लामिक शासन लागू करना चाहता था। इसी तरह डॉक्टर इश्तियाक भी भारत में आतंकी हमलों के जरिए इस्लामिक शासन लागू करना चाहता था।

## इंडिया

# क्या राष्ट्रपति शासन की ओर बढ़ रही है ममता सरकार ?



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

कोलकाता में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हुई हत्या मामले में सुप्रीम कोर्ट को सीबीआई ने बताया है कि अपराध स्थल से छेड़छाड़ और मामले में लीपापोती की कोशिश की गई। अंतिम संस्कार के बाद एफआईआर दर्ज किए जाने पर भी सवाल उठाए। सुप्रीम कोर्ट ने बीती 20 अगस्त को स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई की थी। सीबीआई इस बात की जांच कर रही है कि अस्पताल प्रशासन, खासकर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष ने पुलिस को घटना के बारे में जानकारी देने में इतनी देरी क्यों की? सुप्रीम कोर्ट की 22 अगस्त को सुनवाई के दौरान अस्वाभाविक मृत्यु और पोस्टमार्टम के समय को लेकर और केस डायरी के साथ छेड़छाड़ को लेकर कोलकाता पुलिस पर कई सवाल खड़े किए गए। वकील कपिल सिब्बल पश्चिम बंगाल सरकार का पक्ष रख रहे थे, लेकिन उन्हें भी फटकार सुननी पड़ी। कोर्ट ने उनसे कहा कि अगली सुनवाई के दौरान कोलकाता पुलिस के किसी जिम्मेदार अधिकारी को साथ लेकर आएं जो साफ जवाब दे सके। सुनवाई के दौरान पूछा गया कि केस डायरी में मौत का समय सुबह 10 बजकर 10 मिनट लिखा गया है, लेकिन क्राइम सीन रात 11 बजे तक सील नहीं हुआ था। पुलिस क्या कर रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अन नेचुरल डेथ के रजिस्ट्रेशन से पहले पोस्टमार्टम होता है। यह आश्चर्यजनक है। कोर्ट ने कहा कि सीबीआई को केस डायरी की जांच करनी चाहिए और यह पता लगाना चाहिए कि क्या इसमें कुछ पन्ने बाद में जोड़े गए हैं? इसके साथ ही कोलकाता पुलिस की तरफ से जांच करने वाली महिला एएसपी की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए। एफआईआर अस्पताल की तरफ से नहीं दर्ज करायी गई, बल्कि पीड़िता के पिता की मिन्नतों के बाद दर्ज की गई। सिब्बल ने हंसते हुए उनके सवाल का जवाब दिया तो कोर्ट ने कहा कि किसी की मौत की सुनवाई चल रही है। आप हंस कैसे कर सकते हैं? हत्याकांड मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि यह घटना पूरे भारत में चिकित्सकों की सुरक्षा के संबंध में व्यवस्थागत मुद्दे को उठाती है। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा था कि अगर महिलाएं काम पर नहीं जा पा रही हैं और काम करने की स्थितियां सुरक्षित नहीं हैं तो हम उन्हें समानता से वंचित कर रहे हैं।सुप्रीम कोर्ट ने पूछा था कि अस्पताल के अधिकारी क्या कर रहे थे? चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा था, ह्यह्यऐसा लगता है कि अपराध का पता सुबह-सुबह ही चल गया था, लेकिन मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल ने इसे आत्महत्या बताने की कोशिश की।ह्लह्ल अदालत ने कोलकाता पुलिस को भी फटकार लगायी और पूछा कि हजारों लोगों की भीड़ आरजी कर मेडिकल कॉलेज में कैसे घुसी। उसने पूछा कि जब आरजी कर अस्पताल के प्रिंसिपल का आचरण जांच के घेरे में है तो उन्हें कैसे तुरंत किसी दूसरे कॉलेज में नियुक्त कर दिया गया।



पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी बोस राजधानी दिल्ली में राष्ट्रपति से मिले तो अटकलें लगीं कि पश्चिम बंगाल में ममता सरकार खतरे में हैं। राज्यपाल ने अपने बयानों में राज्य में कानून व्यवस्था बिगड़ने की बात कही तो इसे राष्ट्रपति शासन का इशारा समझा गया । राज्यपाल की रिपोर्ट पर आर्टिकल 356 के तहत राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की बात हो सकती है यदि राष्ट्रपति को लगे कि राज्य सरकार संविधान के अनुरूप शासन चलाने में समर्थ नहीं है या संविधान के मूल सिद्धांत की अनदेखी कर रही है या राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो जाए जैसी पूर्व में चुनाव के दौरान और बाद में हिंसा हुई थी।

राष्ट्रपति शासन लागू करने की परिस्थितियों और वैधता के बारे में सुप्रीम कोर्ट के अनेक फैसलों में विस्तार से चर्चा की गई है। उनके अनुसार किसी एक मामले में प्रशासन और पुलिस की विफलता के आधार पर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने का कोई भी प्रस्ताव असंवैधानिक होगा।केंद्र के पास 6 महीने तक राष्ट्रपति शासन लगाने का अधिकार है। अगर 6 महीने से ज्यादा समय के लिए आगे बढ़ाना हो तो संसद के दोनों सदनों से मंजूरी लेना जरूरी है। 2014 में मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद अब तक 10 बार आर्टिकल 356 का इस्तेमाल हो चुका है। इससे पहले सबसे अधिक इन्दिरा गांधी ने 51 बार राष्ट्रपति शासन लगाया था। अरुणाचल प्रदेश में सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने पलटा था । उत्तराखंड में भी मोदी सरकार के फैसले को कोर्ट ने पलटा था । केंद्र इससे बचकर इसलिए भी चलना चाहता है क्योंकि ममता और विपक्षी विक्टिम कार्ड खेल सकते हैं जबकि पूरे भारत में हो रहे विरोध के कारण पहली बार ममता सकते में है और बंगाल के लोग गुस्से में हैं।

## डॉक्टर दुष्कर्म-हत्या मामले में सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में सौंपी स्टेटस रिपोर्ट

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या मामले में सीबीआई ने गुरुवार को स्टेटस रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में सौंप दी। सूत्रों के अनुसार एजेंसी को केस से जुड़े कई लिंक्स मिले हैं। बता दें कि मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सर्वोच्च न्यायालय की खंडपीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। इस मामले में सीजेआई की खंडपीठ में यह दूसरी सुनवाई है और अब सभी की निगाहें खंडपीठ की कार्यवाही पर टिकी हैं। सूत्रों ने कहा कि सीबीआई की स्टेटस रिपोर्ट में कई ऐसी कड़ी हैं, जिसके खुलने से केस आईने की तरह साफ हो जाएगा।

**पहली कड़ी :** 9 अगस्त की सुबह अस्पताल भवन के सेमिनार हॉल में शव मिलने के बाद स्थानीय पुलिस स्टेशन को इसकी सूचना देने के बीच इतना अंतराल क्यों है। सूत्रों ने कहा कि जांच कर रहे सीबीआई के अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि अस्पताल के अधिकारियों, खासकर पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष ने शव मिलने के बाद पुलिस को सूचित करने में इतना समय क्यों लगाया। सीबीआई पिछले शुक्रवार से ही मामले की तह तक जाने के लिए डॉ. घोष से पूछताछ कर रही है। लगभग हर दिन 12 से 14 घंटे तक पूछताछ हो रही है। गुरुवार को भी लगातार सातवें दिन डॉ. घोष पूछताछ के लिए उपस्थित हुए। सीबीआई ने डॉ. घोष के ड्राइवर को भी पूछताछ के लिए बुलाया है।

**दूसरी कड़ी :** वह व्यक्ति है जिसने सबसे पहले 9 अगस्त की सुबह सेमिनार हॉल में पीड़िता का शव देखा था। सूत्रों ने बताया कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के कई मेडिकल और नॉन-मेडिकल स्टाफ से पूछताछ के बाद भी जांच अधिकारी अभी तक उस व्यक्ति की पहचान नहीं कर पाए हैं जिसने सबसे पहले शव को देखा था। जिन लोगों से पूछताछ की जा रही है, उन्होंने विरोधाभासी बयान दिए हैं। सूत्रों ने बताया कि जांच अधिकारी का मानना है कि शव को सबसे पहले देखने वाले व्यक्ति का पता लग जाने के बाद कई सवालों के जवाब मिल जाएंगे।

## एक नजर

### तीन दिन से लापता बालक का शव तालाब से बरामद



**पाटन।** पाटन के लोईंगा निवासी परदेसी भुइयां का 14 वर्षीय पुत्र राजन भुइयां का शव लोईंगा तालाब से बरामद किया गया। जानकारी मिलने के बाद मोके पर पहुंची किशुनपुर ओपी पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मेदिनी नगर भेज दिया। पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस शव को परिजनों को सौंप दिया। राजन कुमार भुइयां 19 अगस्त से 12:00बजे दिन से गुम हो गया था। काफी खोजबीन के बाद ग्रामीणों ने राजन भुईया का शव तालाब मे देखा था। मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हुआ है।

### एपीएचसी में चिकित्सक ने दिया योगदान



**हैदरनगर।** सिविल सर्जन पलामू डॉ. अनिल कुमार ने अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रसिद्ध नारायण सिंह की प्रतिनियुक्ति अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्र सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर हैदरनगर में की है। उन्होंने गुरुवार को इस केन्द्र में पदभार ग्रहण करने के बाद बताया कि किसी भी स्वास्थ्य की समस्या से पीड़ित व रोगियों का समय पर सेवा देना पहली प्राथमिकता है। अस्पताल में मरीजों के लिये उपलब्ध सुविधा व संसाधनों के बीच बेहतर सेवा देने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रतिनियुक्ति के बाद इस अस्पताल में अधिक से अधिक समय देने के साथ ही आमजनों से भी सहयोग का आग्रह किया है।

# गड्ढे में जमा पानी से बीमारियों की आशंका, दुर्घटना की संभावना

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद के जेपी चौक पर एक निर्माण कंपनी द्वारा पेयजलापूर्ति के लिए खोदे गए गड्ढे में जमा गंदा पानी अब स्थानीय लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन रहा है। बारिश के पानी और कचरे से भर चुके इस गड्ढे का पानी अब काला पड़ चुका है और इसके आसपास दुर्गंध फैल रही है। शाम के समय इस क्षेत्र में दुर्गंध और मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है, जिससे डेंगू जैसी खतरनाक बीमारी का खतरा मंडरा रहा है। जेपी चौक पर स्थित यह गड्ढा 8 से 10 फीट गहरा बताया जा रहा है और इसमें रात के समय किसी के गिरने की संभावना से एक बड़ी दुर्घटना घट सकती है। इलाके में नजदीक ही एक शराब की दुकान भी है, जिससे शराब के नशे में कोई व्यक्ति या वाहन चालक इस गड्ढे में गिर सकता है, जिससे गंभीर हादसा हो सकता है। यहां से स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए भी खतरा बढ़ गया है, क्योंकि हाल के दिनों में बच्चों के डूबने की कई घटनाएं सामने आई हैं। गड्ढे के किनारों की मिट्टी भी धीरे-धीरे खिसक रही है, जिससे भारी वाहनों के गुजरने पर सड़क धंसने का खतरा है।



### आसपास के लोगों में बढ़ रही है नाराजगी

स्थानीय लोगों के अनुसार, इस गड्ढे की खुदाई फरवरी महीने में हुई थी और तब से लेकर अब तक कोई कार्य पूरा नहीं किया गया है। पिछले डेढ़ महीने से इस गड्ढे का काम पूरी तरह से बंद है, जिससे आसपास के लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। नगर पंचायत क्षेत्र में किसी निजी कंपनी द्वारा यह कार्य करवाया जा रहा है, लेकिन अधूरे कार्य और असुरक्षित स्थितियों के कारण स्थानीय लोगों का आक्रोश बढ़ रहा है। इस गड्ढे को लेकर प्रशासन और संबंधित विभागों से जल्द कार्रवाई की मांग की जा रही है । ताकि किसी अनहोनी से पहले इस समस्या का समाधान हो सकें।

## अखिल भारतीय वैश्य समाज की बैठक में पदाधिकारियों का हुआ चुनाव

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** पांकी पूर्वी पंचायत सचिवालय में गुरुवार को अखिल भारतीय वैश्य महासभा की बैठक आयोजित की गई। अखिल भारतीय वैश्य महासभा का प्रखंड स्तरीय बैठक कर चुनाव कराया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय वैश्य महासभा प्रदेश के संगठन महामंत्री अरविंद कुमार गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, जिला महामंत्री राजेश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में अखिल भारतीय वैश्य महासभा के प्रखंड अध्यक्ष नियुक्त किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष पंकज कुमार गुप्ता को फूलमाला पहनकर व मुख्य अतिथि के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मौके पर अखिल भारतीय वैश्य महासभा के प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार गुप्ता ने कहा कि हम पर जो संगठन ने विश्वास जताया है। मैं समाज के लिए निष्ठा पूर्वक काम करूंगा। उन्होंने कहा कि अधिकारों के प्रति वैश्य समाज को मंथन करना होगा।

### राजनीति में जातिगत आधार पर निर्णय हो रहे है : पंकज

पंकज कुमार गुप्ता ने कहा कि राजनीति में जातिगत आधार पर निर्णय हो रहे है, क्योंकि वैश्य समाज व्यापार में व्यस्त है; अपने अधिकारों के प्रति उदासीन है; इसलिए उसके हिस्से के अधिकार भी अन्य वर्गों को दे दिए जा रहे है। हमारी संख्या विधानसभा, लोकसभा में कम हो रही है। इन मुद्दों पर वैश्य समाज को एकत्र होकर मंथन करना होगा। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, मुखिया प्रेम प्रसाद गुप्ता, युवा समाज सेवी राजकुमार प्रसाद गुप्ता,महेंद्र प्रसाद,पिंटू गुप्ता, राजन कुमार गुप्ता, चिंटू गुप्ता, रूपेश गुप्ता, लखन प्रसाद, आलोक प्रसाद, गुड्डु प्रसाद,राजू कुमार गुप्ता उर्फ चिंटू, पपु गुप्ता, मौनटी गुप्ता, अजय प्रसाद, मुरली गुप्ता, मिठू गुप्ता, ओमप्रकाश प्रसाद, सोनू सोनी, मंटू गुप्ता, सुबोध, प्रदीप चौरसिया सहित अखिल भारतीय वैश्य समाज के लोग उपस्थित थे।

### मोहम्मदगंज में भारत बंद कराने सड़क पर उतरे समर्थक

## नया राजनीतिक समीकरण उभर कर सामने आया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** नेशनल कन्फेडरेशन ऑफ दलित एंड आदिवासी ऑर्गनाइजेशन के 14 घंटे के भारत बंद के आह्वान पर बुधवार को इसे सफल बनाने को लेकर एक दर्जन से अधिक समर्थक सड़कों पर उतरे थे। जिसमें पहली बार नया राजनीतिक समीकरण उभर कर सामने आया। इस बंद के समर्थक दलों का कोई चिन्हित नेता नहीं, बल्कि सामाजिक संगठनों के युवाओं की टीम सड़कों पर बंद कराने उतरी थी। उ इस दौरान उनके प्रयास से प्रखंड मुख्यालय में स्टेशन रोड, देवीधाम रोड और रविवारीय बाजार एरिया के दुकानदारों ने व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रखा था। हालांकि इसके 2-3 घंटे बाद दुकानदारों ने अपनी दुकानें पुनः खोल ली थी। जबकि समर्थकों ने बंद को असरदार बताया।



**नयी समीकरण का आगाज :** बंद समर्थकों में कांग्रेस के दलित-मजदूर नेता रामजन्म राम, झामुमो के पिंटू चंद्रवंशी,अंबेडकर विचार समिति के अध्यक्ष सुमेश राम,उपाध्यक्ष विनोद पासवान के अलावा कादलकुर्मी के संदेश राम, मोहम्मद के युवा समाजसेवी मंटू दास, सोनबरसा के सुनेश राम, जगदेव विचार मंच के अध्यक्ष रामबचन मेहता सहित कर्मेंद्र,अमर, सुनील, नीतीश, अनिल, मिथिलेश, सुशील, रामप्यारी, मदन, गौतम, मुकेश, अर्जुन यादव व एक दर्जन से अधिक अन्य लोग शामिल थे। पहली बार ऐसा देखा गया है कि अंबेदकर विचार समिति और जगदेव विचार मंच जैसे सामाजिक संगठनों के तत्वावधान में समर्थकों ने किसी भी ऐसे कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित करते हुए नये राजनीतिक समीकरण का प्रकटीकरण किया है।

## हैदरनगर के गांवों में 'आपकी योजना, आपकी सरकार 'कार्यक्रम का मचने लगा शोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की सफलता के संबधित पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों के बीच सक्रियता बढ़ाना शुरू कर दी है। इस कार्यक्रम का आयोजन हैदरनगर प्रखंड के 12 पंचायतों में 30 अगस्त से 15 सितंबर तक विशेष शिविर के माध्यम संचालित होगा। हैदरनगर पूर्वी व पश्चिमी, मोकहर कला, परता, बरडंडा, बभंडी पंचायत में इस कार्य की सफलता में जुटे प्रतिनिधियों में क्रमशः पंसस शैलू जयसवाल, फरहाना खातून, गुलशन आरा, मुखिया संतोष कुमार सिंह, शहनाज परवीन, नाजमा खातून, कमल कुमार पासवान, सुदर्शन राम, जितेन्द्र सिंह ने ग्रामीणों को बताया है कि इस शिविर में मुख्य रुप से अबुआ आवास, मईया सम्मान, पशुधन, रोजगार सृजन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, हरा राशन कार्ड, सिंचाई कूप, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि , स्वास्थ्य, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, सभी प्रकार के पेंशन, राजस्व अभिलेख संशोधन /परिमार्जन, आधार कार्ड, राशन कार्ड, बिजली बिल संशोधन से संबंधित जरुरतमंदों से आवेदन लेने के बाद ऑन स्पॉट स्वीकृति व निराकरण कराने का प्रयास किया जायेगा। इसके साथ ही इन शिविरों के माध्यम परिसंपतियों का वितरण भी किया जायेगा। उक्त योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन के साथ आधार कार्ड, बैंक खाता, राशन कार्ड, वोटर आईडी, जमीन का खाता प्लॉट, स्थानीय, जाति, आय प्रमाण पत्र, रंगीन फोटो, मोबाईल नंबर, बिजली या टेलीफोन बिल आदि देना होगा। उक्त कार्यक्रम की तिथिवार जानकारी अलग से दी जायेगी।

### कोसीआरा स्टेशन के फुट ओवरब्रिज का निर्माण अधर में लटका

## मालगाड़ी खड़ी रहने से होती है यात्रियों को परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पूर्व मध्य रेलवे के डेहरी ऑन सोन-गढवा रोड रेलखंड में कोसीआरा स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण अधर में लटक गया है। इससे यात्रियों को जान जोखिम में डालकर यात्री ट्रेन चढने के लिए रेलपटरी को पार करने की परेशानी से छुटकारा नहीं मिल पाया है। युवा समाजसेवी शुभम कुमार सिंह ने कहा कि रेल पटरी पार करने में जोखिम उठाने की परेशानी तब और होती है, जब यात्री ट्रेन के समय ही घंटों तक मालगाड़ी को वहां खड़ा कर रखा जाता है। उन्होंने बताया कि इस जोखिम उठाने की परेशानी से निजात दिलाने के लिए 1 साल से फुट ओवरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है, जिसे अबतक पूरा नहीं किया जा सका है। उन्होंने कहा कि अक्सर यात्री ट्रेन के टाइम पर मालगाड़ी को एक नंबर और 5 नंबर पटरी पर लगा दिया जाता है। जिससे यात्रियों को जान पर खेल कर मालगाड़ी को पार करना पड़ता है। इससे आसपास के दर्जनाधिक गांव के लोगों, जिनके लिए इसी स्टेशन से रेल सुविधा उपलब्ध है, उनको जान जोखिम में उठाने परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने फुट ओवरब्रिज का निर्माण यथा शीघ्र पूरा करने की दिशा में रेल उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया है।





# थाने की गाड़ी से हुई थी दुर्घटना, युवक की मां ने लगाया आरोप एफआईआर की कॉपी मांगा तो थाने में एसआई ने की बदसलूकी

### पिपरा थाने की गाड़ी से घायल अविनाश राम की रिम्स में इलाज के दौरान हुई थी मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** नगर मुख्यालय के ब्लॉक रोड में लखन विश्वकर्मा के गैरेज के पास 10 जुलाई को पिपरा थाना के बोलेरो वाहन से हुए सड़क दुर्घटना में घायल अविनाश राम ने रिम्स में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। घर के इकलौते कमाऊ सदस्य होने के कारण अविनाश का पूरा घर बिखर गया है। वहीं मृतक की मां ने आरोप लगाया है कि थाने में एफआईआर किये लिए बार चक्कर लगाए, लेकिन सबने उसे दुत्कार कर थाने से भगा दिया। अंततः उनके धैर्य जवाब दे गया। उन्होंने बताया कि जब वे बुधवार को थाने में एफआईआर की कॉपी के लिए गई तो थाने के एसआई राहुल कुमार ने बदतमीजी से बात करने हुए उनके साथ धक्का मुक्की की और मोबाइल छीन कर थाने से भगा दिया गया। दरअसल सूचनानुसार घर का इकलौता कमाऊ सदस्य के निधन से अविनाश के माता-पिता पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सड़क दुर्घटना के बाद अविनाश राम का पूरा शरीर पैरालाइज्ड हो गया था। तात्कालिक इलाज पल्स अस्पताल में कराया गया था, लेकिन पैसे के अभाव में उसे रिम्स में भर्ती कराना पड़ा । जहां स्पाइनल कोड के ऑपरेशन के बाद अविनाश राम ने दम तोड़ दिया था।



### क्या कहते हैं छतरपुर थाना प्रभारी

छतरपुर थाना प्रभारी ने कहा कि अनिता देवी को से इस संबंध में बातचीत करने के लिए बुलाया गया था, लेकिन अनिता देवी द्वारा मोबाइल छिनने की बात कही जा रही है, जो गलत है। वहीं ,एसआई राहुल कुमार ने बताया कि महिला से मोबाइल नहीं छीना गया और ना ही किसी तरह का अभद्र व्यवहार किया गया है। उसके द्वारा जो बयान दिया जा रहा है वह गलत है। बरहाल छतरपुर थाने में आये दिन पुलिस अधिकारियों और थाने की मुंशी की मनमानी की खबरें भी सामने आती रही है, ऐसे में इस ताजे मामले से पुनः छतरपुर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### बरियातू थाना पुलिस ने रिम्स में मृतक के माता-पिता से लिया था फर्द बयान

बरियातू थाना की पुलिस ने रिम्स में अविनाश राम के माता-पिता से फर्द बयान लिया है, जिसमें कहा गया है कि छतरपुर में उनका बेटा सीमेंट व्यव्सायी अमित जायसवाल के काम से बाइक से जा रहा था। उसी दौरान ब्लॉक रोड स्थित लखन विश्वकर्मा के गैरेज से निकलते वक्त पिपरा थाना की गाड़ी ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उनके लड़के को धक्का मार दिया जिसके बाद वह गम्भीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस द्वारा मृतक के परिवार को किसी तरह की आर्थिक सहायता ही उपलब्ध नहीं कराया गया और ना ही मामले की प्राथमिकी ही दर्ज की गई है न किसी ने सुध ही ली थी। मृतक के परिजन 8 अगस्त को डीएसपी कार्यालय छतरपुर में आवेदन भी दिया थे। आपको बता दें कि 21अगस्त के मृतक की मां अनिता देवी छतरपुर थाना एफआईआर की कॉपी लेने आई थी। मृतक की मां ने बताया कि छतरपुर थाने के नम्बर 8340544069 से कॉल कर उनसे आधार कार्ड की कॉपी लाने को कहा गया, जब मृतक की माता अनिता देवी एवं उसकी बहन बिन्दा देवी थाने पहुंची तो थाने में एसआई राहुल कुमार के द्वारा उनका मोबाइल छीन लिया गया एवं महिला पुलिस द्वारा जाति सूचक गालियां दिलवाते हुए एसआई राहुल ने धक्का दे कर कार्यालय से बाहर निकाल दिया गया। वहीं मृतक के मौसी बिंदा देवी ने भी बताया कि उनकी मोबाइल भी छिनने की कोशिश की गई।

### क्या कहते हैं छतरपुर डीएसपी

इस संबंध में डीएसपी नौशाद आलम से बात करने पर बताया कि महिला का आवेदन प्राप्त है, वहीं मोबाइल छिनने की बात निराधार है, अनिता देवी द्वारा बात चीत का वीडियो बनाया जा रहा था, मना करने पर मोबाइल थाना में छोड़कर चली गई। फर्द बयान के आधार पर पहले ही एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### महिला डॉक्टर की निर्मम हत्या के विरोध में श्रद्धांजलि सभा



**हुसैनाबाद।** कोलकाता मेडिकल कॉलेज में हुई महिला चिकित्सक की निर्मम हत्या का विरोध लगातार जारी है। गुरुवार को बून पब्लिक स्कूल जपला के शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मियों व छात्र-छात्राओं ने स्कूल परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर महिला चिकित्सक को न्याय दिलाने की मांग की। साथ ही मृतक महिला डॉक्टर के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान विद्यालय की छात्राएं हाथों में तख्ती व स्लोगन लिखकर प्रशिक्षु डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले में इंसाफ की मांग कर रहे थे । श्रद्धांजलि देने के उपरांत विद्यालय की प्रिंसिपल बबिता कुमारी सिंह ने कहा कि कोलकाता की घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। उन्होंने केंद्र सरकार से घटना के दोषियों के विरुद्ध कठोर से कठोर कारवाई कराए जाने की मांग है। मौके पर मुख्य रूप से रीना पाठक, अनुज कुमार, रबी कुमार, आफताब आलम, रिभा कुमारी, जयकुश सिंह समेत कई अन्य शिक्षक व सैकडों की संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थी।

### आज से विश्रामपुर नप कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर, कार्यपालक को पदाधिकारी सौंपा ज्ञापन



**विश्रामपुर।** झारखंड लोकल बॉडीज इम्प्लाइज फेडरेशन के तहत कार्यरत सभी कर्मी 23 अगस्त से सामूहिक हड़ताल पर चले जायेंगे। जिसे लेकर गुरूवार को विश्रामपुर नगर परिषद शाखा में कार्यरत कर्मियों ने कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडैत को अपनी ग्यारह सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपकर हड़ताल पर जाने की जानकारी दी। कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडैत ने कर्मियों को आश्वस्त किया कि उनके मांग पत्र को संबंधित विभाग को भेज दिया जायेगा। फेडरेशन के विश्रामपुर इकाई अध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि जब तक सभी मांगें नहीं मानी जायेगी ,तब तक आंदोलन जारी रहेगा। वहीं, विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र में आने वाले सभी बीस वार्डो की साफ-सफाई,लाइटिंग सहित तमाम तरह की सभी कार्य इन कर्मियों पर ही निर्भर है। एसे में इनकी हड़ताल से यह सब पूरी तरह प्रभावित होने के आसार दिख रहे है। मौके पर सुबोध केशरी,रवि कुमार,मुबारक अंसारी,सुमित कुमार,राजेश प्रसाद,नीरज कुमार सहित निकाय के सभी अनुबंधकर्मी मौजूद थे।

### मनरेगाकर्मियों की हड़ताल 31 वें दिन भी खत्म होने की नहीं दिखी उम्मीद

**मोहम्मदगंज।** मनरेगाकर्मियों की हड़ताल के 31 वें दिन भी इसके खत्म होने की उम्मीद नहीं नजर आई। ऐसे में मनरेगा योजना संबंधित कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ गया है। बताया गया कि हड़ताल के मद्देनजर वैकल्पिक व्यवस्था का भी संतोषजनक परिणाम नहीं निकला है। बताया गया कि दो विधायकों की पहल पर बुधवार को हुई वार्ता का कोई नतीजा नहीं निकला है। ऐसे में हड़ताल के लंबी खिंचने की संभावना बढ़ गई है। बताते चलें कि झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के आह्वान पर मनरेगाकर्मियों के स्थायीकरण के लिए वादा निभाओ, स्थायी करो, सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत राज्य भर में 18,19 और 20 जुलाई को सांकेतिक हड़ताल के बाद सभी मनरेगा कर्मचारी 22 जुलाई से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इसमें इस प्रखंड में बीपीओ मो. आबेदीन अंसारी के अलावा अविनाश कुमार एई, जगत प्रसाद मेहता लेखा सहायक, उपेंद्र पासवान कंप्यूटर सहायक, प्रभंजन कुमार,राहुल कुमार, जेई, ग्राम रोजगार सेवक नाजमा खातून, अजीत पाठक, शमशाद अहमद, राजीव कुमार, जनेश्वर राम, संजय बैठा और नरेंद्र कुमार बैठा शामिल हैं। बताया गया कि इनके हड़ताल पर चले जाने से अबुआ आवास योजना में मजदूरी भुगतान के साथ ही बिरसा हरित ग्राम योजना, मेढबंधी, टीसीबी, बिरसा सिंचाई कूप योजना और वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान जैसी योजनाओं के काम प्रभावित हो गए हैं। जिनमें मजदूरों की मजदूरी का भुगतान नहीं हो पा रहा है।

### सेवानिवृत्त सेल महाप्रबंधक फुटबॉल खिलाड़ी का निधन

**हुसैनाबाद।** सेवानिवृत्त सेल महाप्रबंधक, फुटबॉल खिलाड़ी 68 वर्षीय अरुण कुमार तिवारी का रांची में हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। तिवारी कसनप गांव के निवासी थे। अरुण कुमार तिवारी की पुत्री निशा रानी ने बताया कि उनका सभी कार्यक्रम पैतृक गांव कसनप से होगा। अरुण कुमार तिवारी का जपला से गहरा लगाव रहा है। उनके पिता स्व रामदास तिवारी हार्वे स्कूल में हेडमास्टर रह चुके हैं। उन्होंने अपने तीनों बेटियों को उच्च शिक्षा दिलायी। एक बेटी डाल्टनगंज जबकि दो बेटियां विदेश में हैं। उनके छोटे भाई अभय कुमार तिवारी एवं अमित कुमार तिवारी सिंगरौली में रहकर समाजसेवा कर रहे हैं। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से सतेंद्र नाथ तिवारी, उदय कुमार तिवारी, मदन तिवारी, वशिष्ठ तिवारी, शिवकुमार तिवारी, नरेंद्र तिवारी, सुकेश तिवारी, निखिल तिवारी, अखिलेश तिवारी, उदय प्रकाश ओझा के अलावा के समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं व्यापारियों सहित विभिन्न राजनैतिक दलो के नेताओ के नाम हैं।

### कोल्हुआ-लेमुआटीकर पथ की हालत खास्ता, जोखिम भरा बना रास्ता



**मोहम्मदगंज।** कोल्हुआ-सोनबरसा पंचायत के युवा समाजसेवी विनय सिंह ने सोशल मीडिया पर खास्ता हाल सड़क की फोटो शेयर करते हुए बताया है कि इस पर चलना खासकर, बरसात में जोखिम भरा बना हुआ है। इस सड़क को बेहतर बनवाने का वादा तो किया गया, पर उसे निभाया नहीं गया। यह सड़क कोल्हुआ-वाया वीरधवर-गाजीबिहरा-सहारबिहरा और लेमुआटीकर के लिए महत्वपूर्ण है। जिसे बेहतर बनाने के मामले में अबतक नजरअंदाज किया जाता रहा है। उन्होंने इसे लेकर सवाल खड़े किए हैं। जिसमें उन्होंने कहा है कि इसे लेकर हर चुनाव में वादा किया जाता है। मगर निभाया नहीं जाता है। फिर विस चुनाव आ गया है। फिर वादा किया जाएगा। उन्होंने ऐसे में इस बार के चुनाव में नोटा का बटन दबाने का विचार व्यक्त करते हुए इस पर अन्य ग्रामीणों की राय मांगी है।

## एक नजर

### बेहोश होकर गिरी महिला,रिम्स रेफर

**मेदिनीनगर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर की रहने वाली महिला 46 वर्षीय विमला देवी गुरुवार को सुबह अचानक बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में पहले उसे स्थानीय निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया । वहां से रेफर होने के बाद परिजन लेकर मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचे। जहां महिला के गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों में रांची रिम्स रेफर कर दिया। बताते चलें कि महिला को पूर्व से ही आंत से जुड़ी समस्या है ,जिसकी वजह से वह कभी-कभी बेहोश हो जाया करती है। कई वर्षों से उसका इलाज किया जा रहा है, लेकिन वह पूर्णतः स्वस्थ नहीं हो सकी।

### युवा आक्रोश रैली की तैयारी को लेकर जनसंपर्क अभियान

**हरिहरगंज।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आज 23 अगस्त को रांची के मोरहाबादी मैदान में युवा आक्रोश रैली की सफलता को लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओ ने भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया। यह अभियान अररुआ खुर्द, अम्बा, सियरभूका, सतगांवा और डेमा आदि गांव में चलाकर इस रैली की सफलता के लिए युवाओं से शामिल होने की अपील की गयी है। राजीव रंजन ने कहा कि झारखंड के भ्रष्ट, युवा विरोधी, महिला विरोधी हेमंत सरकार के खिलाफ प्रस्तावित इस रैली में सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया जाएगा। मौके पर जिला कार्यसमिति सदस्य राजीव रंजन मिश्रा, पूर्व मुखिया अवधेश कुमार मेहता, भाजपा नेता विजय प्रजापति, दिनेश पासवान, अक्षय पासवान, बच्चन पासवान, महादेव यादव, सत्येन्द्र पासवान, अजीत चौधरी, रंजीत, मनीष, राजेश, राजू, विवेक, राहुल विश्वकर्मा, मनोज शर्मा, अनिल मेहता, रंजीत चौधरी, मनोज शर्मा, मनीष, रंजीत, राजेश, शंकर, सूरज, राहुल, गणपत, रणजीत, मनोज शर्मा, धनंजय, आशीष, गोलू आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# राज्य के हर क्षेत्र में विकास दिख रहा है : सत्यानंद भोक्ता



### समाज में सभी वर्गो को साथ लेकर इंडिया गठबंधन ही चल सकती है

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** श्रम नियोजन प्रशिक्षण कौशल व उद्योग विभाग मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि गरीबों इंडिया गठबंधन की यह सरकार गरीबों की सरकार है। समाज के दलित, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों व वंचित समाज के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रही है। राज्य की यह पहली सरकार है जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास करने के एक मिशन मोड के तहत काम कर रही है। हर क्षेत्र में अब विकास दिख रहा। भाजपा वालों का काम केवल सरकार विरोध करना भर रह गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा आपास में लोगों को लड़ाकर सत्ता पाना चाहती है, लेकिन वह भूल रही है कि यह झारखंड है। जनता सब समझती है। तीन चार माह के बाद विधानसभा चुनाव होने वाला है। सोच समझ कर मतदान करने की जरूरत है। समाज में सभी वर्गो को साथ लेकर इंडिया गठबंधन ही चल सकती है।

### मुख्यमंत्री महिलाओं के विकास के लिए काम कर रहें : दीपिका पांडेय सिंह



मेदिनीनगर कृषि, पशुपालन, सहकारिता विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा कि सरकार विजन के तहत काम कर रही है। मुख्यमंत्री महिलाओं के विकास के लिए काम कर रही है। इससे पूर्व भी मुख्यमंत्री मातृत्व अवकाश की सीमा अब दो माह कर दी है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना भी एक अतिमहत्वकांक्षी योजना कही जा सकती है। सरकार चयनित लाभुकों को खाता में हर माह 15 तारीख तक 1000 रुपये भेज देगी। साल में एक लाभुक को 12 हजार रुपये की आर्थिक मदद मिलेगी। उन्होंने कि सरकार हर क्षेत्र में काम कर रही है। इंडिया गठबंधन की पिछले साढ़े चार सालों में काम करने का का नया कीर्तिमान गढ़ दिया है। विपक्षी भाजपा के पास सरकार को तोड़-फोड़ करने और बदनाम करने के अलावा कोई काम नहीं बच गया है।

### महिलाओं के लिए हेमंत का तोहफा : बेबी देवी



महिला बाल विकास और समाजिक सुरक्षा मंत्री बेबी देवी ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार हर मार्चे पर विकास कर रही है। जनता का आर्शीवाद हेमंत सोरेन के साथ है। सरकार को और मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े चार सालों में समाज के सभी वर्गो के लिए विकास का काम किया गया है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से महिलाओं को आगे बढ़ने में सहयोग मिलेगा। महिलाओं को हेमंत सोरेन की सरकार ने यह तोहफा दिया है। कुछ लोग गुमराह कर रहे हैं कि राजनीति लाभ लेने के लिए यह योजना शुरू किया गया है, लेकिन ऐसी बात नहीं है। यह योजना जब शुरू हो गई है तो अब किसी भी हाल में बंद नहीं होने वाला है। हेमंत सोरेन के हाथों को मजबूत करने की जरूरत है। सरकार के पास अभी और भी काम करने की योजना है।

### महिलाओं को आर्थिक मदद मिलेगी: सचिव



मेदिनीनगर समाज कल्याण महिला बाल विकास विभाग के सचिव मनोज कुमार ने कहा कि योजना को शुरू करने से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कई स्तर पर अधिकारियों से वार्ता कर इसे शुरु किया है। यह योजना महिलाओं के आर्थिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा। योजना सतत चलने वाली है। लाभुकों को किसी के बहकावे में आने की जरूरत नहीं है। जितने लाभुकों का फार्म आंगबनाड़ी सेविकाओं के माध्यम से भरा दिया गया है, उनके खाता में राशि चली जायेगी। योजना से महिलाओं को आर्थिक मदद मिलेगी।

### सरकार की महत्वकांक्षी योजना : उपायुक्त



मेदिनीनगर मुंख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के प्रमंडीलय कार्यक्रम में पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने मंच पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ सभी मंत्रियों, अन्य अतिथियों को पौधा, मोमेंटो देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उपायुक्त ने स्वागत भाषण पढ़ने के अलावा मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 2 लाख 88 हजार 521 लाभुकों के खाता में डीबीटी के माध्यम से राशि भेज दी गई है। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ देने के लिए भी जिला स्तर पर आंगनबाड़ी सेविकाओं के माध्यम से फार्म भरवाने काम किया जा रहा है। यह योजना सरकार की महत्वकांक्षी है। यह योजना हमेशा चलने वाली योजना है। कोई भी लाभुक किसी के बहकावे में नहीं आये। योजना का फार्म निःशुल्क है। किसी से भी पैसा देकर नहीं खरीदे। जिन लाभुकों के खाता में पैसा नहीं पहुंचा है उनके खाता में भी शीघ्र ही राशि पहुंच जायेगी।

## जमुने में वज्रपात से तीन घायल एमएमसीएच में चल रहा इलाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के जमुने गांव की मुकेश प्रजापति उनकी पत्नी श्वेता भारती तथा उनकी मां राजकली कुंवर वज्रपात होने से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक मुकेश अपने घर में खाना खा रहे थे, जबकि उनकी पत्नी बाहर बर्तन धो रही थी। मुकेश के साथ उनकी मां भी बगल में बैठी हुई थी, तभी अचानक वज्रपात हो गया घर से बाहर होने के कारण मुकेश की पत्नी श्वेता को ठनके के गिरने का ज्यादा असर हुआ। वही घर के अंदर बैठे मुकेश एवं उनकी मां भी हल्के प्रभावित हुए। हालांकि दोनों फिलहाल स्वस्थ हैं, परंतु सामने वज्रपात होने की वजह से सहमे हुए हैं। वहीं वज्रपात के आंशिक चपेट में आने के कारण मुकेश की पत्नी श्वेता भारती को चलने- फिरने में कठिनाई हो रही है। ग्रामीण तीनों को लेकर मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचे। जहां मुकेश एवं राजकली कुंवर को प्राथमिक इलाज के बाद छोड़ दिया गया। जबकि श्वेता भारती का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है।

## एक अवैध देसी कट्टा के साथ तीन गिरफ्तार, एक जिंदा कारतूस व बाइक बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** 21 अगस्त को पलामू जिला के वरीय पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली थी कि पांकी थाना अंतर्गत कुछ लोग अवैध हथियार के साथ किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में हैं। सूचना मिलते ही अनुमंडल पदाधिकारी लेस्लीगंज ने पांकी थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया । छापामारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को अवैध हथियार के साथ अवैध देसी कट्टा के साथ हिरासत में ले लिया। गिरफ़्तार आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि 14 अगस्त को शाम के समय पांकी थाना अंतर्गत कारीमाटी घाटी में लूट के प्रयास के दौरान गोलीबारी में योजना बनाने और रेकी की थी। गिरफ्तार आरोपियों में लाल सूरज यादव, रंजन कुमार की इस कांड में अहम भूमिका थी। गिरफ्तार आरोपियों के नाम रंजन कुमार,लाल सूरज यादव और गोल्डन आलम है। इनके पास से एक अवैध देसी कट्टा और आठ एमएम के जिंदा कारतूस के साथ एक अपाची बाइक बरामद किया गया है।

## मुख्यमंत्री के मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम से निराश लौटीं कई महिलाएं



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री के मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम के दौरान कई महिलाओं को कार्यक्रम से बेरंग लौटना पड़ा। महिलाओं महिलाएं अपने-अपने दल के साथ देर से मुख्यमंत्री के आगमन के बाद कार्यक्रम स्थल पर पहुंची थी। जहां उन्हें मुख्य दरवाजे पर वापस आ रही भीड़ में अंदर जाने नहीं दिया। इस कारण सैकड़ो महिलाओं में निराशा देखने को मिली। इस बाबत गढ़वा के पकीराडीह पंचायत की ललिता देवी व सोनी देवी ने बताया कि बस के देरी के कारण वह कार्यक्रम स्थल पर नहीं पहुंच पाइ, जिससे वह निराश हो गई। उनकी हार्दिक इच्छा थी कि मुख्यमंत्री के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वह सम्मिलित हों। वहीं, पलामू जिले के लालगढ़, गुरहा एवं तोलरा पंचायत की महिलाएं भी भारी संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने आई थी, परंतु उन्हें मुख्य दरवाजे से ही वापस लौटना पड़ा। मुख्य दरवाजे से वापस लौट रहे महिलाओं की संख्या ज्यादा होने के कारण पुलिस की एक गाड़ी अंदर नहीं जा सकी, जबकि नगर निगम की गाड़ी भी आधे घंटे तक गेट के दूसरी ओर ही रही।

### मुख्य दरवाजे पर था अफरा-तफरी का माहौल

मुख्य दरवाजे पर अचानक अफरा-तफरी तब मच गई जब अनीता देवी नामक दिव्यांग महिला मुख्य दरवाजे के पास ही लोगों के धक्के से गिर गई; फिर भी कई लोग इसकी अनदेखी कर चलते बने। यहां तक की पुलिस के जवानों ने भी उन्हें नहीं उठाया, तब कुछ युवाओं ने उनका साथ दिया एवं भीड़ से से किनारे लेकर आए। हालांकि दूर- दराज इलाके से आकर महिलाएं 10:00 बजे से ही मुख्यमंत्री का इंतजार कर रही थी जिसके बाद खराब मौसम के कारण कई महिलाएं कार्यक्रम के बीच ही अपने दल के साथ अपने गंतव्य की ओर निकल पड़ीं। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन की ओर से चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। सभी चौक-चौराहों पर पुलिस के जवान मुस्तैद रहे। शहर में बड़ी मालवाहक गाड़ियों को एंट्री नहीं दी गई। ट्रैफिक व्यवस्था को पूरी तरह संभाल कर रखा गया था। गढ़वा के खरौंधी प्रखंड से आई महिला सोमरी देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने महिलाओं को मईया सम्मान योजना द्वारा बड़ा उपहार दिया है। वही पलामू जिले के छतरपुर की रहने वाली सलोनी कुमारी,निधि कुमारी एवं रोशनी कुमारी ने बताया कि वह सभी विद्यार्थी हैं। उन्हें अपने खर्चे के लिए अब दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। हेमंत सोरेन का यह कदम महिलाओं को आर्थिक मजबूती प्रदान करेगा।

## राज्य में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता के लिए जिम्मेवार है सरकार : अभाविप

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा जिला संयोजक नितीश दुबे की अध्यक्षता में प्रेस विज्ञप्ति जारी किया गया विज्ञप्ति के माध्यम से परिषद के कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यों पर सवाल खड़े करते हुए युवाओं को छलने का आरोप लगाया है। दुबे ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन छात्रों को मूलभूत सुविधा देने में भी असमर्थ हैं। सरकार बनने के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सूबे के युवाओं को प्रत्येक वर्ष 5 लाख यूवाओं को नौकरी देने का वादा किया था, परंतु यह एक मात्र लॉलीपॉप साबित हुआ। उक्त अवसर पर उपस्थित परिषद के राष्ट्रीय प्रादेशिक विश्वविद्यालय सह संयोजक विनीत पांडे ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार राज्य में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता एवं गिरती शिक्षा व्यवस्था के लिए जिम्मेवार हैं। कमान संभालने के बाद युवाओं को सिर्फ छलने का कार्य किया जा रहा है। बेरोजगारी भत्ता के नाम पर सिर्फ छात्रों को छलने का कार्य किया गया। राज्य के सभी विश्वविद्यालय में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता एवं सभी विभागों में व्याप्त घूसखोरी एवं जमा खोरी चरम पर हैं। राज्य के अधिकतर विश्वविद्यालय में कुलपति एवं प्रति कुलपति प्रभार के भरोसे चल रहा है। प्राइवेट एजेंसियां छात्रों के पैसे का दोहन कर रही हैं। झारखंड पात्रता परीक्षा के नाम पर छात्रों के पैसों का दोहन किया जा रहा हैं। 5 वर्षों के अंदर जितनी भी परीक्षाएं आयोजित हुई, सभी परीक्षाएं संदेह के घेरे में है। इस अवसर पर मुख्य रूप से विभाग संयोजक अभय वर्मा,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामाशंकर पासवान,राहुल कुमार चेरो,अभिषेक कुमार रवि,नगर मंत्री विपिन यादव,नगर सह मंत्री कौशल मिश्रा, विभाग छात्रा प्रमुख दीक्षा कुमारी,कार्यालय मंत्री उत्कर्ष तिवारी आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### मुख्यमंत्री ने लाभुकों को सौंपा प्रतीकात्मक चिह्न



मेदिनीनगर। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के तहत चयनित लाभुकों के हाथों में जैसे ही योजना की राशि की प्रतीकात्मक चिन्ह सौंपा वैसे ही लाभुकों को चेहरों पर खुशी की चमक दिखी। मुख्यमंत्री मंच पर एक-एक लाभुकों से प्रतीकात्मक चिन्ह सौंपने के बाद महिलाओं से बात भी कर रहे थे। इसके बाद मुख्यमंत्री अपने सभी मंत्रियों में मिथिलेश ठाकुर, बैद्यनाथ राम, सत्यानंद भोक्ता, बेबी देवी, दीपिका पांडेय सिंह, विधायक रामचंद्र सिंह के साथ लाभुक महिलाओं के साथ फोटो सेशन कराया। फोटो सेशन के महिलाओं के आंखों में खुशी की चमक स्पष्ट दिख रहा था।

### महिलाओं ने हाथ उठाकर मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया



**मेदिनीनगर।** कार्यक्रम स्थल पलामू, गढ़वा, लातेहार की महिला लाभुकों की भीड़ काफी अधिक थी। लाभुकों को बैठने के लिए पंडाल में अलग से जगह बनाया गया था। लाभुक महिलाओं के हाथ में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का चित्र बना छोटा बोर्ड हाथों में था। मुख्यमंत्री जैसे ही अपने भाषण में योजना का उल्लेख करते हुए महिलाओं से पूछा कि आप लिए सही काम कर रहा हूं ना। वैसे ही लाभुकों ने बोर्ड हाथों से उठाकर हां की सहमती दी। मुख्यमंत्री अपने भाषण में जितने बार नारी शक्ति की बात कही लाभुकों ने हाथ उठाकर समर्थन किया।

### मुख्यमंत्री ने हाथ हिलाकर अभिवादन किया



**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए मुख्य मंच के बीच एक कॉरिडोर बनाया गया था। मुख्यमंत्री मंच पर पहुंचते सभी को हाथ जोड़ कर व हाथ हिलाकर अभिवांदन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री कॉरिडोर से हाथ हिलाते हुए आखरी छोर तक गए और कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे दोनों तरफ के लाभुकों को हाथ हिलाकर व हाथ जोड़कर अभिवादन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री को नजदीक से देखने व अपने कैमरों में कैद करने के लिए लाभुकों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। मुख्यमंत्री के साथ सभी मंत्री व जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे।

### आजसू नेताओं की गिरफ्तारी लोकतंत्र का गला घोंटना है: सतीश



**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सतीश कुमार प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव बिकेश शुक्ला व बिजय मेहता व कार्यक्रम के नेतृत्वकारी आजसू छात्र संघ के अभिषेक राज, हिमांशु रंजन, विपीन शुक्ला, प्रियांशु राज, आयुष, अंशू व आजसू के नेता राहुल मिश्रा समेत दर्जनों छात्रों को पुलिस ने गिरफ्तार कर टाउन थाना में बंद कर दिया है। कुमार ने कहा कि झारखण्ड सरकार को काला झंडा दिखाने पहुंचे आजसू नेताओं की गिरफ्तारी लोकतंत्र को गला घोंटना है। मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन सत्ता संभालने से आज तक तिकड़म का सहारा लेकर सरकार चला रहे हैं। पूर्व में 'आपकी सरकार, आपके द्वार' की नौटंकी कर चुकने के बाद अब 'मंईयां सम्मान योजना 'का ड्रामा कर रही हैं।आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव इम्तियाज अहमद नजमी, तुलसी शुक्ला, संतन मेहता, बबलू गुप्ता ने आजसू नेताओं की गिरफ्तारी की निन्दा की है।

### शिक्षिका के असामयिक निधन से कॉलेज परिवार स्तब्धः डॉ पांडेय

मेदिनीनगरः जनता शिवरात्रि महाविद्यालय, मेदिनीनगर के इंटरमिडिएट ईकाई की मनोविज्ञान की शिक्षिका श्रीमती आरती सिंह का आकस्मिक निधन मस्तिष्क रक्तस्राव के कारण हो गया। गुरुवार को महाविद्यालय परिसर में शोकसभा का आयोजन किया गया और दो मिनट का मौन रख कर उनको श्रद्धांजलि दी गई और ईश्वर से उनके आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस के पांडेय ने कहा की वह एक कर्तृत्वनिष्ठ एंव मृदुभाषी शिक्षिका थी उनके असामायिक निधन पर पुरा महाविद्यालय परिवार स्तब्ध है और शोकाकुल है। मौके पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे और सभी ने उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की ।

आरती सिंह के रूप में अपूरणीय क्षति : संघ

झारखंड अंगीभूत महाविद्यालय इंटरमीडिएट शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश कुमार पाण्डेय ने इंटरमिडिएट ईकाई की शिक्षिका के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है और इसे संगठन और शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है । श्री पांडेय ने कहा की प्रदेश के सभी शिक्षक -शिक्षकेत्तर कर्मचारी मर्माहत है हम इनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं ।

## सुधार

### एमएमसीएच में शुरू होगी लेप्रोस्कोपिक सर्जरी

# सभी प्रकार की सर्जरी की होगी समुचित व्यवस्था

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह के निदेर्शानुसार अब सभी मेडिकल कॉलेज एवं सदर अस्पतालों में सभी प्रकार की सर्जरी की जाएगी। इसके लिए जिस अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी होगी उन्हें दूर करने हेतु चिकित्सकों को विज्ञापन जारी कर सेवा अनुबंध पर रखा जाएगा। मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भी सभी प्रकार के सर्जरी हेतु विशेषज्ञ डॉक्टर को अनुबंध पर रखा जाएगा। इसके लिए अस्पताल प्रबंधन को सर्जरी के लिए विशेषज्ञ एवं अति विशेषज्ञ चिकित्सकों की सूची तैयार कर विभाग को देना होगा और यदि वह रोज उपलब्ध नहीं हो पाते तो रोस्टर के माध्यम से ओपीडी तथा सर्जरी की व्यवस्था की जाएगी। बताते चलें कि पूर्व में भी सचिव द्वारा कार्य योजना तैयार कर सभी प्रकार की सर्जरी शुरू करने हेतु निर्देश दिया।



### एमएमसीएच में सुविधाओं का है अभाव

मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में पलामू सहित प्रमंडल के लातेहार एवं गढ़वा समेत छत्तीसगढ़ , यूपी और बिहार के भी निकटवर्ती जिलों से लोग अपना इलाज करने आते हैं, परंतु व्यवस्था के नाम पर अब भी खासा सुधार नहीं हो पाया है। यहां कोई मरीज आपातकालीन आपात स्थिति में आता है तो अधिकतर मामलों में उसे रिम्स रेफर कर दिया जाता है। अस्पताल में सिजेरियन डिलीवरी, टूटी हड्डी की सर्जरी जैसी सामान्य सर्जरी तो की जाती है लेकिन लेप्रोस्कोपिक सर्जरी नहीं की जाती है।

### स्वास्थ्य सचिव के निर्देश का किया जाएगा पूरी तरह पालन: आर के रंजन

स्वास्थ्य सचिव द्वारा दिए गए निर्देश का पूरी तरह अनुपालन किया जाएगा। पूर्व से ही कई विशेषज्ञ डॉक्टर को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में रखा जा रहा है। अस्पताल पूरी तरह रोगियों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। जल्द ही आधुनिक विशेषताओं के साथ लैस 500 बेड का मेडिकल अस्पताल बनकर तैयार हो जाएगा। उसके बाद हमें अलग-अलग तरह की सर्जरी एवं सभी प्रकार के रोगों का इलाज करने में और ज्यादा मदद मिलेगी।

## एक नजर

### हाथियों के झुंड ने घर तोड़कर दो क्विंटल गेंहू चट किया

**चिनिया।** चिनिया वन क्षेत्र के चिरका गांव मे सोमवार की रात्रि मे जंगली हाथियों के झुंड ने हुल्लास भुईयां के घर को तोड़ा। वही घर मे रखा गया दो किवंटल गेहूं भी खाकर चट कर गया। वहीं, हुल्लास भुईयां के लगे करीब दो एकड़ भूमि में लगा हुआ मक्का का फसल को खाकर चट कर गया। वहां से निकल कर मुस्तफा अंसारी, बली सिंह के करीब तीन एकड़ भूमि पर लगा हुआ धान का फसल को खाकर नष्ट कर दिया। सुबह होते जंगल की ओर चलता बना। हुल्लास भुइयां ने कहा कि रात्रि मे जंगली हाथियों के झुंड चिरका गांव मे पहुंचकर उनका मिट्टी के घर को तोड़ा। जब हाथियों ने घर को तोड़ने लगा तो सभी परिवार के सदस्यों ने घर के कोने में दुबके रहे। मोबाइल से प्रतिक्रिया लेना चाहा तो वनरक्षी अनिमेष कुमार ने कहा कि वन विभाग के वनरक्षी अपने मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हाथी किस किसान को क्षतिग्रस्त किया मालुम नहीं है।

### बाइक के धक्के से महिला घायल

**गढ़वा ।** एनएच 75 गढ़वा-मुड़ीसेमर मार्ग पर मेराल थाना क्षेत्र के लातदाग गांव के समीप अज्ञात मोटरसाइकिल के धक्के से पानपति देवी, पति कल्लू उरांव गंभीर रूप से घायल हो गई। वह लातदाग गांव की रहनेवाली है। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि पानपति देवी ने अपने घर से निकल कर सड़क पार कर रही थी। इस दौरान मोटरसाइकिल सवार ने उसे धक्का मार दिया। इस घटना में पानपति देवी के सिर एवं बायां पैर में गंभीर चोट लगी है। घटना के बाद घरवालों ने उसे अस्पताल पहुंचाया।

### अज्ञात जंतु के काटने से महिला घायल

**गढ़वा।** पलामू जिले के रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत सिगसिगी गांव निवासी शशिकांत चौधरी की पत्नी आरती कुमारी अज्ञात जंतु के काटने से बीमार हो गई। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि आरती कुमारी अपने घर के बाहर बैठी थी। इस दौरान उसके बायां पैर में अज्ञात विषैला जंतु ने काट लिया। इसके बाद तेज दर्द होने के साथ वह बेहोश हो गई। तब स्वजनों ने आानन फानन में गढ़वा सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। इलाज के बाद उसकी स्थिति में सुधार हो रहा है।

### बोलेरो और बाइक की टक्कर में दो घायल

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के कल्याणपुर स्थित फोर लाइन के पास बोलरो व मोटरसाइकिल के टक्कर में मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों में डंडई थाना क्षेत्र के सोनेहारा गांव निवासी सरदार विश्वकर्मा का पुत्र भीखु विश्वकर्मा एवं ब्रह्मदेव प्रजापति का पुत्र उपेंद्र प्रजापति के नाम शामिल है। दोनों को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में उपेंद्र प्रजापति ने बताया कि गढ़वा से दोनों एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर सोनेहारा जा रहे थे। इसी क्रम में कल्याणपुर गांव स्थित फोर लाइन के पास एक बोलेरो गाड़ी ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहा उसका इलाज किया जा रहा है।

### व्रजपात से महिला घायल

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के अरंगी गांव में व्रजपात की घटना से एक महिला घायल हो गई। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। उक्त घायल महिला मेराल थाना क्षेत्र के अरंगी गांव निवासी राम परीखा मेहता की 45 वर्षीय पत्नी कौशल्या देवी बताया गया। घटना के संबंध में बताया गया कि उक्त महिला बकरी बाँध कर घर आ रही थी। इसी बीच तेज बारिश होने लगे और वज्रपात की चपेट में आने से घायल हो गए।

## 72 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया

# सामूहिक रूप से साइकिल की घंटी बजाकर छात्र -छात्राओं ने जाहिर की खुशी



**◀◀ दूर -दराज से पैदल चलकर स्कूल तक पहुंचने वाली छात्र-छात्राओं को काफी सहूलियत होगी**

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** सदर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलचंपा और मध्य विद्यालय मेढ़ना कला के कक्षा 8 वीं के 72 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया। मध्य विद्यालय बेलचंपा के कक्षा 8 वीं के 16 छात्र और 16 छात्रओं को तथा मध्य विद्यालय मेढ़ना के 18 छात्र और 22 छात्राओं को सरकारी साईकिल दिया गया। नई साइकिलें पाकर स्कूली छात्र- छात्राएं काफी खुश नजर आ रही थी। मौके पर मध्य विद्यालय बेलचंपा के प्रधानाध्यापक श्याम कुमार ने कहा कि सरकार की साइकिल वितरण योजना बहुत ही बेहतर है। दूर - दराज से पैदल चलकर स्कूल तक पहुंचने वाली छात्र-छात्राओं को काफी सहूलियत होगी। समय पर छात्र स्कूल भी पहुंचेंगे। उन्होंने छात्रों को साइकिल का सदुपयोग करने और नियमित रुप से स्कूल आने के लिए प्रेरित किया है। वितरण स्थल मध्य विद्यालय संग्रहे जहां सरकारी व्यवस्था के तहत साइकलों को रखा गया है के प्रधानाध्यापक मोहम्मद मुदस्सर ने छात्र-छात्राओं को शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कहा कि शिक्षित बच्चे ही बेहतर समाज दे सकते हैं। बच्चे निष्ठा के साथ पढ़ाई करें और क्षेत्र के नाम को रोशन करने में सराहनीय भूमिका निभाएं। मौके पर छात्र-छात्राओं ने साइकिल मिलने की खुशी सामूहिक रूप से साइकिल की घंटी बजाकर जाहिर की और झारखंड सरकार का आभार जताया।

### अपने माता-पिता सहित जिले का नाम रोशनः प्रधानाध्यपक

इस दौरान मध्य विद्यालय मेढ़ना कला के प्रधानाध्यापक जितेंद्र चौबे ने कहा कि सरकार द्वारा जो साइकिल दी गई है। उससे गरीब बच्चों के लिए पढ़ाई में जाने-आने में सहूलियत होगी। सभी छात्र-छात्राओं को अच्छे से पढ़ाई कर बेहतर परिणाम के साथ अपने माता-पिता सहित जिले का नाम रोशन करना है। उन्होंने सबों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं बेलचंपा विद्यालय के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कृष्णा चौधरी ने सरकार के प्रयास की सराहना की। बताया कि इससे स्कूली छात्रों को स्कूल पहुंचने में सहूलियत होगी। साइकिल मिलने पर छात्र-छात्राओं के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। उत्साहित छात्राओं का कहना था कि निःशुल्क साइकिल मिलने की उन्हें काफी खुशी है। वे जल्दी स्कूल पहुंच सकेंगी, जिससे उनके समय की बचत होगी। साथ ही पढ़ाई पर उनका फोकस और मजबूत होगा। मौके पर स्कूल के शिक्षक छात्र अभिभावक भी मौजूद थे।

## संविदाकर्मी नियमितीकरण व स्थायीकरण की मांग के लेकर आज से हड़ताल पर



**सरकार एवं विभाग द्वारा केवल आश्वासन दिया जाता रहा है**

नवीन मेल संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत के सभी संविदा कर्मी झारखंड लोकल बॉडीज इम्प्लॉइज फेडरेशन संघ के बैनर तले स्थायीकरण नहीं होने के कारण अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिसको लेकर सभी कर्मियों ने संघ के अध्यक्ष अमित कुमार पाठक, उपाध्यक्ष रामाशीष राम सचिव राकेश कुमार सिन्हा नेतृत्व में हस्ताक्षर युक्त आवेदन कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार को दिया है। जिसमें उल्लेख किया है कि मझिआंव नगर पंचायत कार्यालय में वर्षों से कार्यरत दैनिक,संविदा कर्मियों का नियमितीकरण, स्थायीकरण हेतु चरणबद्ध एवं शांति से झारखंड लोकल बॉडीज एम्पलाइज फेडरेशन के तत्वावधान में आंदोलन करते आ रहे हैं। झारखंड सरकार एवं नगर विकास एवं आवास विभाग को इस विषय में उचित कार्रवाई करने हेतु कई बार पत्राचार तथा शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर सूचना दी जाती रही है, परंतु प्रत्येक बार झारखंड सरकार एवं विभाग द्वारा केवल आश्वासन दिया जाता है। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा भी सरकार को निर्देश दिया गया है कि 10 वर्षों से लगातार कार्यरत दैनिक- संविदा कर्मियों को नियमित किया जाए। इस पर भी सरकार द्वारा किसी प्रकार का निर्णय नहीं लिया गया, जिसको लेकर झारखंड लोकल बॉडीज इम्प्लॉइज फेडरेशन के तत्वावधान में नगर पंचायत मझिआंव के बरसों से कार्यरत दैनिक संविदा कर्मी स्थायीकरण करने की मांग को लेकर 23 अगस्त से अनिश्चितकालीन कलम बंद हड़ताल करने जा रहे है। साथ ही राज्य संघ के पत्र की प्रतिलिपि अनुमंडल पदाधिकारी, जिला उपयोग गढ़वा, सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड सरकार को भी दिया गया है। इस तरह से नगर पंचायत के सभी कार्यालय कर्मी, सफाई कर्मी 23 अगस्त से हड़ताल पर रहेंगे, जिसमें उप सचिव बबलू राम, कोषाध्यक्ष सर्वेश कुमार, सह कोषाध्यक्ष अनूप कुमार तिवारी, संरक्षक सत्येंद्र राम, सह संरक्षक समुद्री देवी, महामंत्री विकास कुमार सिंह, मंत्री राम कुमार उपाध्याय, उप मंत्री मुजाहिद अंसारी, कार्यालय मंत्री दिनेश चौधरी एवं अन्य सभी 45 कर्मी हड़ताल में शामिल हैं।

## जन वितरण प्रणाली की दुकान के निलंबन से मामला हुआ पेचीदा

नवीन मेल संवाददाता

**डंडई।** गांव की सरकार में जनप्रतिनिधि बने एक व्यक्ति की डंडई पंचायत में अलग कहानी बन गई है। बताया जाता है कि चले थे वे व्यवस्था में सुधार करने, लेकिन अभी तक न व्यवस्था में किसी भी तरह का सुधार हो पाया और न ही लोग उस व्यवस्था का लाभ ही ले सके। बीते 8 महीने का समय भाग-दौड़ करने में पूरी तरह बीत गया । इतना ही नहीं उन्हें अपने दो महीने का अधिकार से भी वंचित होना पड़ गया। उसके अलावा वर्ष के अंत तक उन्हें एक महीने का और अपना अधिकार पाने से वंचित होना पड़ सकता है, इससे इनकार नहीं किया जा सकता। कहानी सीधे तौर पर पीडीएस लाभुक और उसके व्यवस्था पर आधारित है। प्रति किलो 100 ग्राम खाद्यान्न की कटौती पर उक्त जनप्रतिनिधि की शिकायत के आलोक में विभागीय पदाधिकारी के द्वारा डंडई गांव के एक जन वितरण प्रणाली की दुकान को निलंबित कर दिया गया । उसके बाद जिस दुकान से लाभुकों को खाद्यान्न मिलना शुरू हुआ । वहां पर भी दुकानदार के द्वारा बेबाक रूप में उनके आहार में प्रति किलो 100 ग्राम खाद्यान्न की कटौती होते रह गई । इसी बीच माह मई का पूरे खाद्यान्न को गबन करने के आरोप में उक्त दुकानदार के ऊपर प्राथमिकी दर्ज हो गई । वहीं, तीसरे जन वितरण दुकान से जब उन्हें खाद्यान्न मिलना शुरू हुआ तो वहां भी उनके आहार में प्रति किलो 100 ग्राम खाद्यान्न की जबरदस्त कटौती हुई। व्यवस्था को लेकर लाभुकों ने खूब हंगामा भी किया, लेकिन उसका असर ना तो उक्त जनप्रतिनिधि पर पड़ा और न ही विभागीय पदाधिकारी पर। लगभग आठ माह पूर्व निलंबित हुए दुकान को माह अगस्त में विभागीय पदाधिकारी के द्वारा निलंबन मुक्त कर दिया गया । उसके बाद निलंबन मुक्त की चिट्ठी लेकर माह अगस्त का जब वे गोदाम पर खाद्यान्न उठाव करने पहुंचते हैं तो उन्हें एसआईओ नहीं बनने की बात कह कर गोदाम प्रबंधक के द्वारा अगस्त माह का बिना खाद्यान्न दिए उन्हें घर वापस भेज दिया जाता है। गौरतलब हो कि व्यवस्था सुधारक की वजह से माह मई और अगस्त का खाद्यान्न पूरी तरह लाभुको के हाथ से निकल गया ।

### विभागीय पदाधिकारियों के कथनी और करनी में अंतर हुआ उजागर

## आवेदन नहीं करने वाले मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों पर नहीं हुई कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

**डंडई ।** सरकारी मान्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन नहीं करने वाले प्रखंड क्षेत्र के मान्यता प्राप्त स्कूलों के खिलाफ तीन माह बाद तक किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं हुई। जबकि जिला शिक्षा अधीक्षक की ओर से मामले को लेकर जारी किए गए चिट्ठी में साफ शब्दों में निर्देश दिया गया था कि निर्धारित समय के अंदर स्वतंत्र निजी विद्यालय और पूर्व से मान्यता प्राप्त विद्यालय के संचालकों के द्वारा अगर ऑनलाइन आवेदन कर उसका हार्ड कॉपी कार्यालय कक्ष में जमा नहीं किया जाता है तो वैसे विद्यालयों के नाम पर आवंटित सभी के यू डायस कोड को बिना दे रखिए रद्द कर दिया जाएगा, लेकिन 3 माह की अवधि बीत जाने के बाद भी मामले पर विभाग की ओर से अब तक किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की गई ।

### मात्र चार निजी विद्यालयों ने हार्ड कॉपी जमा कराया

मामले में विभागीय पदाधिकारी की कथनी और करनी में साफ तौर पर अंतर देखा जाने लगा है। अगर कार्रवाई की गई होती तो प्रखंड क्षेत्र में संचालित हो रहे मान्यता प्राप्त स्कूलों की दीवार से सरकारी मान्यता का लिखा हुआ फ्लेक्स बोर्ड अब तक जरूर उतर गया होता । प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला शिक्षा अधीक्षक की ओर से मान्यता प्राप्त को लेकर जारी की गई चिट्ठी के आलोक में जिले भर में मात्र चार निजी विद्यालयों के द्वारा ही ऑनलाइन आवेदन कर उसका हार्ड कॉपी उनके कार्यालय कक्ष में जमा करने का काम किया गया है । उक्त विद्यालयों में प्रखंड क्षेत्र में संचालित एक भी मान्यता प्राप्त स्कूलों का नाम शामिल नहीं है।

### 20 दिनों का अतिरिक्त समय दिया गया था

विदित हो की पत्रांक 368 दिनांक 2/5 /2024 के माध्यम जारी जिला शिक्षा अधीक्षक की पहली चिट्ठी के आलोक में स्वतंत्र निजी विद्यालय के साथ-साथ मान्यता प्राप्त विद्यालय के संचालकों को भी ऑनलाइन आवेदन कर उसका हार्ड कॉपी उनके कार्यालय में जमा करने के लिए एक महीने का समय दिया गया था । बावजूद उक्त अवधि के बीच अधिकांश विद्यालय संचालकों के द्वारा ऑनलाइन आवेदन नहीं करने का काम किया गया । उसके बाद दूसरी बार उन्हें अवसर देते हुए 2952024 को दूसरी चिट्ठी जारी कर ऑनलाइन आवेदन कर हार्ड कॉपी जमा करने के लिए 20 दिनों का अतिरिक्त समय जिला शिक्षा अधीक्षक के द्वारा दिया गया । बावजूद इस बार भी उक्त विद्यालय के संचालकों के द्वारा न तो ऑनलाइन आवेदन किया गया और न हीं उसका हार्ड कॉपी ही जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय में जमा करने का काम किया गया ।

### जिला यक्ष्मा केंद्र के सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**गढ़वा ।** जिला भीबीडी विभाग की ओर से राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला यक्ष्मा केंद्र के सभागार में बुधवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़वा, मझिआंव, रंका एवं भड़रिया के एमपीडब्ल्यू को मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया एवं जापानीज इंसेफेलाइटिस रोगों के कारण, लक्षण, रोकथाम एवं नियंत्रण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर बतौर प्रशिक्षक जिला भीबीडी पदाधिकारी डा. पुष्पा सहगल एवं भीबीडी कंसल्टेंट अरविंद कुमार द्विवेदी उपस्थित थे। प्रशिक्षकों ने कहा कि मानसून के पश्चात वेक्टर जनित रोगों के संक्रमण बढ़ने का खतरा रहता है।

### बसपा ने बदलाव यात्रा निकाल फूंका चुनावी बिगुल

## गढ़वा को अब तक विकास के नाम पर सिर्फ लूटा गया है : अजय

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान मे गुरुवार को रामासाहू के मैदान से बदलाव यात्रा निकाली गई। बहुजन समाज पार्टी के समर्थित प्रत्याशी सह गढ़वा विधानसभा प्रभारी अजय कुमार चौधरी उर्फ अजय मेटल ने 22 अगस्त को चुनावी बिगुल फूंक दिया है। अजय कुमार चौधरी उर्फ अजय मेटल ने सर्व प्रथम मां गढ़देवी मंदिर पहुंच कर विधिवत पूजा अर्चना की। वे हजारों समर्थकों के साथ रामासाहू मैदान पहुंचे। जहां सभा की अध्यक्षता गढ़वा ज़िला अध्यक्ष बसपा प्रमोद कुमार ने की। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता भी उपस्थित थे। मौके पर अजय मेटल ने सभी कार्यकर्ता तथा जनता को



अभिवादन किया। उन्होंने गढ़वा के वर्तमान विधायक सह पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर पर हमला करते हुए कहा कि गढ़वा को अब तक विकास के नाम पर सिर्फ लूटा गया है। उन्होंने कहा कि वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा। वहीं प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने संबोधित करते हुए कहा कि पहले राजा का बेटा ही राजा बनता था। यानी रानी के गर्भ से राजा पैदा होते थे, लेकिन हमारे बाबा साहेब आंबेडकर जी ने संबिधान के द्वारा वोट देकर एक अधिकार दिया है। जनसभा के साथ रंका मोड़ स्थित बाबा साहेब तथा कपूरी ठाकुर को माल्यार्पण करते हुए विधानसभा भवन होकर मेराल हाई स्कूल परिसर मे संपन्न किया गया। यात्रा में बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, जिला अध्यक्ष प्रमोद राम, पूर्व जिला अध्यक्ष बसपा सुनील कुमार गौतम, विधनसभा अध्यक्ष शिवशंकर मेहता, ज्ञानी राम, जिला प्रभारी नंदा पासवान, विधान सभा अध्यक्ष ज्ञानी राम, बसपा नेता नथुनी राम जिला उपाध्यक्ष श्यामलाल मल्लाह, विनोद कुमार, संजय राम, बबलू चौधरी, मोहमद शैख, प्रदेष महासचीव सुनीता देवी, विमल देवी, ललन चौधरी ,धर्मेन्द्र ठाकुर, रंजीत कुमार, सुबोध, सुबोध, सोबराती, साकिर, बिंदेश्वर, विश्वनाथ राम, कौशल्या देवी, सुशीला देवी, रमनी देवी, दुलारी देवी, सूर्यदेव चौधरी, मनोज राम,पंकज कुमार, अनिल राम, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### दंड के रूप में मरीजों के बीच किया फल का वितरण

**गढ़वा।** सदर अस्पताल मे गुरुवार को मोहित कश्यप तथा अमन कुमार गुप्ता के नेतृत्व में सदर अस्पताल में इलाजरत मरीज के बीच फल ब्रेड का वितरण किया गया। इस अवसर पर अमन कुमार गुप्ता ने बताया कि गढ़वा शहर के मझिआँव मोड़ निवासी अर्जुन यादव के द्वारा गर्भवती गाय को लावारिस छोड़ दिया गया था। बुधवार की सुबह 6 बजे में रोड में एक बछड़े को जन्म दिया। इसके बाद मोहित कश्यप अमन कुमार गुप्ता एवं उसके दोस्तों ने मिलकर उसे गाय की सेवा की। अर्जुन यादव ने अपने गाय को लेने के लिए उसके घर रॉकी मोहल्ला पहुंचा तो उक्त लोगों ने उसे दंड के रूप में गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच फल वितरण करने के लिए कहा। गाय के मालिक इस बात से सहमत होने के बाद उक्त लोगों ने सदर अस्पताल में मरीजों के बीच फल वितरण किया। इस मौके पर उक्त लोगों के अलावे डॉक्टर पीयूष प्रमोद गाय मालिक अर्जुन यादव उसकी पत्नी लीलावती देवी, संतोष कुमार सिंह, धनंजय यादव, कंचन कश्यप, शोभा कश्यप, प्रतिमा कश्यप, गुंजा कश्यप, सरस्वती कश्यप, बीना देवी, सोमनाथ सोनी, मनोज केसरी आदि लोग शामिल थे।

### बारिश ने पिछले 10 वर्षों का तोड़ा रिकॉर्ड, दानरो नदी में आई बाढ़

डंडाई । गुरुवार को हुई मूसलाधार बारिश ने प्रखंड क्षेत्र में अब तक हुए सभी बारिश का रिकॉर्ड तोड़ दिया। बारिश से जहां छोटी बड़ी नदियां उफान मारने लगी वहीं अधिकांश नाले भी पूरी तरह पानी से लबालब भर गया ।उसके अलावा बारिश की पानी से कई सड़क भी क्षतिग्रस्त हो गई । लगभग 2 घंटे तक हुई बारिश से डंडई का दानरो नदी बाढ़ से उफान मारने लगी । नदी में पहली बार आई बाढ़ को देखने के लिए ग्रामीण उमड़ पड़े । ।ग्रामीणों ने बताया कि इस वर्ष ही नहीं पिछले 10 वर्षों की बीच आज के जैसी कभी भी बारिश नहीं हुई है कि इस नदी में बाढ़ आ जाए । उन्होंने कहा कि इस वर्ष के गुरुवार के दिन हुई मूसलाधार बारिश से नदी में बाढ़ आ गयी । पानी बढ़ कर 4 फीट की ऊंचाई पर बना पीसीसी सड़क के बराबर हो गया । पानी कई ग्रामीणों के घर में घुस गया। मुखिया धनवंती देवी ने बताया कि आज की बारिश पूरे वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। बारिश के कारण कई जगह की सड़क के क्षतिग्रस्त हो गई है । उन्होंने कहा कि पंचायत के डंडाई गांव स्थित अनिल प्रसाद निजू के घर के पास का पीसीसी सड़क को क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिली है । उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के हित में सड़क को बनाने का प्रयास किया जाएगा।

### वर्षो से लबिंत प्रबंधन समिति का हुआ चयन, बारह सदस्यों का चुनाव किया गया

**रमना।** राज्यकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग-2 में गत वर्षो से लंबित विद्यालय प्रबंधन समिति का चयन बुधवार को सर्वसम्मति से चयन पर्यवेक्षक शिव कुमार सिंह उत्क्रमित हाई स्कूल भगोडीह,धर्मेंद्र कुमार उत्क्रमित हाई स्कूल टंडवा, मुखिया अनीता देवी पंचायत समिति सदस्य सूर्यदेव राम,वार्ड सदस्य प्रदीप कुमार और ग्रामीणों की उपस्थिति में नियम संगत और शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया। पर्यवेक्षक धर्मेन्द्र कुमार ने ग्रामीणों को चुनाव प्रक्रिया का नियम सुनाया जिसमें ओबीसी से छह सदस्य एससी से चार एक अल्पसंख्यक और एक दिव्यांग वर्ग से विद्यालय में नामांकित बच्चों के उपस्थित अविभावकों के द्वारा कुल बारह सदस्यों का चयन किया गया। इसके तहत बिनोद विश्वकर्मा, आशुतोष कुमार पासवान, मुकेश कुमार, उमेश चंद्रवंशी, चंदेल पासवान, मीरा देवी, पुष्पा कुंवर , कंचन गुप्ता , ललिता देवी, लीलावती देवी और खुर्शीद हाशमी का चयन किया गया। सभी सदस्यो नें मिलकर आशुतोष कुमार पासवान को अध्यक्ष, कंचन देवी को उपाध्यक्ष दुर्गा देवी को संयोजिका चुना। चयन प्रक्रिया में मुखिया अनीता देवी, पंसस और वार्ड सदस्य प्रदीप कुमार नें शांति व्यवस्था, नियम संगत चयन में महत्पूर्ण भूमिका निभायी।

### आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रंका।** पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में गुरुवार को रंका थाना कांड संख्या- 83/21 के अभियुक्त बुद्धि नारायण यादव को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त बुद्धि नारायण यादव, पिता सरजू यादव, निवासी अनहर, थाना रंका, जिला गढ़वा को न्यायालय में पेश करने के बाद मंडल कारा गढ़वा भेज दिया गया। यह मामला मार्च 2021 का है, जब पांच अपराधियों ने ग्राम अनहर और बाहुकुदर को जोड़ने वाली सड़क के पास 10 लाख रुपये नगद, 5 लाख का चेक, और मोबाइल की लूट की थी। इस घटना के संबंध में रंका थाना में कांड संख्या- 83/21 के तहत धारा 395/397 भा.द.वि. के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस की लगातार छानबीन और अभियानों के परिणामस्वरूप अभियुक्त बुद्धि नारायण यादव की गिरफ्तारी संभव हो सकी है। अन्य अपराधियों की तलाश जारी है, और पुलिस इस कांड में संलिप्त अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### सरस्वती विद्या मंदिर में बच्चों को बैंक खाता खोलने की जानकारी दी गई

**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा पुरैनी द्वारा कक्षा दशम और नवम के भैया-बहनों के बीच सुलभ रूप से बैंक खाता खोलने एवं बैंकिंग प्रणाली की जानकारी दी गई। बैंक के असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर अंबर कुमार मंडल ने बच्चों को बताया कि आप सभी को बैंक खाते की जरूरत है, इसे खोलने के लिये आधार कार्ड, 3 फोटो और मोबाइल नंबर के साथ फॉर्म भरकर आसानी से खाता खोला जाएगा। आप सभी विद्यालय में ही फॉर्म जमा करेंगे। आप सभी बच्चों के लिये सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा पुरैनी सदैव तत्पर है। किसी भी बैंकिंग समस्या के लिए आप बेहिचक सम्पर्क कर सकते हैं। असिस्टेंट मैनेजर के साथ बैंकिंग कार्रस्पोंडेंस सुचित सिन्हा भी थे। प्रभारी प्रधानाचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव ने अथितियों का परिचय कराया। इस कार्यक्रम में आचार्य कौशलेंद्र झा, सुजीत कुमार दुबे, अविनाश कुमार, दिनेश कुमार, कृष्ण मुरारी और प्रदीप कुमार गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### अलग-अलग घटनाओं में एक महिला सहित दो की मौत

**गढ़वा।** अलग-अलग दो घटना में महिला सहित दो लोगों की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। मृतकों में गढ़वा थाना क्षेत्र के टेढ़ी हरैया गांव निवासी आमना बीबी (62 वर्ष) व पलामू जिला के हैदर नगर थाना क्षेत्र के परसा गांव निवासी अनिरुद्ध पांडेय (65 वर्ष) के नाम शामिल हैं। पहली घटना गढ़वा थाना क्षेत्र के टेढ़ी हरैया गांव की है। इस गांव के अमुरैल हुसैन की पत्नी आमना बीबी को बुधवार को गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। बताया गया कि उसने जहरीला पदार्थ खा लिया है। इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलने पर गढ़वा थाना पुलिस ने सदर अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए ले गई। लेकिन मृतका के स्वजनों ने यह कह कर पोस्टमार्टम नहीं कराने पर अड़ गए कि आमना बीबी की मौत बीमारी के कारण हुई है, लेकिन पुलिस ने पूरे मामले की छानबीन की। संदेहास्पद परिस्थितियों में उसकी मौत होने के कारण शव का पोस्टमार्टम कराकर मृतका के परिजनो को सौंप दिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। **वहीं,** दूसरी घटना में पलामू जिला के हैदर नगर थाना क्षेत्र के परसा गांव निवासी अनिरूद्ध पांडे 65 वर्ष की मौत बुधवार की देर शाम संदिग्ध अवस्था में हो गई। घटना के संबंध में बताया गया कि पिछले कुछ दिनों से वह बीमार था। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा था, लेकिन वह अस्पताल से कब निकल कर शहर के रंका मोड़ स्थिति गैरेज के पास एक गुमटी में आकर सोया । इसकी जानकारी किसी को नहीं है। बुधवार की देर राहगीर ने उसे एक गुमटी में उसके ऊपर कुछ कुत्ते मंडरा रहे थे। इसके बाद लोगों ने इसकी सूचना सदर थाना को दी।

## एक नजर

### अवैध रूप से गांजा की खेती करने वाले को पुलिस ने भेजा जेल

**प्रतापपुर (चतरा)।** अवैध रूप से गांजा की खेती करने के आरोपी प्रतापपुर थाना क्षेत्र के ननई गांव निवासी राजू साव को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया कि प्रतापपुर थाना क्षेत्र के ननई गांव निवासी रामवृक्ष साव का पुत्र राजू साव अपने खेत में गंजा की खेती किए जाने को लेकर एनडीपीएस एक्ट में फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर अरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### फरार दो अभियुक्त गिरफ्तार

**मयूरहंड (चतरा)।** मायूरहंड पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के फरार दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। एनडीपीएस एक्ट के एक अभियुक्त को नाटकीय ढंग से मयूरहंड पुलिस ने गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार फरार एक अभियुक्त राजेंद्र दांगी तथा दूसरा अभियुक्त राजेश दांगी को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी अमित कुमार ने कड़ी सुरक्षा के बीच चतरा न्यायालय में पेश किया।

### डीएवी में विश्व संस्कृत सप्ताह समारोह का समापन

**टंडवा (चतरा)।** एनटीपीसी द्वारा टंडवा में स्थापित डीएवी विद्यालय में गुरुवार को विश्व संस्कृत सप्ताह समारोह का समापन हो गया। वहीं 16 से 22 अगस्त के बीच संस्कृत व संस्कृति के संदर्भ में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये थे। वहीं समापन के मौके पर विद्यार्थियों से वैदिक मंत्रोच्चार पूर्वक देवार्चन व विश्व कल्याण हेतु हवण कार्य आचार्य अभय त्रिपाठी ने संपन्न कराये। साथ हीं, मौजूद लोगों द्वारा संस्कृत भाषा प्रश्नोत्तरी, नाट्य प्रस्तुति व प्रवचन कार्यक्रम की मुक्तकंठ प्रशंसा की गई। वरिष्ठ अध्यापक वीरेंद्र कुमार पांडेय ने संस्कृत के इतिहास पर तथ्यात्मक व्याख्यान दिये। संगीत शिक्षक रजनीकांत पाठक ने बच्चों के साथ मनमोहक भजनों प्रस्तुति से लोग भक्ति में सराबोर रहे। प्राचार्य राजेश्वर सिंह ने संस्कृत भाषा के वर्तमान स्थिति पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मानव से मानवता का बोध कराने वाली सर्वाधिक प्राचीन भाषा संस्कृत है।

### झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ने की जिले के अधिकारियों संग बैठक, कहा

# लंबित व पूर्व की योजनाओं को जल्द कराएं पूर्ण



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) शमशेर आलम गुरुवार को चतरा परिसदन भवन पहुंचे। श्री आलम के आगमन पर उपायुक्त रमेश घोलप ने पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके पश्चात जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन कर अल्पसंख्यक से संबंधित समस्याओं को सुना। वहीं समाहरणालय सभा कक्ष में उपाध्यक्ष श्री आलम की अध्यक्षता में अल्पसंख्यकों के विकास के लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विन्दुवार समीक्षा की गई। जिसमें मुख्यतः मुख्यमंत्री रोजगार श्रृजन योजना, कब्रिस्तान घेराबंदी, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, अल्पसंख्यकों के लिए छात्रावास, विद्यालय, मदरसा, उर्दू शिक्षकों की बहाली, स्वास्थ्य केन्द्र समेत अन्य की विस्तृत जानकारी ली गई। साथ ही बताया गया कि चतरा जिले में दो मदरसा है जिसमें शिक्षकों की स्वीकृत बल 12 है जिसमें 01 कार्यरत है 11 रिक्त है। कार्यरत शिक्षक को माह जुलाई 2024 तक का वेतन भुगतान किया जा चुका है। जिला कल्याण पदाधिकारी अल्का कुमारी ने बताया कि वर्ष 2022-23 में कुल 6 लाभुकों को मुख्यमंत्री रोजगार श्रृजन योजना से लाभान्वित किया गया है। उन्होने 2023-24 एवं 2024-25 के प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की जानकारी ली। इसी प्रकार साइकिल वितरण योजना, छात्रवृति वितरण योजना, अल्पसंख्या कब्रिस्तान घेराबंदी, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना का समीक्षा कर कहा जो भी पूर्व की योजनाएं लंबित या प्रगति पर है उसे शत प्रतिशत जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में स्वास्थ्य केन्द्र नहीं होने के स्थिति में सिविल सर्जन से कहा कि स्वास्थ्य केन्द्र के लिए नियमसंगत कार्रवाई करते हुए व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। बैठक में उपायुक्त के अलावे उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, सिविल सर्जन दिनेश प्रसाद, एसडीओ चतरा सुरेन्द्र उरांव, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी शकिल अहमद, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने ऑनलाइन जिला व प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ की बैठक

## मुख्यमंत्री के प्रमण्डल स्तरीय कार्यक्रम को लेकर जिला स्तर की तैयारियों की ली जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** मुख्यमंत्री झारखण्ड सरकार हेमन्त सोरेन के उतरी छोटानागपुर प्रमण्डल हजारीबाग में 24 अगस्त को प्रमण्डल स्तरीय निर्धारित कार्यक्रम को लेकर जिला स्तर पर की गई आवश्यक तैयारियों हेतु उपायुक्त रमेश घोलप ने जिला स्तर के पदाधिकारी, प्रखण्ड स्तर के पदाधिकारी के साथ ऑनलाइन माध्यम से बैठक किया। बैठक में सर्वप्रथम झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध किए गए कार्यों के प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की गई। उन्होने कहा प्रमण्डल स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के अनुसार लक्ष्य के अनुरूप आवश्यक तैयारी कर लें, इसमे किसी भी प्रकार की कोताही न हो। जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट मद से ली जाने वाली विकास योजनाओं के लिए ग्राम सभा से संबंधित सभी कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जिससे ग्राम सभा से पारित योजनाओं को जिला स्तर पर पारित किया जा सके। उपायुक्त ने कहा बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 (खरिफ) के अंतगर्त ऋणी/गैर ऋणी कृषकों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2024 तक निर्धारित है, बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ मौसम वर्ष 2024-25 के लिए अगहनी धान एवं भदई मकई को अधिसूचित किया गया है। उक्त फसलों का बीमित राशि क्रमशः 60500 एवं 46000 रू0 प्रति हेक्टेयर है। फसल बीमा कराने हेतु गैर ऋणी कृषकों द्वारा टोकन देय राशि 1(एक रूपया) मात्र है। गैर ऋणी कृषकों के लिए बीमा कराने हेतु निम्न दस्तावेज यथा आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राजस्व पदाधिकारी द्वारा निर्गत भूमि प्रमाण पत्र/नवीनत रसीद, मुखिया/ग्राम पंचायत प्रधान द्वारा अभिप्रमाणित वंशावली, बटाईदार द्वारा पट्टा/बटाई संबंधी प्रमाण पत्र (नोटराईज्ड शपथ पत्र), मोबाईल संख्या, स्वस्त्यापित फसल बुआई प्रमाण पत्र। सभी अंचल अधिकारी व प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अधीनस्थ राज्सव उप निरीक्षक/ अंचल निरीक्षक/ बीटीएम/एटीएम, कृषक मित्रों, ग्राम पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, जनसेवकों के माध्यम से अपने अपने अंचल अंतर्गत गैर ऋणी कृषकों का प्रज्ञा केन्द्रों में निर्धारित तिथि के अंदर नामांकन कराना सुनिश्चित करें। साथ ही अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा व सिमरिया को निर्देशित किया गया कि अपने अपने अनुमण्डल क्षेत्र अंतर्गत अंचलों को गैर ऋणी कृषकों का प्रज्ञा केन्द्रों में नामांकन का प्रतिदिन समीक्षा करें एवं प्रत्येक दिन का प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं।

### कुएं में डूबने से महिला की मौत

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित हेरहंज गांव के पुरनी हेरहंज टोला में एक महिला गुबली मसोमात (38) पत्ति स्व. खेलावन भुईंया की बीते दिन पानी भरने के दौरान कुएं में गिरने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार उक्त महिला को पूर्व से हीं मिर्गी का बीमारी था। पत्ति की दो वर्ष पूर्व हीं मौत हो चुकी है। उक्त महिला अपने पिता शंकर भुंइया के साथ रहती थी। उस महिला के कोई वंश नहीं था। वह मजदूरी कर अपना व अपने वृद्ध पिता का पालन पोषण कर रही थी। ग्रामीणों के द्वारा घटना की सूचना थाना प्रभारी विक्रम कुमार को दी गई, सूचना मिलते हीं एसआई अशोक सिंह अपने दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। रात में हीं ग्रामीणों की मदद से शव की तलाश की गई। परन्तु शव का कोई पता नहीं चला, वहीं सुबह से हीं पुलिस प्रशासन घटना स्थल पहुंची और 22 अगस्त को सुबह लगभग आठ बजे शव को निकाला गया। पुलिस प्रशासन शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए लातेहार भेज दिया। उधर वृद्ध पिता व परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

### चंदवा के सैकड़ों लोग भाग लेंगे युवा आक्रोश रैली में

**चंदवा।** रांची में शुक्रवार 23 अगस्त को आहूत युवा आक्रोश रैली को लेकर भाजपाइयों के द्वारा तैयारी पूरी कर ली गयी है। रैली की तैयारी में युवा मोर्चा के साथ-साथ भाजपा मंडल कमेटी भी पूरी तरह से सक्रिय भूमिका निभा रही है। जानकारी देते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता व भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विनय रिकी वर्मा ने बताया कि रांची में होने वाली युवा आक्रोश रैली ऐतिहासिक होने वाली है। रैली में भाजयुमो कार्यकर्ताओं के साथ-साथ चंदवा मंडल अंतर्गत सभी 97 बूथों से भाजपा कार्यकर्ता, सभी मंच मोर्चा के पदाधिकारी व वर्तमान राज्य सरकार की नीतियों ने त्रस्त युवा वर्ग शामिल होंगे। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान राज्य सरकार की गलत नीतियों के कारण राज्य के युवा अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। राज्य के युवा समझ चुके हैं कि चुनाव के समय गठबंधन सरकार ने युवाओं के लिए जो वायदे किये थे वह छलावा साबित हुआ है। जिसका जवाब आने वाले चुनाव में युवा देंगे।

### पीएमश्री कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं को किया गया सम्मानित

**लातेहार।** दिल्ली से लातेहार लौटने के बाद पीएमश्री कस्तूरबा विद्यालय, मनिका की छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार व समग्र शिक्षा अभियान के एडीपीओ अनूप माइकल केरकेट्टा ने छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। बता दें कि पीएमश्री कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मनिका की पांच छात्राएं रक्षा बंधन के अवसर पर दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को राखियां बांधने के लिए चयनित की गयी थी। छात्रायें विद्यालय की शिक्षिका गीता कुमारी के संरक्षण में दिल्ली गयी थी। छात्राएं रक्षा बंधन के अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति को राखियां बांधी और उन्हें झारखंड के सोहराय कला से संबंधित पेंटिंग सौंपी थी। जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री कुमार ने छात्राओं को शुभकामनाएं दी और छात्राओं से उनके अनुभव जाना। उन्होंने छात्राओं को इस सुनहने पल को हमेशा याद कर आगे बढ़ने की सलाह दिया। मौके पर प्रभाग प्रभारी सह एपीओ रोज मिंज व विद्यालय के लेखापाल उमेश मौजूद थे।

### ग्रामीण बैंक ने लाभुक को किया पीएम जीवन ज्योति बीमा की राशि का भुगतान

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत पांडेय पुरा के घोड़दौर गांव निवासी चंदू भारती के लिए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना बड़ी सहारा बनी है। इनके पूत्र स्वर्गीय उपनेंद्र कुमार भारती ने पाण्डेयपुरा ग्रामीण बैंक से 436 रुपये का वार्षिक बीमा कराया था। जिसके तहत गुरुवार को बीमा क्लेम का चेक प्रदान झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के रीजनल मैनेजर एमसी पॉल, वरिष्ट अधिकारी डीके सिंह, शिखर कुलश्रेष्ठ एवं पाण्डेयपुरा शाखा प्रबंधक आकाश सोनी ने स्वर्गीय उपनेंद्र कुमार के पिता चंदू भारती नॉमनी को दो लाख का चेक दिया। वहीं शाखा प्रबंधक ने कहा कि किसी नुकसान की भरपाई के लिए बीमा कराना कितना जरूरी है। यह नुकसान होने पर राहत पाने वाले परिवार ही जान सकता है। चंदू भारती के लिए भी बीमा क्लेम से बड़ी राहत मिली है। उन्होंने बताया कि लगभग एक वर्ष पहले ग्रामीण बैंक से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत 436 रुपये से अपना वार्षिक बीमा कराया था। उसके कुछ महीने बाद मौत हो गई थीं। मौके पर बैंक कर्मचारी आदित्या अग्रवाल, मन्नु कुमार, बीरेंद्र प्रसाद, बैंक सखी सुनीता देवी मौजुद थे।

## न्यूज बॉक्स

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय जबरा में अध्यक्ष चुनाव को लेकर प्रधानाध्यापक पर लगाया पक्षपात का आरोप

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय जबरा में अध्यक्ष चुनाव में प्रधानाध्यापक ब्रजेश कुमार सिंह द्वारा पक्षपाती कर चुनाव कराने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया है। ग्रामीण सरजू प्रजापति, रंजीत गंझु, धन्यजय गंझु, लगन गंझु, धानेश्वर गंझु, सुगदेव गंझु, रामा गंझु, बीरबल प्रजापति, अखिलेश प्रजापति, राकेश प्रजापति, गुलाबी गांझु, अजय गंझु, सुरेश उरांव, राजेश उरांव सहित अन्य कई ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक ब्रजेश कुमार सिंह ने पक्षपाती करते हुए गांव के व्यक्ति की अध्यक्षता में पहले ग्रामीणों से हस्ताक्षर करवाए। इसके बाद बंद कमरे में मनमानी तरीके से रविंद्र सिंह को अध्यक्ष बना दिया गया। जिसका ग्रामीणों ने घोर विरोध करते हुए उपायुक्त से निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की है। साथ ही ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि अध्यक्ष चुनाव के बैठक के पूर्व ही प्रधानाध्यापक द्वारा सभी सदस्य का नाम लिख दिया गया था। मात्र अध्यक्ष सचिव और कोषाध्यक्ष का कॉलम खाली रखकर अपने मन पसंद से अध्यक्ष को चुनाव किया है। जबकि सर्वसम्मती से सहमति लेनी चाहिए। दिखावा करने और फोटो लेने के लिए ग्रामीणों को बुलाकर बंद कमरे में अध्यक्ष का नाम चुनाव कर दिया गया। ग्रामीणों ने चुनाव को रद करते हुए वरिये शिक्षा अधिकारी व उपायुक्त से निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की है। उक्त सम्बन्ध में प्रधानाध्यापक ब्रजेश सिंह से बात किए जाने पर बताया कि जिनका बच्चा विद्यालय में पढ़ता है उसी को अध्यक्ष सचिव चयन किया जाता है। चुनाव नियमित किया गया है। इस चुनाव से ग्रामीण असहमत है तो दुबारा तिथि निकाल कर चुनाव कराया जायेगा।

### योग से समस्त भारत को निरोग बनाया जा सकता है : रामजीवन पांडे

**लातेहार।** पतंजलि स्वाभिमान न्यास की बैठक माको डाक बंगला में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रभारी रणविजय नाथ शाहदेव ने किया। मुख अतिथि के रूप में झारखंड प्रभारी राम जीवन पांडे उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से पतंजलि का मुख्य उद्देश्य को कार्य करना है। जगह-जगह योग शिविर लगाना। खान-पान में शुद्धता का प्रचार करना। सहित कई राष्ट्रीय कार्य करने का उद्देश्य से बना हुआ है। उन्होंने कहा कि पतंजलि योग से समस्त भारत को निरोग बनाया जा सकता है। बैठक में जिला कमेटी का पुनर्गठन किया गया। संरक्षक के रूप में रणविजय नाथ शाहदेव, जिला प्रभारी जितेंद्र सिंह सहित कई लोग को शामिल किया गया। इस बैठक में त्रिभुवन पांडे, राम हरि प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, रामावतार चौधरी, घनश्याम योगी, संतोष गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

### राजकुमार बिरहोर का नहीं हो रहा आवास की राशि का भुगतान, ढलाई कार्य बाधित

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के जपुआ टोला के राजकुमार बिरहोर की पत्नी संगीता बिरहोरिन का बिरसा आवास बन कर तैयार है। परंतु राशि की भुगतान नहीं होने के कारण आवास की ढलाई नहीं हो पा रही है। वैसे में बिरहोर परिवार को बारिश के दिनों में रहने में काफी दिक्कत हो रहा है। बताया जाता है कि संगीता बिरहोरिन को बिरसा आवास योजना के तहत आवास मिला है। बिरहोर परिवार द्वारा आवास निर्माण काफी तेजी गति से किया गया। आवास लगभग बन कर तैयार है। परंतु राशि की भुगतान नहीं हो पा रही है। जिससे आवास अधूरा है। राशि भुगतान को लेकर बिरहोर परिवार द्वारा प्रखंड कार्यालय का कई बार चक्कर लगाया। परंतु अब तक राशि की भुगतान नहीं हो पाई है।

### बनवासी कल्याण केंद्र के बैठक में विभिन्न सेवा कार्य पर चर्चा

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय स्थित वनवासी कल्याण केंद्र के कार्यालय में गुरुवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक अखिल भारतीय जनजाति संपर्क प्रमुख मनी रामपाल की उपस्थिति में जनजाति संपर्क को लेकर आयोजित की गई। बैठक में कल्याण आश्रम के सेवा कार्य के प्रकल्प पर चर्चा करते हुए बताया गया कि संगठन के सेवा श्रेणी, जागरण श्रेणी एवं संगठन श्रेणी के द्वारा कुल 14 प्रकार के आयाम चलता है। वर्तमान में भारत में 705 जनजाति हैं, जिसमें 600 जनजाति में सेवा प्रकल्प चल रहा है। जनजाति सुरक्षा मंच के द्वारा दिल्ली में नवंबर-दिसंबर में दिल्ली चलो अभियान पर चर्चा करते हुए जो लोग जनजाति धर्म बदलकर दूसरे धर्म में चले गए, उनको जनजाति से बाहर करने हेतु पोस्टकार्ड लिखकर प्रधानमंत्री के नाम से पूरे जिले से पत्र भेजने की बात कही गई। बैठक में संगठन के प्रांत जनजाति संपर्क प्रमुख तुलसी महतो, चंद्रशेखर मुंडा, ऋषु मुंडा, बिरसा उरांव, अंबिका सिंह भोक्ता, जिला सचिव सुरेश पाठक, नंददेव यादव, फूल कुमारी, अमरेश भारती, करिश्मा कुमारी, संगठन मंत्री सिकंदर प्रजापति सहित काफी संख्या में संगठन के लोग मौजूद थे।

### बीडीओ ने की 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को सफल बनाने की अपील



**मयूरहंड (चतरा)।** पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम की शुरूआत कर देशवासियों से पेड़ लगाने का अपील की गई थी। इस मुहिम के तहत बीडीओ मनिष कुमार, बीपीओ सतीश कुमार मिश्रा ने प्रखंड मुख्यालय व पंचायत सचिवालय मंझगांवा, हरीजन जनता उच्च विद्यालय में पौधा रोपण कर आम लोगों से एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने का अपील किया। बीडीओ ने कहा कि पेड़ लंबे समय तक प्रदूषण मुक्त वातावरण की कुंजी हैं क्योंकि वे ऑक्सीजन प्रदान करने, हवा की गुणवत्ता में सुधार, जलवायु सुधार, जल संरक्षण, मिट्टी संरक्षण और वन्य जीवन का समर्थन करने के लिए जिम्मेदार हैं। इन सभी कारणों से वर्तमान परिदृश्य में वृक्षारोपण आवश्यक हो गया है। क्योंकि प्रदूषण चरम पर है। कुछ हद तक प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए वृक्षारोपण ही एकमात्र उपाय है। पेड़ों के बिना, पृथ्वी पर जीवन नहीं होता। पेड़-पौधे कई तरह से पर्यावरण को स्वस्थ रखने में बहुत योगदान देते हैं। इस मुहिम में नया सवेरा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा कदगावांकला पंचायत सचिवालय समेत अन्य स्थानों पर एक पौधा मां के नाम मुखिया अशोक कुमार भुईंयां के उपस्थिति में लगाया गया। फाउंडेशन के संस्थापक विशाल कुमार ने कहा कि एक माह के अंदर ही देश भर में करोड़ों पौधे लगाए गए हैं और यह अभियान 140 करोड़ पेड़ लगाने के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। हर भारतवासी अपूर्व उत्साह के साथ इस अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आतुर है। पर्यावरण की सुरक्षा और समृद्धि के लिए समर्पित इस अभियान को मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की अनूठी उपलब्धि मानता हूं। मुखिया मंजित सिंह ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान आक्सीजन की मात्रा बढ़ाने, धरती का तापमान कम करने, भूजल स्तर को ऊपर लाने और प्रदूषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण योगदान करने में समर्थ होगा।


**e-Procurement Cell**
**URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT**
**NAGAR PARISHAD CHATRA, JHARKHAND**

**Very Short e-procurement Notice**

**e-Tender Reference No.- UDD/CH/NPC/08/2024-25 Dated-22.08.2024**

| Sl. No. | Particular | Details (15th Finance Untied Grant Scheme) | Estimate Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Name of Work (Group No-01) | Construction of Drain from Bharat Electronic to Khenigola Chowk via Sahadat Chowk in ward no.- 11,12 and 13 under Nagar Parishad, Chatra. | 78,02,000/- | 1,56,100/- | 10,000/- | 06 Months |
| 02 | Name of Work (Group No.-02) | Construction of PCC Road and Drain from Pradip Rastogi's House to Enamul House + Nasim House to Laxman Saw House + Salendra Ramhouse to Kishori Ram House in Ward No. -02 under Nagar Parishad, Chatra. | 41,13,000/- | 82300/- | 10,000/- | 04 Months |
| 03 | Name of Work (Group No.-03) | Construction of PCC Road and Drain Md Firoj's House to Santosh Bhunya via Pucca Kunwa in Ward No.-03 under Nagar Parishad, Chatra. | 57,53,000/- | 1,15,100/- | 10,000/- | 06 Months |
| 04 | Name of Work (Group No.-04) | Construction Of PCC & Drain from Jamal Khenivala's House to Suresh Soni's house & Kalimula's house to Asgar's House in Ward No - 03 under Nagar Parishad Chatra. | 39,64,000/- | 79,300/- | 10,000/- | 04 Months |
| 05 | Name of Work (Group No.-05) | Construction of BT Road and Drain from Binod Prasad House to Charch in Ward No.-04 under Nagar Parishad, Chatra. | 64,58,800/- | 1,29,200/- | 10,000/- | 06 Months |
| 06 | Name of Work (Group No.-06) | Construction of BT Road and Drain from Niranjan Saw's House to Sakuriya Masjid in Ward No.-14,15 and 20 under Nagar Parishad, Chatra. | 72,50,700/- | 1,45,100/- | 10,000/- | 06 Months |
| 07 | Name of Work (Group No.-07) | Construction of PCC Road & Drain From Musa memorial school to Md Akram minya House via Md iliyas's house + Md Iliyas's house to Md afsar's house + Md mutak to Md yunus'house in ward no -14 under Nagar Parisad Chatra. | 33,12,000/- | 66,300/- | 10,000/- | 04 Months |
| 08 | Name of Work (Group No.-08) | Construction of PCC road over Katcha Road from near Bidi Pata Ware house to the Park near West side of Model College in ward no.-21 undar Nagar Parishad, Chatra. | 21,91,941/- | 44,000/- | 5,000/- | 03 Months |
| 09 | Name of Work (Group No.-09) (Urban Transport System) | Construction of BT road from Emli Tree via House of Surendra Kumar Ghose to Stadium Gate No. -03 via Bargad Tree in ward no. -08 undar Nagar Parishad, Chatra. | 40,50,000/- | 81,000/- | 10,000/- | 04 Months |
| 10 | Date of Tender Uploading in Website - http://jharkhandtenders.gov.in | 28.08.2024 at 10:00 AM | | | | |
| 11 | Bid Submission Start Date & Time | 29.08.2024 at 10:00 AM | | | | |
| 12 | Last Date/Time for Receipt of Bid | 04.09.2024 upto 5:00 PM | | | | |
| 13 | Date & Address for Opening of Bid. | 06.09.2024 upto 11:00 AM, in the e-Procurement Cell, Nagar Parishad Chatra. | | | | |
| 14 | Name & Address of Office inviting Tender | Administrator, Nagar Parishad, Chatra (Jharkhand) | | | | |
| 15 | Contact No. of Procurement Office | +91- 7004394602, 9060162974 | | | | |
| 16 | Helpline No. of e-Procurement Cell | 0651-2480345 | | | | |

*Any change can be seen on Website http://jharkhandtenders.gov.in*
*Any other information can be seen on http://jharkhandtenders.gov.in*
*Note:- According to Secretary, Information Technology & e-Governance Department Order memorandum no.-120, dt.-03.10.2023, the entire process of receiving the tender fee and EMD amount is done through online method.*

**Administrator,**
**Nagar Parishad Chatra.**

PR 333440 (Urban Development) 24-25 (D)



**कार्यालयः– जिला सहकारिता पदाधिकारी, हजारीबाग/रामगढ़**

**कृषक बंधुओं के लिए आवश्यक सूचना**
**बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 2024–25 (खरीफ)**

विभागीय अधिसूचना सं0–916, दिनांक–14.08.2024 के आलोक में ऋणी किसानों एवं गैर ऋणी किसानों के लिए बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 2024–25 (खरीफ) की नामांकन की अंतिम तारीख 31.08.2024 निर्धारित है।

| क्र0 | बीमा की ईकाई | बीमित राशि (रू0/हेक्टेयर) | | कृषक द्वारा टोकन देय राशि | बीमा कराने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | अगहनी धान | भदई मकई | | |
| 1 | ग्राम पंचायत | 65,500.00 | – | 1.00 रू0 | 31 अगस्त 2024 |
| 2 | प्रखण्ड | – | 50,750.00 | 1.00 रू0 | 31 अगस्त 2024 |

गैर ऋणी किसानो के लिए बीमा कराने हेतु निम्न आवश्यक दस्तावेज निर्धारित है–

1. आधार कार्ड 2. बैंक पासबुक 3. राजस्व पदा0 द्वारा निर्गत भूमि प्रमाण पत्र (नवीनतम) तत्काल उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में मुखिया/प्रधान से सत्यापित वंशावली एवं भूमि विवरणी 4. बटाई प्रमाण पत्र (नोटराईज्ड शपथ पत्र) 5. स्वसत्यापित फसल बुआई प्रमाण पत्र 6. मोबाईल नम्बर।

कृषक बंधु अपने नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र (CSC) एवं योजना के पोर्टल www.pmfby.gov.in पर स्वतः ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

संबंधित किसी भी जानकारी के लिए निम्नलिखित पर सम्पर्क कर सकते है।

:–कार्यालय जिला सहकारिता पदाधिकारी, रामगढ़ (9431108778)

:– **HDFC Ergo Gic Ltd.- Helpline No. 14447**

जिला सहकारिता पदाधिकारी
हजारीबाग/रामगढ़

PR 333374 (District)24-25*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

**मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना**
**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या – 13/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक – 21.08.2024

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा | RWD/GARHWA/29/2024-25 | एन0एच0–75 से छत्तरपुर ग्राम तक पथ निर्माण कार्य। (9.07 कि0मी0) | 1033.934 | दस करोड़ तेतीस लाख तिरानबे हजार चार सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |
| 2 | मेराल | RWD/GARHWA/30/2024-25 | रजबन्धा पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड देवी मण्डप से भण्डार बस्ती होते हुए भण्डार स्कूल तक पथ निर्माण कार्य। (3.230 कि0मी0) | 395.276 | तीन करोड़ पन्चानबे लाख सतईस हजार छः सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |
| 3 | मेराल | RWD/GARHWA/31/2024-25 | गढ़वा मझिआँव मुख्य पथ अटौला स्टैण्ड से कुम्हार टोली होते हुए औरईया मोड़ पी0डब्लू0डी0 तक पथ निर्माण कार्य। (2.450 कि0मी0) | 295.987 | दो करोड़ पन्चानबे लाख अन्ठानबे हजार सात सौ रूपये। | 15 (पन्द्रह) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 27.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 02.09.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 04.09.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR 333371 Rural Work Department (24-25)_D

## एक नजर

### पल्स पोलियो कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में पल्स पोलियो कार्यक्रम को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में 25 अगस्त से 27 अगस्त 2024 तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय पल्स पोलियो कार्यक्रम को सफल बनाने, पल्स पोलियो कार्यक्रम के दौरान आने वाले बच्चों के पूर्ण टीकाकरण के सर्वेक्षण और डेटा प्रबंधक को इससे संबंधित डेटा संग्रह और एनालिसिस रिपोर्ट तैयार करने आदि के सफल क्रियान्वयन व संचालन संबंधी निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने आगामी 25 अगस्त से शुरू होने वाले तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई. इसके साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए.

रियाड़ा फैक्ट्री की समस्याओं को लेकर कोनरा पंसस ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

# फैक्ट्री मालिक स्थानीय को रोजगार देने में कर रहे है नजरंदाज : अख्तरी



> ज्ञापन में फैक्ट्री के द्वारा उत्पन्न होने वाले प्रदूषण और उससे होने वाले गंभीर बीमारियों की ओर मंत्रीद्वय की जानकारी दी है
>
> फैक्ट्री संचालक स्थानीय मजदूर के स्थान पर बिहार और यूपी से मजदूर लाकर कार्य करवा रही है

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** कोनरा पंचायत समिति सदस्या अख्तरी खातून ने रियाडा स्थित आयरन निर्माण फैक्ट्रियों से हो रहे समस्याओं को लेकर राज्य के खान व भूतत्व विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी और पर्यटन कला संस्कृति और युवा मंत्री हफीजुल अंसारी को ज्ञापन सौंपा है. ज्ञापन पत्र पंचायत समिति सदस्या के पति व युवा समाजसेवी सगीर अंसारी ने दोनों मंत्रियों को उनके रांची स्थित आवास पर सौंपा. ज्ञापन में फैक्ट्री के द्वारा उत्पन्न होने वाले प्रदूषण और उससे होने वाले गंभीर बीमारियों की ओर मंत्रीद्वय की जानकारी दी है. उन्होंने यह भी लिखा है कि फैक्ट्री स्थापित होने से कोनरा, पंचमाधव, बेंदगी, बरही, रसोईया धमना आदि पंचायत वासियों को रोजगार को लेकर आज जगी थी. परंतु फैक्ट्री संचालक के रवैया से यहां के लोगो को यह भी निराशा हाथ लगी है. फैक्ट्री संचालक स्थानीय मजदूर के स्थान पर बिहार और यूपी से मजदूर लाकर कार्य करवा रही है. जो राज्य सरकार के नियम 75 फीसदी स्थानीयता के महत्व को भी धत्ता तो दे ही रहे हैं, स्थानीय युवाओं के अधिकार को भी छीन रहे है. इस संबंध में दोनों मंत्रियों से पंचायत समिति सदस्य ने अपने ज्ञापन पत्र के माध्यम से उचित कार्रवाई करते हुए स्थानीय लोगों को न्याय दिलाने की मांग की है.

# जिला परिषद अध्यक्ष ने उपस्वाथ्य केंद्र का किया शिलान्यास



**गिरिडीह।** 15 वीं वित आयोग के स्वास्थ्य प्रेक्षेत्र योजना मद के द्वारा प्रखंड गांडेय अंतर्गत ताराटांड़ पंचायत के भंडारीडीह में उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य को लेकर शिलान्यास किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम जिप अध्यक्षया जिला परिषद मुनिया देवी, जिप सदस्य हैंगामुनी मुर्मू, पंचायत समिति सदस्य पवन अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फिता काटकर व नारियल फोड़कर शिलान्यास किया गया। इस दौरान जिप अध्यक्ष मुनिया देवी ने कहा की ताराटांड़ क्षेत्र के अंतर्गत कोई भी स्वास्थ्य केंद्र नही था ग्रामीणों ने मांग की थी जिसे देखते हुए आज आस पास के जनता को सपना साकार हुई अब इनलोगो को प्राथमिक इलाज कराने के लिए गिरिडीह नही जानी पड़ेगी जिप सदस्य हेंगामुनी ने कहा की गांडेय प्रखंड के अंतिम छोर में कोई स्वाथ्या केंद्र नही था जिसे देखते हुआ जिला परिषद मुनिया देवी ने ग्रामीणों की जरूरत को पूरी की इधर बाबा कांन्ट्रेक्टर्स प्राईवेट लिमिटेड के संवेदक मनोज कुमार राय ने बताया कि उप स्वास्थ्य केन्द्र कि लागत पचपन लाख पैंतीस हजार छः सौ बारसठ रूपए कि लागत से निर्माण कार्य कि जायेगी। मौके पर चिंतामणि सिंह जागेश्वर पंडित पंसस पवन कुमार अग्रवाल,बिनोद राम,जेई किशोर हाड़ी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### सहायक अध्यापकों ने अपने आदर्श को अर्पित किया श्रद्धा सुमन

**सिमडेगा।** सूबे के सहायक अध्यापकों के आदर्श शहीद मुनेश्वर सिंह कि 22 अगस्त पुण्यतिथि थी।सन 2007 में आंदोलन के क्रम में बिरसा चौक से विधानसभा घेराव करने निकले पारा शिक्षकों के ऊपर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया था और लाठीचार्ज में अंदरुनी चोट लगने के कारण मुनेश्वर सिंह की मौत हो गई थी।सहायक अध्यापकों ने मुनेश्वर सिंह को शहीद का दर्जा दिया हुआ है।जिस कारण प्रत्येक वर्ष उक्त तिथि को सूबे के सहायक अध्यापक श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।**
**शुद्धि –पत्र**

अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–EE/RDSD/LATEHAR/11/2024-25 जिसका PR NO- 332873 Rural Development(24-25)D में निम्न प्रकार आंशिक संशोधित किया जाता है:–

(1) क्रमांक–2. में अंकित वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 13.08.2024 के स्थान पर वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 23.08.2024 पढ़ा जाय।

(2) क्रमांक–3. में अंकित ई–निविदा प्राप्ति की तिथि दिनांक 13.08.2024 से दिनांक 27.08.2024 के स्थान पर ई–निविदा प्राप्ति की तिथि दिनांक–23.08.2024 से दिनांक–31.08.2024 पढ़ा जाय।

(3) क्रमांक–5. में अंकित ई–निविदा खोलने की तिथि दिनांक–29.08.2024 के स्थान पर ई–निविदा खोलने की तिथि–दिनांक–04.09.2024 पढ़ा जाय।

निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत रहेगी।

PR 333376 Rural Development(24-25)D

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशष प्रमण्डल,लातेहार।


### रियाडा फैक्ट्री की समस्याओं को लेकर कोनरा पंसस ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**बरही।** कोनरा पंचायत समिति सदस्या अख्तरी खातून ने रियाडा स्थित आयरन निर्माण फैक्ट्रियों से हो रहे समस्याओं को लेकर राज्य के खान व भूतत्व विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी और पर्यटन कला संस्कृति और युवा मंत्री हफीजुल अंसारी को ज्ञापन सौंपा है. ज्ञापन पत्र पंचायत समिति सदस्या के पति व युवा समाजसेवी सगीर अंसारी ने दोनो मंत्रियों को उनके रांची स्थित आवास पर सौंपा. ज्ञापन में फैक्ट्री के द्वारा उत्पन्न होने वाले प्रदूषण और उससे होने वाले गंभीर बीमारियो की ओर मंत्रीद्वय की जानकारी दी है. उन्होंने यह भी लिखा है कि फैक्ट्री स्थापित होने से कोनरा, पंचमाधव, बेंदगी, बरही, रसोईया धमना आदि पंचायत वासियों को रोजगार को लेकर आज जगी थी. परंतु फैक्ट्री संचालक के रवैया से यहां के लोगो को यह भी निराशा हाथ लगी है. फैक्ट्री संचालक स्थानीय मजदूर के स्थान पर बिहार और यूपी से मजदूर लाकर कार्य करवा रही है.

### आभाष कुमार बने बरही के नए थाना प्रभारी, निवर्तमान ने किया स्वागत

**बरही।** बरही के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार का तबादला हो चुका है. इनके स्थान पर देर संध्या गुरुवार को आभाष कुमार ने बरही थाना के 12वें पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी के रूप में अपना योगदान दिया है. जिनका निवर्तमान पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ने बुके देकर स्वागत किया. संक्षिप्त बात चीत के क्रम में दूरभाष पर नव पदस्थापित इंस्पेक्टर श्री कुमार ने बताया कि इसके पूर्व वह रांची में पदस्थापित थे. वह 1994 बैच के झारखंड कैडर के पुलिस अधिकारी है. लॉ एंड ऑर्डर उनकी पहली प्राथमिकता होगी. आम लोगो के बीच पुलिस के मधुर संबंध और छवि बनाने के लिए हर संभव उनका प्रयास रहेगा. उन्होंने आम लोगों से भी पुलिस को सहयोग करने की अपील किया है. विदित हो कि निवर्तमान पुलिस निरीक्षक लोकसभा चुनाव के पूर्व बरही थाना में पदस्थापित हुए थे. काफी कम समय में अपने मृदुल स्वभाव के लिए चर्चित रहे.

सिमडेगा नगर परिषद की ओर से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत हुआ पौधरोपण

# अभी लगने वाला पौधा आने वाले समय में वरदान साबित होगा : डीसी




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** जलवायु परिवर्तन की समस्या से निजाद पाने और धरती को हरा भरा करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की पहल एक पेड़ मां के नाम के तहत सिमडेगा जिले के सभी आला अधिकारियों ने पौधारोपण किया। सिमडेगा, नगर परिषद कार्यालय परिसर में ₹एक पेड़ मां के नाम₹ कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिमडेगा राजीव कुमार सिन्हा, उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सुमंत तिर्की, सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर रनयर खलखो, अंचलाधिकारी मो इम्तियाज सहित कई अधिकारियों ने पौधारोपण किए। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिमडेगा ने पेड़ों के महत्व बताते हुए कहा कि मां अपने एक बच्चों को बड़ा करने में जिस तरह से देखभाल करती है इस तरह से आज पेड़ को लगाकर देखभाल करने की आवश्यकता है। पेड़ शांत वातावरण बनाते हैं, रक्तचाप को कम करते हैं और खुशहाली की भावना को बढ़ावा देते हैं। इसलिए हम सबको अपने जीवन में पेड़ जरूर लगाना चाहिए। मौके पर उपायुक्त ने जीवन में पेड़ के महत्व के बारे में बताते हुए किस तरह से पेड़ के बचने के लिए चिपको आंदोलन की शुरूआत हुई थी जिसकी जानकारी दी।


**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग)**
**कार्यालय–जिला सहकारिता पदाधिकारी गढ़वा**

**आम सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग) अन्तर्गत किसानों की बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत खरीफ फसल 2024 हेतु फसल बीमा करायी जा रही है। फसल बीमा के लिए आवेदक किसानों को बैंक खाते के सत्यापन हेतु token राशि के रुप में किसानों को सिर्फ 01 (एक) रुपया देना होगा। इससे छोटे और मध्यम वर्ग के किसानों को फायदा होगा एवं ज्यादा से ज्यादा किसानों को इसका लाभ लेना चाहिए। यह योजना चालू है, इसके लिए ऋणी किसान, अधिसूचित बैंक ग्रामीण बैंक के द्वारा के०सी०सी० धारक किसानों का बीमा कराया जायेगा एवं गैर ऋणी किसान सहकारी शाख समितियों झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक, प्रज्ञा केन्द्र (CSC) एवं इस योजना के पोर्टल www.pmfby.gov.in पर ऑनलाईन स्वतः आवेदन farmer login के माध्यम से किया जा सकता है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31.08.2024 तक है। झारखण्ड सरकार ने बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए किसानों का पंजीकरण शुरु किया है, पंजीकरण में आधार कार्ड, पासबुक की छायाप्रति, भूमि स्वामित्व संबंधी प्रपत्र, बटाई प्रमाण पत्र (बटाई कृशक होने पर) फसल बुआई का स्वसत्यापित प्रमाण पत्र एवं मोबाईल नम्बर वांछित है।

विशेष जानकारी के लिए गढ़वा जिला के संबंधित श्री उमेश कुमार नोडल पदाधिकारी HDFC ERGO GIC Ltd Mo No. 7054280300, हाशिम अंसारी–7250233995 एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा, 9955922370 से सम्पर्क किया जा सकता है।

टोल फ्री न० 14447

जिला सहकारिता पदाधिकारी
गढ़वा।

PR 333396 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25)D


### 27 व 28 अगस्त को सिमडेगा इंडोर स्टेडियम में होगी चौकीदार पद की दौड़ परीक्षा

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में चौकीदार नियुक्ति संबंधी समीक्षात्मक बैठक का आयोजन इंडोर स्टेडियम स्पोर्ट कंपलेक्स, सिमडेगा में किया गया।बैठक में उपायुक्त द्वारा चौकीदार नियुक्ति के तहत लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का दिनांक 27एवं दिनांक 28 अगस्त को प्रात 5:00 से इंडोर स्टेडियम स्थित स्पोर्ट कंपलेक्स बाजार सिमडेगा में शारीरिक माप, दौड़ एवं शारीरिक जांच कार्यक्रम का आयोजन संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने इंदौर स्टेडियम में बने एथलेटिक्स ट्रैक की सफाई कराने, ट्रैक की 400 मी का लाइनिंग एवं लंबाई निर्धारित कर चिन्हित करने, ट्रैक के चारों ओर बांस से बैरिकेटिंग करने, फिनिशिंग पॉइंट पर 2 बैरिकेटिंग बॉक्स निर्माण करने, टेंट अधिष्ठापन करने, वीडियोग्राफी, सीसीटीवी कैमरा एवं साउंड सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिये. उन्होंने ने चिकित्सीय जांच दल हेतु टेंट लगाने का भी निर्देश दिया।

# आक्रोशित ग्रामीणों ने तीन घंटे किया सड़क जाम



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** जीटी रोड स्थित गडलाही मोड़ के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना में 28 वर्षीय महिला रानी कुमारी की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि रानी कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके पति आदित्य कुमार ठाकुर और दोनों बेटियां अनुष्का कुमारी और अरियांशी कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल परिवार को तुरंत इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रानी कुमारी, जो बिहारी पदमा गांव की रहने वाली थी, अपने मायके करियातपुर में रक्षाबंधन का त्योहार मनाने आई थी। त्योहार के बाद वह अपने पति आदित्य ठाकुर और बच्चों के साथ मोटरसाइकिल संख्या जेएच 12 एल 3225 पर सवार होकर अपने ससुराल लौट रही थी। तभी गडलाही मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर से रानी कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके पति और दोनों बेटियां बुरी तरह घायल हो गईं। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने किया एनएच 2 जाम : इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। गुस्साए ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे 2 (एनएच 2) को जाम कर दिया, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। लगभग तीन घण्टे तक सड़क जाम रहा और यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बरही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने एनएच अधिकारियों से बातचीत कर हिट एंड रन मामले में मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। पूर्व विधायक के हस्तक्षेप के बाद ही ग्रामीणों ने जाम हटाने पर सहमति दी और आवागमन पुनः शुरू हो सका। उन्होंने कहा कि सरकारी नियानुमसार उचित मुआवजा मिलेगा। वहीं उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कंपनी के लापरवाही के कारण सड़क दुर्घटना हुआ है। आये दिन गडलाही मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना होते रहता है।

### भाजपा नेता श्रद्धानंद ने किया टेंसरा पंचायत का दौरा, सुनी लोगों की समस्याएं

**सिमडेगा ।** भाजपा नेता श्रध्दानंद बेसरा भ्रमण के दौरान सिमडेगा प्रखंड टैंसेरा पंचायत के खुंटी डांड ग्राम पहुंचे एवं ग्रामीणों लोगों से मुलाकात किए। गांव की समस्यायों को लेकर भाजपा बुथ अध्यक्ष देवीचंद मेहर ने कहा कि हमारे गांव में दो सप्ताह से ट्रांसफार्मर खराब होने से अंधेरे में जीवन गुजार रहे हैं। हमारे बच्चों को पढ़ने लिखने में काफी परेशानी हो रही है। वर्षा के मौसम में सांप बिच्छू वा जहरीले जीवों से हमेशा डर बना रहता है। श्री बेसरा ने विद्युत विभाग से बातचीत करके लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि खराब ट्रांसफार्मर को जितना जल्द हो सके ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप पंहुचने पर जल्द समाधान होगा। ज्ञात हो कि वर्षा के मौसम में आकाशीय बिजली के चपेट कारण ट्रांसफार्मर खराब होने लगी है। मौके पर सेवई भाजपा महामंत्री सतीश प्रसाद, समाजसेवी संदीप,एस टी मोर्चा गजानंद बेसरा एवं अनेक ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं०–02,गढ़वा**

ई–निविदा आमंत्रण सूचना दिनांक–22.08.2024
PR 331237 (Rural Development)24-25*D
अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/06/2024-25/Gr.-03/RE(2nd Call)

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | लम्बाई (मी० में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के केतार प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम–बनखेता और मोटंगवा के बीच में आदिवासी टोला में पण्डा नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण। | 34949283.24 | 6,99,000.00 | 10000.00 | 18 माह | 67.08 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 23.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–23.08.2024 से दिनांक–29.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–31.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8002373581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02,गढ़वा

PR 333394 Rural Development(24-25).D


### बीस सूत्री अध्यक्ष ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष को दी बधाई

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश रांची एयरपोर्ट पहुंचकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नव-नियुक्त अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों द्वारा हार्दिक स्वागत किया जा रहा है। इस क्रम में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री केशव महतो कमलेश को बुके भेंट कर उन्हें बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।श्री मंगलेश ने कहा, केशव महतो कमलेश का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस के लिए एक नई दिशा और ऊर्जा लेकर आएगा। उनके अनुभव और नेतृत्व में पार्टी निश्चित रूप से राज्य में और मजबूत होगी। उन्होंने आगे कहा कि केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता और अधिक जोश और समर्पण के साथ जनसेवा में जुटेंगे। कार्यक्रम में पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। सभी ने श्री महतो को अपनी शुभकामनाएं दीं।

सफलता पर जोर | विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर आजसू पार्टी की बैठक आयोजित

# पार्टी कार्यकर्ता आजसू की सिद्धांत को जन जन तक पहुंचाएं : मनोज



> आगामी विधानसभा चुनाव में रामगढ़ से पार्टी की जीत का मार्जिन बढ़ेगा। क्योंकि आजसू पार्टी के कार्यो से लोग खुश हैं

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** झारखंड में होनेवाले आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर गुरूवार को मुर्रामकला में आजसू पार्टी की बैठक 22 अगस्त को आयोजित की गई। बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के नेतृत्व में हर ओर विकास की गाथा लिखी जा रही है। कहा की रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों में सड़क का निर्माण हो गया है। बिजली सभी जगह पहुंच चुकी है। तालाबों के सुंदरीकरण का कार्य किया गया है। इसके अलावे जरूरतमंद लोगों की विधायक के निर्देश पर पार्टी कार्यकर्ता हमेशा मदद करते रहते हैं। साथ ही जरूरतमंदों का सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता हमेशा तत्पर रहते हैं। ताकि जरूरतमंद लोग सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ उठा सकें। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो ने कहा की आगामी विधानसभा चुनाव में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से आजसू की जीत सुनिश्चित है। क्योंकि विधायक सुनीता चौधरी लोगों के हर सुख दुख में हमेशा उनके साथ खड़ी रहती हैं। श्री महतो ने कहा की आगामी विधानसभा चुनाव में रामगढ़ से पार्टी की जीत का मार्जिन बढ़ेगा। क्योंकि आजसू पार्टी के कार्यों से लोग खुश हैं और विधानसभा चुनाव में उन्होंने आजसू को समर्थन का मन बना लिया है। वहीं, उन्होंने पार्टी कायकताओं से आहवान किया की वे लोगों के घर घर जाएं और आजसू पार्टी के नीति और सिद्धांतों की उन्हें जानकारी दें। साथ ही जरूरतमंद लोगों को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करें। मौके पर तेजपाल महतो, सोहन महतो, धनेश्वर चौधरी, रमेश कुशवाहा, चमन महतो, मनोज कुमार, नंदू महतो, जगदीश करमाली, आशा महतो, मैनेजर महतो, सुगंध महतो, महेश महतो, चेतलाल महतो, ननकू महतो, गीता देवी, सुनीता देवी आदि उपस्थित थे।


**-: कार्यालय :-**
**प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी,लातेहार वन प्रमण्डल**

**-: आवश्यक सूचना :-**

भारतीय वन अधिनियम 1927 (बिहार संशोधन अधिनियम 1989) की धारा–52 के अंतर्गत अधिहरण वादों की सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत जप्त वाहनों एवं जप्त वन पदार्थ से संबंधित विभिन्न वादों में सुनवाई हेतु अगली तिथि 09.10.2024 को निर्धारित की जाती है :–

| क्र0 स0 | अधिहरण वाद संख्या | वाद प्रारम्भ की तिथि | अभियुक्त का नाम | वाहन का प्रकार/वाहन संख्या | जप्त वन पदार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 12/2021 | 13.04.2021 | मो0 अहमद | Tractor Engine No. 39.1355/SZD01931 | पत्थर 20 CFT |
| 2 | 35/2022 | 01.11.2022 | मुकेश कुमार | Truck No.JH-02AF-1522 | कोयला लगभग 25.020 MT |
| 3 | 21/2023 | 31.05.2023 | संतोष यादव हंसराज प्रसाद | Pickup Van Reg. No JH-01T-0899 | साल चौकठ 12 पीस |
| 4 | 24/2023 | 31.05.2023 | मनोज प्रसाद गुप्ता पवन कुमार | Motercycle Reg No. JH-01N-6823 | गम्हार पटरा 04 पीस |
| 5 | 26/2023 | 02.06.2023 | मोहन प्रजापति | - | साल चौकठ 13 पीस |
| 6 | 29/2023 | 16.06.2023 | सुमन्त कुमार कमलेश यादव | Mahendra Tractor Reg. No. JH-08D-9761 Engine No. RYNB00729 | साल बल्ली 31 पीस |
| 7 | 35/2023 | 11.10.2023 | रविन्द्र साव | Tempo Reg. No JH-19C-9160 | सेमल पटरा 25 पीस |
| 8 | 41/2023 | 05.12.2023 | अवधेश यादव संतोष यादव | - | करम चौकठ–25 पीस करम बोटा–01 पीस आरा –01 पीस |
| 9 | 34/2023 | 23.09.2023 | सुरेन्द्र प्रसाद गंगा राम | Piyaggio Tempo Reg. No JH-08F-0615 | साल चौकठ–10 पीस साल चिरान–04 पीस |
| 10 | 01/2024 | 18.01.2024 | छोटू राय उर्फ गुडू राय | - | युकेलिप्टस बोटा 19 पीस |
| 11 | 10/2024 | 19.06.2024 | कुन्दन कुमार भुईयां अमलेश कुमार उपेन्द्र कुमार | - | करम बोटा–02 पीस आरा – 02 पीस कुल्हाड़ी 01 पीस |

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 09.10.2024 को 11:00 बजे पर्वाह्न में प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकतरफा सुनवाई करते हुए जप्त वन पदार्थ को सरकार के पक्ष में अधिहरित कर लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,लातेहार वन प्रमण्डल

PR 333375 Forest, Environment and Climate Changes(24-25).D

बच्चे कोरे कपड़े की तरह होते हैं, जैसा चाहो वैसा रंग लो, उन्हें निश्चित रंग में केवल डुबो देना पर्याप्त है। - सत्यसाई बाबा



संपादकीय

## चिकित्सकों पर हमला समाज के लिए घातक

चिकित्सकों विशेषकर महिला चिकित्सकों पर हमले के मामले अविभाजित बिहार में आम थे । एक बार एक महिला चिकित्सक को एमर्जेंसी बताकर अपहरण कर वीभत्स तरीके से शोषण के बाद किसी भी स्थिति में चिकित्सक अपने क्लिनिक या अस्पताल की सुरक्षा से बाहर निकलने को तैयार नहीं थे । अस्पताल के अंदर जूनियर डॉक्टर की नौ अगस्त को कोलकाता में एक क्रूर घटना में जघन्य हत्या वैसी ही स्थिति है । इससे पूरे राष्ट्र का जनमानस हिल गया है। इसने एक बार पुनः निर्भया हत्याकांड की याद ताजा कर दी, लेकिन यह घटना तो उससे भी कहीं ज्यादा वीभत्स है। निर्भया की हत्या राह चलती बस में यात्रा के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा की गई थी, लेकिन हाल में घटित घटना को अस्पताल जैसे सुरक्षित स्थान पर अंजाम दिया गया है। घटनाक्रम से प्रतीत होता है कि यह पूर्व नियोजित था।अस्पताल के अंदर कार्यरत चिकित्सक की कार्यावधि के दौरान की गई हत्या जूनियर एवं प्रशिक्षु डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े करती है। इस घटना के बाद भाजपा और तृणमूल कांग्रेस एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप के जरिये राजनीतिक लक्ष्य प्राप्त करने में लगी हैं और चिकित्सक के प्रति हिंसा का विषय नेपथ्य में चला गया है। विभिन्न अवसरों पर चिकित्सकों के विरुद्ध हिंसक वारदात के विरोध में चिकित्सक संगठन अपनी सुरक्षा को लेकर आवाज उठाते हैं, लेकिन ज्यादातर अवसरों पर ठंडे या छींटे देकर आंदोलन को शांत कर दिया जाता है। चिकित्सकों से सेवा की तो पूर्ण अपेक्षा रखी जाती है, किंतु उनकी सुरक्षा के प्रति जवाबदेही के लिए बनाया जाने वाला कानून वर्ष 2022 से लंबित है। उल्लेखनीय है कि केंद्र द्वारा कानून बनाने के बावजूद स्वास्थ्य राज्य सूची का विषय होने के कारण संपूर्ण दारोमदार राज्यों पर ही आ जाता है। कई राज्यों ने विभिन्न अवसरों पर आंदोलनरत चिकित्सकों को शांत करने के लिए कानून तो बना दिए, लेकिन वे धरातल पर नहीं उतरे। जैसे राजस्थान में कानून तो वर्ष 2008 में बन गया था, किंतु प्रभावी क्रियान्वयन डॉ. अर्चना शर्मा द्वारा दबाव में की गई आत्महत्या के उपरांत वर्ष 2022 में तय मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के पश्चात ही हो पाया है।कोलकाता की घटना ने चिकित्सकों विशेष तौर पर दिन-रात सेवारत सहयोगी चिकित्सकों की कार्य परिस्थितियों पर भी सवालिया निशान खड़े किए हैं। चिंतनीय है कि जिनके हाथों में जीवन बचाने का दायित्व सौंपा जा रहा है, उनके पास ठीक से उठने-बैठने, आराम करने और निवृत्त होने की उचित व्यवस्था भी नहीं रहती। चिकित्सा के व्यावसायीकरण और विशेष तौर पर कॉरपोरेट संस्कृति में ढलने से वहां कार्यरत चिकित्साकर्मी भी एक सामान्य कर्मी बन कर रह गए हैं। मरीजों के बोझ में दबे सरकारी चिकित्सा संस्थानों का तो हाल और भी चिंताजनक है।

> कई राज्यों ने विभिन्न अवसरों पर आंदोलनरत चिकित्सकों को शांत करने के लिए कानून तो बना दिए, लेकिन वे धरातल पर नहीं उतरे

# नवाचार, स्थिरता और समावेशी विकास से ही आएगी समृद्धि



वैश्विक गांव में बदल चुकी दुनिया में अब दूरियाँ तेजी से कम हो रही हैं,कृत्रिम मेधा एआइ के आने से भाषा का बंधन भी लगभग समाप्ति पर है और आधुनिक उपकरणों का प्रयोग करने वाले लोग इसका भरपूर उपयोग तो कर ही रहे हैं मोबाइल तक ऐसे बाजार में आ गए हैं जो तत्क्षण भाषा को बदलने में सक्षम हैं । ऐसे में भारत भी तेज अर्थव्यवस्था की दौड़ में अपने आप शामिल हो गया है और विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से दूसरी या पहली अर्थव्यवस्था बनने कि तीव्र चाहत रखता है। औपनिवेशिक काल और स्वतंत्रता के बीच, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में भारत की हिस्सेदारी एक-चौथाई से गिरकर लगभग पांच फीसदी रह गई थी जो आज वैश्विक जीडीपी में हमारी हिस्सेदारी (क्रय शक्ति समता के मामले में) लगभग सात-आठ फीसदी है। हमने अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष तक भारत को दुनिया के विकसित देशों में शामिल कराने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। पर इस बड़े लक्ष्य का पूरा होना राजनीतिक उठापटक से अलग निरंतर आर्थिक विकास से ही संभव है। अभी हमारी प्रति व्यक्ति आय लगभग 2,100 डॉलर है। जबकि आज उच्च आय वाला देश उसे माना जाता है, जहां प्रति व्यक्ति आय 12 हजार डॉलर से अधिक हो। यानी अभी हम उच्च आय वाले देश के छठवें हिस्से के बराबर हैं। चूंकि, वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2047 में उच्च आय वाले देशों की आय सीमा स्वाभाविक ही बहुत अधिक होगी, इसलिए प्रति व्यक्ति आय का हमारा लक्ष्य 15 हजार डॉलर सालाना से अधिक होना चाहिए। भारत को विकसित देश बनाने के लिए आज से 2047 के बीच लगातार आठ फीसदी से अधिक की विकास दर पाना जरूरी है। बुनियादी ढांचे में सार्वजनिक पूंजीगत व्यय द्वारा समर्थित निजी निवेश से इस विकास को आगे बढ़ाना होगा। केंद्र सरकार निश्चित रूप से अपना काम कर रही है पर राजनीति से ऊपर उठकर सभी सरकारों को इस मुद्दे पर एकमत होना चाहिए। जीडीपी में 2014 और 2024 के बीच केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय का हिस्सा जीडीपी के 1.5-1.6 फीसदी से दोगुना होकर जीडीपी का 3.0-3.2 फीसदी हो गया है।बुनियादी ढांचे में यह निवेश लॉजिस्टिक की लागत को कम करेंगे और हमारी विनिर्माण प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देंगे। राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन जैसे कार्यक्रमों के साथ-साथ बुनियादी ढांचे में निवेश से इस क्षेत्र में निजी निवेश बढ़ेगा। उच्च विकास दर हासिल करने के लिए विनिर्माण और निर्यात का भी विस्तार होना चाहिए। बुनियादी ढांचे में निवेश और व्यापार सुगमता पर ध्यान देने से व्यापार करने की लागत में कमी आएगी। हालांकि बहुत कुछ हासिल किया जा चुका है, पर अब अगली छलांग पर ध्यान देना चाहिए। राज्य स्तर पर प्रक्रियाओं, मंजूरी, लाइसेंस, फॉर्म्स आदि व्यवस्थाओं को निश्चित रूप से तर्कसंगत और सुव्यवस्थित किया जाना चाहिए। अब यह राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है कि वे अपने राज्यों को निवेश गंतव्य के रूप में बढ़ावा दें। तेजी से उभर रही नई प्रौद्योगिकी के साथ भारत को तकनीकी रूप से छलांग लगाने के लिए नवाचार-समर्थक नियामक दृष्टिकोण की जरूरत है। भारत बंद जैसे कार्यों से विश्व स्तर पर एक नकारात्मक संदेश जाता है।

भारतीय नियामकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे पर्याप्त क्षमता से सुसज्जित हों और नई प्रौद्योगिकियों को विकसित होने का मौका देने का लचीलापन भी दिखाएं। हमें निर्यात बाजारों को भी आक्रामक रूप से लक्षित करना चाहिए। बुनियादी ढांचे में निवेश के अलावा केंद्र एवं राज्य सरकारों को भूमि एवं श्रम सुधारों को लागू करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उद्योगों के लिए बिजली की लागत को भी अन्य समकक्ष राष्ट्रों के हिसाब से प्रतिस्पर्धी बनाना चाहिए। सरकार लागत संबंधी कमियों को दूर करने का प्रयास तो कर ही रही है, निजी क्षेत्रों को भी नवाचार, अनुसंधान व विकास और गुणवत्ता पर ध्यान देना चाहिए। भारत में अनुसंधान व विकास पर ज्यादातर खर्च सार्वजनिक क्षेत्र से होता है। खासकर उद्योग 4.0 (एआई, मशीन लर्निंग इत्यादि) में निजी अनुसंधान एवं विकास हमारी प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए आवश्यक है। डिजिटल कौशल और साक्षरता पर अधिक जोर दिया जाना चाहिए और कौशल विकास उद्योग आधारित होने चाहिए। टिकाऊपन या स्थिरता को हमारे सभी प्रयासों के केंद्र में रखना होगा। आने वाले वर्षों में हर तरह के वैश्विक व्यापार में कार्बन तीव्रता एक महत्वपूर्ण बिंदु बनने वाली है। हमारी कंपनियों और सरकारों को इस बदलाव के लिए तैयार रहना चाहिए। इसी तरह वैश्विक पूंजी भी अपने निवेश फैसलों में तेजी से आर्थिक, सामाजिक एवं शासन संबंधी मानदंडों को ध्यान में रख रही है। भारत को इसके लिए तैयार रहना चाहिए और जलवायु एवं सहस्राब्दी विकास लक्ष्य (एसडीजी) परियोजनाओं की दिशा में आने वाले निवेश का लाभ उठाना चाहिए। राज्य या केंद्र में सरकारें किसी की भी हों पर आर्थिक सुधार की प्रक्रिया चलती रहनी चाहिए।

आज की बात



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

आपकी बात

## सन्नाटा है क्यूं पसरा?

बंगला देश धू-धू कर जल रहा है। हिन्दुओं की हृदयविदारक चीखों से वातावरण गूंज रहा है। समस्त विश्व स्तब्ध है। वहां के शासक भी हाथ जोड़ कर उनसे माफी मांग रहे हैं कि उनको सुरक्षा देने में वे सक्षम नहीं हो पाए। विश्व के अनेक देशों में इस नरसंहार के विरोध में हिन्दुओं द्वारा प्रतिवाद मार्च निकाला जा रहा है। बंगला देश की तपन सम्पूर्ण विश्व के हिन्दू महसूस कर हैं। पर समझ से परे है कि भारत में हंगामा क्यूं नहीं बरपा? भारतीय अल्पसंख्यकों की एक हत्या होने पर, एक घर जलने पर संविधान रक्षक दल संविधान को खतरे में बताने लगते हैं। कथित धर्म निरपेक्ष दलों और सोशल एक्टिविस्टों की फौज सड़क पर उतर आती हैं। सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे रात में भी खटखटाए जाने लगते हैं। लेकिन आज हिन्दुओं के नरसंहारों पर आंसू बहाने के लिए, प्रदर्शन करने केलिए उनके पास हिम्मत नहीं। शायद भारत का अल्पसंख्यक वर्ग उनसे नाराज न हो जाए।बस वोट की राजनीति है। लाशों पर राजनीति करने वाले कभी एक वोट बैंक को खोना नहीं चाहता।एक चेहरे पर अनेक चेहरे लगा लेते हैं लोग। क्या हम विरोध मार्च निकालकर अपना नैतिक समर्थन और सहानुभूति भी प्रकट करने में हिचकते हैं? यह कैसी धर्म निरपेक्षता है! भारत के विपक्षियों को तो मानो काठ मार गया है। भारतीय अल्पसंख्यकों के मामले में अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर चेहरा चमकाने वाले नेताओं को तो सांप सूंघ गया हो। कांग्रेस जो भारत की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी है, अपने को संविधान का सबसे बड़ा रखवाला मानती है, लेकिन हिन्दुओं के प्रति सहानुभूति दिखाने का साहस नहीं कर सकती। सहानुभूति में न कोई रैली,न मार्च,न मोमबत्ती जुलूस और न टार्च जुलूस सब कहां गायब हो गए? इस कठिन परिस्थिति में भारत की शेरनी इन्दिरा गांधी का नाम , जिन्हें उनके धूर विरोधी विपक्षी नेता वाजपेई जी ने संसद में चण्डी कहकर संबोधित किया था। लेकिन उस शेरनी के दल के लोग भी गीदड़ बनकर छिपे हुए हैं। विदेश में कहीं भी मुस्लिमों का नरसंहार होता है तो सम्पूर्ण विश्व के मुस्लिम एकजुट होकर प्रतीकात्मक विरोध प्रकट करते हैं और करना भी चाहिए। यहां तक कि भारत के शहर से लेकर गांव तक की सड़कों पर तख्तियां लहराने लगती हैं। मौन जुलूस निकलने लगते हैं। मैं उन मुस्लिमों की प्रशंसा करता हूं जो विश्व के किसी भी कोने में हों लेकिन सहानुभूति और नैतिक समर्थन तो प्रकट करते हैं। हम हिन्दूओं को इनसे सीख लेने की आवश्यकता है। चर्चा भारत की शेरनी की हो रही थी जिसके नाम लिए बिना बंगला देश की चर्चा अधूरी है। उसने बंगला देश को बनाते समय कभी भी नहीं सोचा होगा कि यहां हिन्दुओं के साथ ऐसा क्रूर और अमानवीय कृत्य होगा। आज भी उनकी आत्मा रो रही होगी।उस शेरनी के वंश की एक नेता प्रियंका गांधी ने सार्वजनिक मंच से विरोध करने का साहस अवश्य दिखलाया, परन्तु बहुत फूंक- फूंक कर और सावधानी के साथ। उन्होंने हिन्दू बोलना उचित नहीं समझा और उसके बदले बंगला देश के अल्पसंख्यक बोलना उचित समझा।



भास्कर मिश्र
स्वतंत्र लेखक व टिप्पणीकार
हिन्द पीढ़ी, रांची।

देश की बात

## भारत में चिंतनीय समस्या बनती महिला सुरक्षा

स्वतंत्रता के 78 वर्ष बाद भी देश के विभिन्न शहरों, कस्बों से महिलाओं के साथ छेड़छाड़, अपहरण से लेकर बलात्कार और उसके उपरांत हत्या तक की खबरें(कम उम्र की बच्चियों से लेकर अधेड़ उम्र की महिला तक) आए दिन सुनने और पढ़ने को मिल जाती हैं। कोलकाता में हाल ही में महिला डाक्टर के साथ कार्यस्थल पर हुआ बलात्कार और हत्या तथा महाराष्ट्र के बदलापुर (ठाणे) के एक स्कूल में दो बच्चियों के साथ हुए कुकृत्य, छत्तीसगढ़ में रायगढ़ जिले के पुसौर थाना क्षेत्र में पंद्रह युवकों द्वारा एक महिला के साथ सामुहिक दुष्कर्म, मुरादाबाद के अस्पताल में नर्स से दुष्कर्म जैसी तमाम घटनाओं से देश की महिलाओं में विशेष डर घर करता जा रहा है।निर्भया केस के बाद ऐसा लगने लगा था कि इस तरह के अपराधों पर रोक लगेगी, कमी आएगी,पर ऐसा होता दिखाई नहीं देता है। तुलसीदास जी ने कहा कि ह्भय बिनु होय न प्रीतिह्व जब तक अपराधियों में सजा का भय नहीं होगा,सख्त से सख्त सजा नहीं दी जाएगी तो हम कैसे इन अपराधों पर नियंत्रण की बात भी सोच सकते हैं?अजमेर में हुई गेंगरेप की घटना में अपराधी को बत्तीस साल बाद केवल उम्रकैद की सजा मिलने से कैसे अपराधियों में खौफ पैदा होगा? विचार करने की आवश्यकता है पिछले कुछ वर्षों में भारत की केन्द्र और राज्य सरकारों ने महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए तथा उत्पीड़न और अपराध को रोकने के लिए जहां एक ओर नये कानून बनाएं है वहीं दूसरी ओर पूराने कानूनों को शसक्त करने हेतु उनमें संशोधन भी किये हैं। इनमें प्रमुख हैं कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम,प्रतिषेध, और निवारण) अधिनियम, 2013; क्रिमिनल लॉ एक्ट, 2013(निर्भयाकानून); क्रिमिनल लॉ एक्ट, 2018 (संशोधन); दहेज निषेध (संशोधन) अधिनियम,2017; मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम 2019; प्रिवेंशन ऑफ चिल्ड्रन फ्राम सेक्सुअल ऑफेंसेस एक्ट 2012(संशोधन 2019);मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम,2017; घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम,2005(संशोधन),पॉक्सो एक्ट 2019 (संशोधन) आदि । किन्तु क्या ऐसे तमाम नियम-कानून महिलाओं से जुड़े अपराध रोक पाने में सफल हो पा रहे हैं? क्या इनका सही निष्पक्ष क्रियान्वयन हो रहा है?



प्रो मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

फेसबुक वॉल से





X से





अलग बात

## सामाजिक समरसता से बनेगा सशक्त भारत

भायानि जन्म से आप आदमी हो सकते हैं किंतु मनुष्य या इंसान एक प्रक्रिया से गुजरने के बाद ही आप बनते हैं। हमारे समाज में मनुष्य बनाने के स्कूल थे। हमारा परिवार, समाज और विद्यालय तथा धर्मगुरु इस प्रक्रिया को संभव करते थे। समता, ममता और समरसता हमारे भारतीय लोकजीवन का अभिन्न अंग है। हम जिस देश में रहते हैं उसके ऋषि कहते हैं- ह्यसर्वभूतहिते रताः। प्रकृति से साथ हमारा संवाद बहुत पुराना है। इसलिए हमने अपनी समूची सृष्टि को स्वीकारा। किसी को विरोधी नहीं माना। पेड़, पहाड़, नदियां, समुद्र, वनस्पतियां, जलचर, नभचर, जीव-जंतु, मनुष्य सबमें ईश्वर का वास मानने वाले हम ही हैं। हम ही कह पाए जो जड़ में है वही चेतन में है। कण-कण में ईश्वर का वास मानने वाली संस्कृति ही भारतीय संस्कृति है। आज हमें समता, समरसता और अधिकारों की बात करनी पड़ रही है। सुधारों की बात करनी पड़ रही है, क्योंकि विचलन ने हमें उन मूल्यों से विरत कर दिया, जहां एक आदमी को ईश्वर बन जाने की स्वतंत्रता थी। आदमी का मनुष्य बनना और फिर देवत्व की तरफ बढ़ना साधारण नहीं है। उसके मूल्यनिष्ठ होते जाते की मुनादी है, घोषणा है। ऋषि कहते हैं- ह्यमर्नु भवः यानि मनुष्य बनो। यही बाद बाद में गालिब के मुंह से निकलती है-

यूं तो मुश्किल है हर काम का आसां होना
आदमी को मयस्सर नहीं इंसा होना।

यानि जन्म से आप आदमी हो सकते हैं किंतु मनुष्य या इंसान एक प्रक्रिया से गुजरने के बाद ही आप बनते हैं। हमारे समाज में मनुष्य बनाने के स्कूल थे। हमारा परिवार, समाज और विद्यालय तथा धर्मगुरु इस प्रक्रिया को संभव करते थे। मनुष्य-मनुष्य में भेद को हमने अपराध माना। इसीलिए गुरू घासीदास कहते हैं- मनखे-मनखे एक हैं। इसी बात को गांधी छुआछूत के संदर्भ में कहते हैं- अस्पृश्यता ईश्वर और मानवता के प्रति अपराध है। हिंदू समाज में आई जड़ता को तोड़ने के लिए समय-समय पर सुधारवादी आंदोलन चलते रहे हैं। हिंदु स्वयं एक ऐसा समाज है, जिसने अपने आत्मसुधार के लिए निरंतर यत्न किए हैं। हम सब ऋषियों की संतति हैं यह भाव लेकर काम करते रहे हैं। गौतम बुद्ध, भगवान महावीर, कबीर, नानक, गुरू गोरखनाथ, गुरू घासीदास, संत रविदास से लेकर एक पूरी परंपरा जड़ताओं और कुरीतियों पर प्रहार करते हुए आत्मालोचन के लिए प्रेरित करती रही है।



प्रो. संजय द्विवेदी



बोधि वृक्ष

> यदि आप ध्यान के द्वारा अपने मन को शुद्ध एवं विस्तारित कर सकें, तथा ईश्वर को अपनी चेतना में ला सकें, तो आप भी रोग, सीमाओं और मृत्यु के भ्रम से मुक्त हो जाएँगे।

## विपत्ति के समय में शक्ति

तो आप एक नश्वर प्राणी ही हैं। यदि आप जान लें कि आप देवता हैं तो आप मुक्त हैं। क्या तुम नहीं जानते कि तुम ईश्वर का मन्दिर हो, और ईश्वर की आत्मा तुममें वास करती है? यदि आप ध्यान के द्वारा अपने मन को शुद्ध एवं विस्तारित कर सकें, तथा ईश्वर को अपनी चेतना में ला सकें, तो आप भी रोग, सीमाओं और मृत्यु के भ्रम से मुक्त हो जाएँगे। यदि आप कर्म से ऊपर उठना चाहते हैं, तो इन तीन सत्यों को अनुभव करने का प्रयास करें (1) जब मन शक्तिशाली हो और हृदय शुद्ध हो, तो आप मुक्त हैं। यह मन ही है जो आपको शरीर की पीड़ा से जोड़ता है। जब आप शुद्ध विचारों को सोचते हैं और मानसिक रूप से शक्तिशाली होते हैं, तब आप बुरे कर्मों के पीड़ादायक प्रभावों से दुःखी नहीं हो सकते। इसे मैंने बहुत प्रसन्नतादायक पाया है। (2) अवचेतन निद्रा में, आप मुक्त हैं। (3) जब आप समाधि में ईश्वर के साथ एक होते हैं, तो आपका कोई कर्म नहीं होता। इसीलिए सन्तजन कहते हैं, ह्निरन्तर प्रार्थना करो। जब आप निरन्तर प्रार्थना एवं ध्यान करते हैं, तब आप अधिचेतना के क्षेत्र में चले जाते हैं, जहाँ कोई भी कष्ट आप तक नहीं पहुँच सकते। आप इन विधियों द्वारा इसी समय, कर्मों से मुक्त हो सकते हैं। जब भी कार्मिक कष्ट आपको पीड़ा दें, तो सो जाएँ या शुद्ध विचार सोचें और मन को इस्पात की तरह बनाएँ, स्वयं से कहें: अपने मन को शुद्ध एवं विस्तारित कर सकें, तथा ईश्वर को अपनी चेतना में ला सकें, तो आप भी रोग, सीमाओं और मृत्यु के भ्रम से मुक्त हो जाएँगे। **(क्रमशः)**



श्री श्री परमहंस योगानंद

अतीत की बात

## इतिहास के उन ओझल पन्नों की याद

अगस्त का महीना हमारी आजादी के इतिहास को ही समेटे नहीं है, बल्कि इस महीने के साथ कई क्रांतियों का गौरवमयी इतिहास भी समाहित है। तारीख में उन घटनाओं को तवज्जो तो मिली है, लेकिन भावी इतिहास के संदर्भ में उनके असर को अहमियत नहीं दी गई है। बलिया, तामलुक और सतारा की क्रांतियों और वहां स्वाधीन भारत से पहले ही सुराजी या स्थानीय सरकार की स्थापनाओं ने भावी इतिहास पर कितना असर डाला, इस नजरिए से उन्हें नहीं देखा-समझा गया। नौ अगस्त 1942 की सुबह मुंबई में कांग्रेस के पूरे शीर्ष नेतृत्व को गिरफ्तार कर लिया गया। कांग्रेस के मुंबई अधिवेशन में हिस्सा लेने के लिए आ रहे वालंटियर और कार्यकताओं को या तो रास्तों के स्टेशनों पर ही उतार दिया गया या फिर गिरफ्तार कर लिया गया। इसके पहले की रात को कांग्रेस ह्यभारत छोड़ो प्रस्ताव स्वीकार कर चुकी थी। संदर्भ के लिए बता दें कि भारत छोड़ो का नारा कांग्रेस में सक्रिय समाजवादी धड़े के युवा नेता युसूफ मेहर अली ने दिया था। चूंकि आज की तरह उन दिनों संचार के माध्यम नहीं थे, लिहाजा गांधी, नेहरू, पटेल समेत तमाम कांग्रेसी शीर्ष नेतृत्व की गिरफ्तारी की खबरें देर से देश के सुदूरवर्ती इलाकों में पहुंचीं। जैसे-जैसे ये जानकारी पहुंची, इलाकों में अंग्रेज सरकार के खिलाफ बढ़ता चला गया। यूरोपीय देशों की सभ्यता की इतिहासकार जब भी चर्चा करते हैं, ब्रिटिश और फ्रेंच समाज को सबसे ज्यादा सुसंस्कृत माना जाता है। लेकिन ब्रिटिश समाज कितना सभ्य था, इसे भारत में किए उसके दमन से समझा जा सकता है। दिलचस्प यह है कि बयालिस की क्रांति के दौरान ही दूसरा विश्व युद्ध जारी था। यूरोप में हिटल को नाजी बताकर ब्रिटिश सेनाएं उसके विरोध में युद्धरत थीं। तब जर्मन शासक हिटलर यूरोप की नजर में असभ्य था। हिटलर को असभ्य और अमानवीय बताने वाली ब्रिटिश सरकार भारत में उन्हीं दिनों हिटलर जैसा ही कहर ढा रही थी।



उमेश चतुर्वेदी

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

भारत 23 अगस्त 2024 को अपना पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने जा रहा है। पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का विषय है 'चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना : भारत की अंतरिक्ष गाथा।' ज्ञात हो कि 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर को सफलतापूर्वक उतारा था। इसके साथ ही भारत चंद्रमा पर उतरने वाला चौथा देश बन गया था। बड़ी उपलब्धि यह रही कि भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश बना। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के सम्मान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 अगस्त को 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में घोषित किया था।



## राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

### आज, समारोह का उद्घाटन करेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली के भारत मंडपम में पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह का उद्घाटन करेंगी। इसमें चंद्रयान-3 द्वारा जमा किए गए डाटा को सार्वजनिक किया जाएगा। इस समारोह में अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों के बारे में आम लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए रोबोटिक चुनौती पर कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। हैकॉथन का भी आयोजन होगा। इसके साथ ही 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' पर देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## भारत की बड़ी उपलब्धि है चंद्रयान-3

# आज के ही दिन लहराया था चांद पर तिरंगा



'चंद्रयान मिशन' भारत के चंद्र अन्वेषण कार्यक्रम का एक हिस्सा है। यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का अंतरिक्ष अनुसंधान में महात्वाकांक्षी योजना है। अब तक तीन चंद्रयान मिशन हुए हैं, जिसमें चंद्रयान-2 का लैंडर उतरने में असफल रहा। पर, तीसरे अभियान 'चंद्रयान-3' में भारत को अद्भुत सफलता मिली। चंद्रयान-3 का विक्रम चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला पहला लैंडर बन गया। भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर जाने वाला पहला देश भी बन गया। ज्ञात हो कि भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम डॉ विक्रम साराभाई की संकल्पना है। वे भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक थे। वे भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के महानायक थे। वहीं, देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की अनन्य भूमिका है। यह देश का राष्ट्रीय अंतरिक्ष संस्थान है। इसकी स्थापना 1962 में एक समिति के रूप में की गई थी, जिसका नाम 'अंतरिक्ष अनुसंधान के लिए भारतीय राष्ट्रीय समिति' था। 15 अगस्त 1969 को इसका पुनर्गठन एक संगठन के रूप में किया गया और इसे 'भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन' नाम दिया गया। चंद्रयान-3 मिशन की लागत केवल 615 करोड़ रुपये है। मजेदार बात यह है कि इतनी लागत में तो हॉलीवुड की स्पेस एडवेंचर की फिल्में बनती हैं। चंद्रयान-3 की लांच की योजना वर्ष 2021 के शुरू में बनाई गई थी। लेकिन, कोविड-19 महामारी के कारण इसे वर्ष 2022 तक के लिए टाल दिया गया था। सफल लैंडिंग के लिए अतिरिक्त परीक्षण और उपकरणों में सुधार को लेकर लांच का नया शेड्यूल बनाते हुए इसे वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही तक बढ़ा दिया गया। नए शेड्यूल के अनुसार, 14 जुलाई 2023 को चंद्रयान-3 का लांच किया गया। यह 05 अगस्त 2023 को चंद्रमा के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र में प्रवेश कर गया। अंततः 23 अगस्त 2023 को चंद्रयान-3 का लैंडर 'विक्रम' चंद्रमा के दक्षिणी धुरव पर सॉफ्ट लैंडिंग करने मे सफल रहा और चांद पर भारत का तिरंगा शान से लहराया। इससे भारत चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला चौथा देश बन गया। भारत से पहले रूस (उस समय सोवियत संघ), अमेरिका (यूएसए) और चीन के यान ने चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की है।

**23**

*अगस्त 2023 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर को सफलतापूर्वक उतारा गया था। इसके साथ ही भारत चंद्रमा पर उतरने वाला चौथा देश बन गया था।*

## भारत के अब तक के चंद्रयान मिशन

**चंद्रयान-1 :** चंद्रयान-1 मुख्यतः आर्बिटर मिशन था। यह सौर ऊर्जा चालित क्यूबॉइड ऑर्बिटर (ग्रह या उपग्रह की कक्षा में चकर लगाने वाला यान) था। 22 अक्टूबर 2008 को चंद्रयान-1 को पीएसएलवी-एक्सएल के जरिये लांच किया गया था। मून इंपैक्ट प्रोब के साथ चंद्रयान-1 का वजन 1380 किलोग्राम था। इसमें एक्स बैंड फ्रीक्वेंसी से वैज्ञानिक डाटा का ट्रांसमिशन होता था, जबकि एस बैंड फ्रीक्वेंसी से टेलीमेट्री ट्रैकिंग होती थी। 8 नवंबर 2008 को ऑर्बिटर-इंपैक्टर चंद्रमा के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र में प्रवेश किया। चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश करने के कुछ ही दिनों बाद 25 नवंबर 2008 को चंद्रयान-1 का मिशन ओवरहीटिंग के कारण समाप्त हो गया।

**चंद्रयान-2 :** चंद्रयान-2 चंद्रमा पर भारत का दूसरा मिशन था। यह 14 जुलाई 2019 को लांच किया गया था। चंद्रयान-2 चंद्रमा की कक्षा में 20 अगस्त 2019 को पहुंचा था। 02 सितंबर 2019 को विक्रम लैंडर आर्बिटर से अलग होकर सॉफ्ट लैंडिंग के लिए चंद्र सतह की ओर चला था। लेकिन, विक्रम की क्रैश लैंडिंग हो गई थी और चंद्रयान-2 मिशन असफल हो गया था। चंद्रयान-2 में एक आर्बिटर, लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) शामिल किए गए थे। इसके आर्बिटर में आधुनिक कैमरे और उपकरण लगे थे। चंद्रयान-2 मिशन का प्राथमिक उद्देश्य चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करना था। इसके साथ ही चंद्रमा की सतह पर रोवर संचालित करना भी इसके महत्वपूर्ण उद्देश्य था। चंद्रमा के एक्सोस्फीयर (वायुमंडल की सबसे बाहरी हिस्सा) और सतह का अध्ययन इसके प्रमुख कार्यों में शामिल था। चंद्र सतह पर खनिजों के अध्ययन के अलावा पानी और बर्फ का अध्ययन करना भी इसका महत्वपूर्ण मिशन था। चंद्रयान-2 का वजन आर्बिटर, लैंडर और रोवर सहित 3850 किलोग्राम था। इसमें अन्य वैज्ञानिक उपकरण भी लगे थे।

**चंद्रयान-3 :** चंद्रयान-3 मिशन 14 जुलाई 2023 को लांच किया गया था। इसे एलवीएम-3 से लांच किया गया था। अंतिम चंद्र कक्षा में यह 16 अगस्त 2023 को प्रवेश किया था। चंद्रयान-3 का लैंडर और रोवर 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक उतरा था और इसी के साथ भारत ने इतिहास रच दिया था। इस मिशन में भी एक आर्बिटर, लैंडर और रोवर शामिल थे। चंद्रयान-3 के लैंडर का नाम भी विक्रम था। इसके रोवर का नाम भी प्रज्ञान था। लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान के मिशन की अवधि 14 दिन की थी। इसलिए पहले से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विक्रम 03 सितंबर 2023 को स्लीप मोड में चला गया। चंद्रयान-3 मिशन के तीन उद्देश्य थे। इसमें पहला और सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य था लैंडर विक्रम को चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग कराना। चंद्रमा की सतह पर रोवर की विचरण क्षमताओं का अध्ययन करना दूसरा उद्देश्य था। चंद्रमा की संरचना को समझना और सतह पर उपलब्ध प्राकृतिक तत्वों, मिट्टी, पानी आदि पर वैज्ञानिक प्रयोग करना इसका तीसरा उद्देश्य था।

## भविष्य के चंद्रयान मिशन

**चंद्रयान-4 :** चंद्रयान-4 चंद्रयान कार्यक्रम का चौथा मिशन होगा। यह वर्ष 2026 से 2028 के बीच लांच हो सकता है। यह चंद्रमा के धुरव के पास लैंडर-रोवर मिशन है। यह ऑनसाइट चंद्र नमूनों का विश्लेषण करेगा। भारत के इस मिशन में जापान भी सहयोग कर रहा है। चंद्रयान-4 में चार माड्यूल शामिल रहेंगे। ये हैं ट्रांसफर मॉड्यूल (टीएम), लैंडर मॉड्यूल (एलएम), एसेंडर मॉड्यूल (एएम) और रीएंट्री मॉड्यूल (आरएम)। इस मिशन का जीवन काल एक चंद्र दिवस (एक पूर्ण चंद्र दिन-रात चक्र) है, जो लगभग 14 पृथ्वी दिवस के बराबर है। यह चंद्रयान-3 की लैंडिंग साइट शिव शक्ति स्टेशन के पास लैंड करेगा।

**चंद्रयान-5 :** इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने 20 अगस्त 2024 को चंद्रयान-5 मिशन की घोषणा की। यह लंबी अवधि का अन्वेषण मिशन होगा। चंद्रयान-5 अन्य अन्वेषण के अलावा चंद्रमा पर दीर्घकालिक उपस्थिति के संबंध में भी अध्ययन करेगा। इससे आगे के मिशन जैसे चंद्रयान-6 चंद्रमा पर लंबी अवधि तक रहने के लिए आवासीय विकास की संभावनाओं का अध्ययन करेगा। इससे वहां आवासीय स्टेशन विकसित करने में सहाता मिलेगी। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ के एक साक्षात्कार के अनुसार, भारत स्वदेशी मानवयुक्त मिशन तक ऐसे चंद्रयान भेजना जारी रखेगा।

# श्याम रजक का राजद से इस्तीफा

- एक सप्ताह पहले श्याम रजक ने मुख्यमंत्री आवास जाकर नीतीश कुमार से मुलाकात की थी।

एजेंसी



**पटना।** पूर्व मंत्री और आरजेडी के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक ने राजद की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। कहा जा रहा है कि वो जदयू में शामिल होंगे। उनके इस्तीफे की पुष्टि हो गयी। श्याम रजक ने राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को पार्टी से अपना इस्तीफा भेज दिया है। श्याम रजक ने लालू यादव को भेजे पत्र में कहा गया है कि वे पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं। श्याम रजक ने अपने पत्र में लालू के लिए एक शेर भी लिखा है- मैं शतरंज का शौकीन नहीं था, इसलिए धोखा खा गया।

आप मोहरे चल रहे थे, मैं रिश्तेदारी निभा रहा था। जदयू में शामिल होंगे। जदयू सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार श्याम रजक एक सितंबर को जदयू में शामिल होंगे। दरअसल एक सप्ताह पहले श्याम रजक ने मुख्यमंत्री आवास जाकर नीतीश कुमार से मुलाकात की थी। नीतीश कुमार के साथ लंबे अर्से तक काम कर चुके श्याम रजक ने फिर से जदयू में शामिल होने की इच्छा जतायी। नीतीश कुमार ने उन्हें पार्टी में शामिल करने की मंजूरी दे दी है। श्याम रजक राजद के राष्ट्रीय महासचिव पद पर थे लेकिन पार्टी की मुख्यधारा से अलग कर दिये गये थे। ऐसे में उन्होंने पुराने घर में वापसी का रास्ता चुना है।

### राजद से शुरू की थी राजनीति

लालू-राबड़ी के साथ राजनीति शुरू करने वाले श्याम रजक लंबे समय तक राजद के शासन काल में मंत्री रहे। 2005 में राजद का शासन खत्म होने के बाद 2009 में श्याम रजक ने जदयू का दामन थाम लिया था। 2010 में वे नीतीश सरकार में मंत्री बनाये गये थे। 2020 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले श्याम रजक ने मंत्री पद और जदयू की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था औ? राजद में शामिल हो गये थे। लालू प्रसाद ने उन्हें 2020 के विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं दिया। किसी दूसरी जगह एडजस्ट भी नहीं किया। अब श्याम रजक फिर से नीतीश कुमार का दामन थामने की तैयारी में हैं।

## लोहापट्टी में जल कर राख हुए 5 कारखाने

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कोलकाता के लोहापट्टी इलाके में बुधवार देर रात भीषण आग लगने से कई गोदाम जलकर खाक हो गए। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार देर रात करीब डेढ़ बजे आग लग गई थी, जिसके बाद दमकल की करीब 20 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और करीब सात घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है। उन्होंने बताया कि आग मानिकतला के पास भीड़-भाड़ वाले इलाके में स्थित प्लास्टिक सामग्री रखने के एक गोदाम में सबसे पहले लगी थी और फिर इसने आसपास के गोदामों को अपनी चपेट में ले लिया और विकराल रूप धारण कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में कम से कम पांच गोदाम जलकर राख हो गए, लेकिन इसमें किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है।

# भाजपा ने किया स्वास्थ्य भवन की ओर विरोध मार्च, पुलिस से जमकर हुई मारपीट

एजेंसी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल भाजपा इकाई ने गुरुवार को महिला डॉक्टर की हत्या और दुष्कर्म के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए स्वास्थ्य भवन की ओर मार्च किया। भाजपा का यह विरोध मार्च स्वास्थ्य भवन, जो कि राज्य स्वास्थ्य विभाग का मुख्यालय है, की ओर दोपहर को हाडको क्रॉसिंग से शुरू हुआ। इसमें भाजपा के सभी दिग्गज नेता शामिल हुए। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष, नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी, भाजपा विधायक अग्निमित्र पॉल, अर्जुन सिंह समेत अन्य नेताओं ने रैली में मार्च किया। इन्हें हिरासत में लेने के लिए पुलिस लगातार घेराबंदी करती रही लेकिन कार्यकताओं ने पुलिस के साथ जमकर हाथापाई की। स्वास्थ्य भवन से चार किलोमीटर दूर से ही पुलिस ने रोकने की कोशिशें शुरू कर दी लेकिन रोक नहीं पाए और भाजपा के प्रदर्शनकारी स्वास्थ्य भवन के करीब पहुंच गए हैं। भाजपा नेता दिलीप घोष ने इस मौके पर कहा कि हम सच को सामने लाना चाहते हैं और न्याय चाहते हैं। राज्य सरकार और राज्य स्वास्थ्य विभाग सच्चाई को छिपाने का प्रयास कर रहे हैं। राज्य स्वास्थ्य विभाग और आरजी कर अस्पताल ने सबूत मिटाने की कोशिश की है।

सड़कों पर हमें न्याय चाहिए के नारे गूंज उठे, जो हर कोने से महिलाओं के सामूहिक गुस्से और दुख को प्रतिबिंबित कर रहे थे। पार्टी कार्यकर्ता, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं, एक साथ मार्च करते हुए महिलाओं के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने और जवाबदेही की मांग कर रहे थे।

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर पकड़ा गया बांग्लादेशी युवक

**कूचबिहार।** जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात उत्तर बंगाल फ्रंटियर के जलपाईगुड़ी सेक्टर के अंतर्गत बॉर्डर आउट पोस्ट (बीओपी) चेंगराबांधा के सीमा जवानों ने एक बांग्लादेशी युवक को घुसपैठ करते पकड़ा है। पकड़े गए बांग्लादेशी युवक का नाम मसूद रहमान (18) है। बीएसएफ ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। बीएसएफ के अनुसार, बांग्लादेशी युवक को उस समय पकड़ा जब वह बांग्लादेश से भारत की सीमा पार करने की कोशिश कर रहा था।

## राहुल के लिए चुनाव सर्वोच्च पीएम के लिए कश्मीर की शांति

एजेंसी



**दिल्ली/पटना।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दो दिन के जम्मू-कश्मीर दौरे पर हैं। वहीं, राहुल गांधी के जम्मू कश्मीर दौरे पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने तंज कसा है। गिरिराज सिंह ने कहा कि राहुल गांधी के लिए चुनाव सर्वोच्च है, पीएम मोदी के लिए कश्मीर की शांति, समृद्धि और विकास सर्वोच्च है और उन्होंने इसे पूरा किया है। पहले वहां तिरंगा नहीं फहराया जाता था। महबूबा मुफ्ती ने कहा है कि अगर तिरंगा फहराया गया तो कोई भी तिरंगा उठाने वाला नहीं रहेगा, आज दोनों देख सकते हैं कि लाल चौक पर क्या हो रहा है। बता दें कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद दोनों नेताओं का यह पहला दौरा है। दोनों नेता बुधवार देर शाम पार्टी के प्रमुख नेताओं से मिले और चुनावी तैयारियों पर अपडेट लिया।

## गजराजगंज में कार हादसा, पांच की मौत

**पटना/भोजपुर।** बिहार में भोजपुर जिले के गजराजगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह साढ़े पांच बजे बीबीगंज पुल के पास कार हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। इनमें तीन पुरुष और दो महिला हैं। दो लोग बुरी तरह घायल हो गए। कार में कुल सात लोग ही सवार थे। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस का कहना है कि हादसा कैसे हुआ, इसकी जानकारी ली जा रही है। साथ ही मृतकों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। सभी लोग विंध्याचल से आ रहे थे। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# घर से बुलाकर युवक की गोली मारकर हत्या, घटना स्थल से 3 खोखा बरामद

एजेंसी

**फारबिसगंज/ अररिया।** अररिया के रानीगंज में बदमाशों ने घर से बुलाकर एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। रानीगंज थाना क्षेत्र के विस्टोरिया पंचायत स्थित कोशी भित्ता बहियार के समीप बुधवार की देर रात एक 32 वर्षीय युवक की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी गयी। बताया जा रहा है की उसके सर, सीने और पैर में गोली मारी गयी। रानीगंज थाना क्षेत्र के भोरहा पंचायत के रामपुर निवासी अफरोज आलम का बेटा था मृतक अमरोज आलम। बताया जा रहा है की मृतक अमरोज आलम जम्मू कश्मीर में एक दुकान में नौकरी करता था वह तीन-चार माह पहले ही जम्मू कश्मीर से घर आया था। वही, पुलिस इस मामले में घटना स्थल पर पहुंचकर छानबीन कर रही है। वही, अबतक हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

गुरुवार को इस घटना के संदर्भ में मृतक युवक की पत्नी बिजली खातून ने बताया कि अमरोज बुधवार की देर शाम करीब सात बजे घर से निकले। अमरोज ने कहा कि पांच मिनट में आते हैं। यह कहकर वह बाइक से निकला था। जब देर रात तक वे घर नहीं लौटे तो परिजनों को अनहोनी की आंशका हुई। इसके बाद परिजन रात भर अमरोज को ढूंढते रहे। इस बीच अमरोज का मोबाइल बंद आ रहा था। मृतक की पत्नी ने बताया कि गुरुवार सुबह पता चला कि उनको गोली मार कर हत्या कर दी गयी है। उन्हें घर से बुलाकर गोली मारी गई। वही, इस घटना से परिवार में हाहाकार मच गया।

## 'बिहार गड़ेरिया मोर्चा' का वीआईपी में विलय

**पटना।** बिहार गड़ेरिया मोर्चा संगठन का विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के पटना स्थित कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में वीआईपी में विलय हो गया। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष पाल ने अपने सैकड़ों सहयोगियों के साथ वीआईपी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में आए सभी लोगों का स्वागत करते हुए वीआईपी के प्रमुख और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने दावा किया कि बिहार में बदलाव होकर रहेगा। हम सभी मिलकर इसके बदलाव के लिए कार्य करेंगे।



मणिपुर के डीजीपी ने पेरिस ओलंपियन मीराबाई चानू, नीलकांत शर्मा को किया सम्मानित

# काउंटी चैंपियनशिप 2025 में ससेक्स के लिए नहीं खेलेंगे चेतेश्वर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय टेस्ट विशेषज्ञ बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा अगले साल काउंटी चैंपियनशिप के लिए ससेक्स की टीम का हिस्सा नहीं होंगे, क्योंकि इंग्लिश क्लब ने उन्हें हटाकर आस्ट्रेलियाई डेनियल ह्यूजेस की सेवाएं बरकरार रखने का फैसला किया है। बाएं हाथ के यूजेस अगले सत्र में सभी चैंपियनशिप और टी20 विटैलिटी ब्लास्ट मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। क्लब ने यह भी घोषणा की कि वेस्टइंडीज के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेडन सेल्स चैंपियनशिप के पहले ब्लॉक में खेलेंगे। पुजारा ने यूजेस के आने से पहले पहले सात चैंपियनशिप मैच खेले थे। ससेक्स के मुख्य कोच पॉल फारब्रेस ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर एक बयान में कहा, "चेतेश्वर की जगह लेना कोई आसान काम नहीं है, लेकिन डैन ने शानदार तरीके से काम किया है और हम सभी खुश हैं कि वह अगले पूरे सत्र के लिए वापस आ जाएंगे।" यूजेस इस साल के ब्लास्ट के ग्रुप स्टेज में 43.07 की औसत से 560 रन बनाकर सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे, जिसमें पाँच अर्द्धशतक और नाबाद 96 रन का उच्चतम स्कोर शामिल था। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने 4 सितंबर को घरेलू मैदान पर लंकाशायर लाइटनिंग के खिलाफ़ क्वार्टर फ़ाइनल में ससेक्स की मदद की। वह इस सीज़न में ससेक्स के अंतिम पाँच चैम्पियनशिप खेलों में भी शामिल होंगे। फारब्रेस ने कहा, "डैन मैदान के अंदर और बाहर हमारे लिए शीर्ष श्रेणी के खिलाड़ी रहे हैं। वह ड्रेसिंग रूम में बहुत अनुभव लेकर आए हैं और उन्होंने हमारे कुछ युवा बल्लेबाजों को उनके खेल के विकास में गंभीरता से मदद की है।"

**"चेतेश्वर की जगह लेना कोई आसान काम नहीं है : पॉल फारब्रेस**

## खेलो झारखंड जोनल वीमेन वुशु लीग कल से मेरठ में




**रांची।** खेलो झारखंड जोनल वीमेन वुशु लीग 24 अगस्त से मेरठ में आयोजित होगा। यह लीग 24 से 27 अगस्त तक मेरठ के गॉडविन पब्लिक स्कूल में आयोजित होनी है। पूरे भारत में महिलाओं के बीच वुशु खेल को ग्रासरूट लेवल तक विकसित करने के उद्देश्य से स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के द्वारा इस अस्मिता योजना की शुरुआत की गयी है। इस प्रतियोगिता में पूरे जोन के तक़रीबन 500 खिलाड़ी 7.20 लाख की इनामी राशि के लिए जोर आजमाइश करेंगी। झारखंड से 45 सदस्यों वाली महिला टीम इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना होगी।

## अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के सहायक कोच नियुक्त हुए आर श्रीधर

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने भारत के पूर्व फील्डिंग कोच आर. श्रीधर को सीनियर पुरुष टीम का सहायक कोच नियुक्त किया है। 54 वर्षीय श्रीधर न्यूजीलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए टीम से जुड़ेंगे। लंबी अवधि के अनुबंध पर बाद में विचार-विमर्श किया जा सकता है। श्रीधर के पास कोचिंग का अच्छा खासा अनुभव है और उन्होंने 2021 टी20 विश्व कप तक रवि शास्त्री के अधीन भारत के फील्डिंग कोच के रूप में काम किया है। 2008 से 2014 तक, पूर्व प्रथम श्रेणी बाएं हाथ के स्पिनर ने भारत की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में सहायक फील्डिंग और स्पिन गेंदबाजी कोच के रूप में भी काम किया और 2014 के भारत अंडर-19 विश्व कप टीम के सहायक कोच भी रहे। उन्होंने आईपीएल में किंग्स इलेवन पंजाब फ्रैंचाइज़ी के साथ कोचिंग का भी लुत्फ़ उठाया है। अफगानिस्तान टीम में श्रीधर मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट के अधीन काम करेंगे, क्योंकि टीम 9 सितंबर से नोएडा में न्यूजीलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच खेलेगी।

# रोहित को इंटरनेशनल क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवार्ड से किया गया सम्मानित

**एजेंसी। मुंबई**

भारत के कप्तान रोहित शर्मा को बुधवार को यहां सिएट क्रिकेट रेटिंग अवॉर्ड्स 2023-24 में 'मेन्स इंटरनेशनल क्रिकेटर ऑफ द ईयर' से सम्मानित किया गया, जबकि पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से नवाजा गया। भारत के धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली को 'पुरुष वनडे बल्लेबाज ऑफ द ईयर' चुना गया, जबकि गेंदबाजी में मोहम्मद शमी को 'वनडे बॉलर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार दिया गया। 2023 वनडे विश्व कप के दौरान शमी का उत्कृष्ट प्रदर्शन, जहां वह 24 विकेट के साथ सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में उभरे। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 712 रन बनाने वाले युवा सनसनी यशस्वी जायसवाल को 'पुरुष टेस्ट बल्लेबाज ऑफ द ईयर' के रूप में सम्मानित किया गया था। टेस्ट क्रिकेट में जायसवाल का उत्थान शानदार रहा है, उनके असाधारण प्रदर्शन को व्यापक प्रशंसा मिली है। अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को 'वर्ष का पुरुष टेस्ट गेंदबाज' नामित किया गया। बीसीसीआई सचिव जय शाह को भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान के लिए 'खेल प्रशासन में उत्कृष्टता पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।




पिछले सीज़न में रणजी ट्रॉफी फाइनल में अपनी टीम का नेतृत्व करने वाले तमिलनाडु के कप्तान आर साई किशोर को 'घरेलू क्रिकेटर ऑफ द ईयर' नामित किया गया। न्यूजीलैंड के टिम साउदी को 'पुरुष टी20 गेंदबाज ऑफ द ईयर' के रूप में सम्मानित किया गया, जबकि इंग्लैंड के फिल साल्ट को टी20 प्रारूप में 'वर्ष का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज' चुना गया। भारत की महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को टी20 इतिहास में सर्वाधिक मैचों में देश का नेतृत्व करने के लिए स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। उनकी डिप्टी स्मृति मंधाना को 'वर्ष की महिला भारतीय बल्लेबाज' नामित किया गया, जबकि दीप्ति शर्मा को 'वर्ष की भारतीय गेंदबाज' के रूप में मान्यता दी गई। शैफाली वर्मा को महिला टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक बनाने की उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए एक स्मृति चिन्ह मिला, यह उपलब्धि उन्होंने इस साल की शुरुआत में चेन्नई टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सिर्फ 194 गेंदों पर हासिल की थी।

## ऐतिहासिक ओलंपिक के बाद अर्चना कामथ ने शिक्षा के लिए टेबल टेनिस छोड़ दिया



**नई दिल्ली।** भारत की शीर्ष पैडलर अर्चना कामथ ने शिक्षा के प्रति अपने जुनून को आगे बढ़ाने के लिए टेबल टेनिस छोड़ दिया है। 24 वर्षीय ओलंपियन, जो पेरिस ओलंपिक में इतिहास रचने वाली भारत की महिला टीम की प्रमुख सदस्य थीं, ने कहा कि उनका निर्णय पूरी तरह से पढ़ाई के प्रति उनके प्यार से प्रेरित है। उसने मिशिगन , जहां वह वर्तमान में पढ़ रही है,से द इंडियन एक्सप्रेस को बताया, "अगर मैंने प्रतिस्पर्धी टेबल टेनिस से संन्यास ले लिया है, तो यह केवल और केवल शिक्षा के प्रति मेरे जुनून के कारण है। वित्तीय सहित असाधारण समर्थन प्राप्त करने के बाद, मैं विश्वास के साथ कह सकती हूं कि यह किसी भी तरह से वित्तीय निर्णय नहीं था। "कामथ ने भारत की टीम को पेरिस में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो भारतीय टेबल टेनिस के लिए एक मील का पत्थर था। जर्मनी से कड़ी हार के बावजूद, कामथ एकमात्र उज्ज्वल स्थान थीं, जिन्होंने उच्च रैंकिंग वाली ज़ियाओना शान के खिलाफ जीत हासिल की। कामथ के जाने से भारत में टेबल टेनिस को आगे बढ़ाने की वित्तीय व्यवहार्यता पर सवाल उठे, लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि वित्तीय चिंताओं ने उनके निर्णय में कोई भूमिका नहीं निभाई। कामथ ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया, "टेबल टेनिस के साथ मेरे 15 साल शानदार रहे हैं और अपने देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का मौका मिलने से बड़ा कोई सम्मान नहीं है।

### राज्यस्तरीय नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता 2024-25 का हुआ उद्घाटन

# स्कूलों में खेल प्रतिभा की कमी नहीं : उत्कर्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के तत्वाधान में आयोजित राज्यस्तरीय जवाहरलाल नेहरू कप 2024-25 का आज उद्घाटन हुआ। उद्घाटन समारोह में माध्यमिक शिक्षा निदेशक उत्कर्ष गुप्ता और खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशक संदीप कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि राज्य के विद्यालयों में खेल प्रतिभाओ की कोई कमी नहीं है। हमारे छात्र लगातार राष्ट्रीय- अंतराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगीयताओ में अपना लोहा मनवा रहे हैं। राज्य सरकार इन प्रतिभाओं को मंच देने और इन्हे प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। समारोह को संबोधित करते हुए खेल कूद एवं युवा कार्य निदेशक श्री संदीप कुमार ने कहा कि राज्य के विद्यार्थियों में खेल के प्रति आकर्षण बढ़ा है, और खेलकूद विभाग शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए इन प्रतिभाओ को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। भविष्य में भी राष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजनों की मेजबानी का अवसर राज्य को मिला है, विभाग की ओर से खिलाड़ियों को हर संभव सहायता दी जाएगी।

**अंडर 17 बालिका वर्ग मुकाबले में हुए प्रतियोगिताओं के परिणाम**

- खूंटी बनाम चतरा के बीच हुए मुकाबले में खूँटी की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चतरा को 14-0 से दी मात।
- लोहरदगा बनाम हजारीबाग के बीच हुए मुकाबले में हजारीबाग की बालिका टीम ने लोहरदगा को 9-0 से दी शिकस्त।
- गिरिडीह बनाम सरायकेला के बीच हुए मुकाबले में गिरिडीह की बालिका टीम ने एक गोल कर जीत दर्ज की
- पश्चिमी सिंघभूम बनाम बोकारो के बीच हुए मुकाबले में बोकारो की बालिका टीम ने एक गोल कर जीत दर्ज की
- गुमला बनाम रामगढ़ के बीच हुए मुकाबले में आज गुमला की बालिका टीम ने 13-0 के बड़े अंतर से जीत दर्ज की।

**अंडर 17 बालक वर्ग मुकाबले में हुए प्रतियोगिताओ के परिणाम**

- चतरा बनाम सरायकेला के बीच हुए मुकाबले में चतरा की बालक टीम ने 3-0 से सरायकेला को पराजित किया
- रांची बनाम गिरिडीह के बीच हुए मुकाबले में रांची की बालक टीम ने गिरिडीह को 4-0 से दी शिकस्त
- -पश्चिमी सिंघभूम बनाम गुमला के बीच हुए मुकाबले में गुमला की बालक टीम ने पश्चिमी सिंघभूम को 3-0 से दी शिकस्त
- अंडर 15 बालक वर्ग मुकाबले में आज हुए प्रतियोगिताओ के परिणाम ??
- रांची बनाम सरायकेला के बीच हुए मुकाबले में रांची की बालक टीम ने सरायकेला को 10-0 के बड़े अंतर से किया पराजित।

## बेंगलुरु स्मैशर्स ने अल्वारो रॉबल्स को कप्तान नियुक्त किया

**चे न्नई।** अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) 2024 में स्टार स्पेनिश पैडलर अल्वारो रॉबल्स बेंगलुरु स्मैशर्स टीम की कप्तानी करेंगे। यूटीटी 2024 की शुरुआत शुक्रवार को चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में हो रही है, पहले मैच में चेन्नई लायंस का सामना बेंगलुरु स्मैशर्स की टीम से होगा। 33 वर्षीय रॉबल्स प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की एक टीम का नेतृत्व करेंगे, जिसमें भारतीय शीर्ष खिलाड़ी मनिका बत्रा, यूएसए की सनसनी लिली झांग, युवा जीत चंद्रा और तनीषा कोटेचा और बेहद अनुभवी अमलराज एंथोनी शामिल हैं।

# साईनाथ पारधी ने जीता कांस्य, चार भारतीय महिला पहलवान फाइनल में

**एजेंसी। नई दिल्ली**

साईनाथ पारधी ने बुधवार को जॉर्डन के अम्मान में अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत के लिए दूसरा पदक जीता, जब उन्होंने पुरुषों के 51 किग्रा ग्रीको-रोमन वर्ग में कजाकिस्तान के येरासिल मुसन पर 3-1 से जीत के साथ कांस्य हासिल किया। पारधी ने रेपेचेज राउंड में यूएसए की मुनारेटो डोमेनिक माइकल को 7-1 से हराकर पदक मुकाबले में प्रवेश किया था।

**चार भारतीय महिला पहलवान**



**फाइनल में पहुंचीं-**

43 किग्रा वर्ग में अदिति कुमारी ने अलेक्जेंड्रा बेरेज़ोवस्काया को 8-2 से हराकर स्वर्ण पदक मैच में प्रवेश किया और अब उनका सामना ग्रीस की मारिया एल गिका से होगा। अदिति ने यूक्रेन की कैरोलिन शपरिक (10-0) और मैरिएम मोहम्मद अब्देलाल (4-2) के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए नॉकआउट में प्रवेश किया। 57 किग्रा के सेमीफाइनल में नेहा ने कजाकिस्तान की अन्ना स्ट्रेटन को 8-4 से हराया और अब उनका मुकाबला जापान की सो त्सुत्सुई से होगा। नेहा ने बिना कोई अंक गंवाए सेमीफाइनल में जगह बनाई क्योंकि उन्होंने ग्रीक प्रतिद्वंद्वी मैरी मनी को पिन किया और फिर जॉर्जिया की मिरांडा कपानाडेज़ के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की। 65 किग्रा वर्ग में पुलकित ने मिस्र की मरम इब्राहिम एली पर 3-0 से जीत हासिल की और फाइनल में डारिया फ्रोलोवा से भिड़ेंगी।



# भारत का प्रत्यक्ष कर संग्रह बीते 10 वर्षों में तीन गुना बढ़कर 20 लाख करोड़ रुपये हुआ : राजस्व सचिव

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत का प्रत्यक्ष कर संग्रह पिछले दस वर्षों में 5.59 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 20 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इस दौरान टैक्स-टू-जीडीपी रेश्यो भी बढ़कर 6 प्रतिशत पर पहुंच गया है, जो कि पहले 5.6 प्रतिशत था। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने यह जानकारी दी।

'इनकम टैक्स डे' पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को टेक्नोलॉजी और करदाताओं की सुविधा बढ़ाने पर फोकस करना चाहिए।

इसके साथ ही उन्होंने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के तेजी से काम करने को भी हाईलाइट करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में 7.28 करोड़ (31 जुलाई तक) आईटीआर जमा हुए। इसमें से 4.98 करोड़ आईटीआर प्रोसेस हो चुके हैं।

3.92 करोड़ आईटीआर 15 से कम दिनों में ही प्रोसेस हो चुके थे।




इनकम टैक्स डिपार्टमेंट पिछले कुछ वर्षों में टैक्स बेस को दोगुना करने में सफल रहा है। साथ ही फेसलेस रिजीम, ई-वेरिफिकेशन और ई-फाइलिंग आदि के जरिए करदाताओं के लिए अनुपालन को कम किया है।

इसी कार्यक्रम में सीबीडीटी के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने कहा कि डिपार्टमेंट का फोकस करदाताओं के लिए सर्विसेज को बढ़ाने और टेक्नोलॉजी के लिए अनुपालन को कम करने पर है।

उन्होंने आगे कहा कि बीते वित्त वर्ष शुद्ध कर संग्रह में 17.7 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली थी। वहीं, पिछले वर्ष के मुकाबले इस साल (31 जुलाई तक) जमा होने वाले आईटीआर की संख्या में 7.5 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वहीं, 72 प्रतिशत इनकम टैक्स रिटर्न नई टैक्स रिजीम के तहत भरे गए हैं। इसमें 58.57 लाख पहली बार इनकम टैक्स रिटर्न जमा करने वाले थे, जो दिखाता है कि टैक्स बेस भारत में बड़ा हो रहा है।

## देश की जीडीपी ग्रोथ रेट पहली तिमाही में 6 फीसदी रहने का अनुमान



**नई दिल्ली।** घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सरकारी पूंजीगत व्यय में कमी तथा शहरी उपभोक्ता मांग में नरमी आने से देश की आर्थिक वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में छह फीसदी रहने का अनुमान जताया है। हालांकि जून तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर के आधिकारिक आंकड़े 30 अगस्त को आएंगे। निवेश सूचना और क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा (आईसीआरए लिमिटेड) ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अप्रैल-जून तिमाही में छह फीसदी रहने का अनुमान है, जो पिछली छह तिमाहियों में सबसे कम है। इक्रा ने पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 6.8 फीसदी रहने की उम्मीद जताई है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में दर्ज 8.2 फीसदी की ग्रोथ से कम है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर का आधिकारिक आंकड़ा 30 अगस्त, 2024 को जारी करेगा। इससे पिछले वित्त 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर 8.2 फीसदी रही थी। हालांकि, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) को चालू वित्त वर्ष में जीडीपी ग्रोथ 7.2 फीसदी और पहली तिमाही में वृद्धि दर 7.1 फीसदी रहने का अनुमान है।

## स्थानीय टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग से पैदा होंगी एंट्री लेवल की ज्यादा नौकरियां : केंद्रीय मंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के तहत स्थानीय टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग पर जोर देने से एंट्री लेवल की नौकरियों के अधिक अवसर पैदा होंगे और इससे अधिक कुशल मानव संसाधन बनाने में सफलता मिलेगी। केंद्र की ओर से यह बयान दिया गया है। टेलीकॉम सेक्टर के लिए उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग करने वाली कंपनियों से बातचीत करते हुए केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समावेशी और सहयोगात्मक नीतिगत निर्णय लेने को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। मंत्री ने कहा कि सरकार का ध्यान तय समय में समस्याओं को सुलझाने और साथ ही इंडस्ट्री-फ्रेंडली प्रोसेस बनाने पर है। यह मीटिंग टेलीकॉम उपकरण बनाने वाली कंपनियों के साथ हाल ही में बनाई गई स्टेकहोल्डर एडवाइजरी कमेटी (एसएसी) का हिस्सा थी। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री ने देश में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने, व्यावहारिक कार्यान्वयन दृष्टिकोण अपनाने और कारोबार में आसानी के साथ पिछली बैठक में चर्चा में लाए गए मुद्दों की समीक्षा की। एसएसी ने इस बैठक में विश्वास जताया कि टेलीकॉम उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग घरेलू स्तर पर बढ़ने से बड़ी संख्या में एंट्री लेवल की जॉब पैदा होगी। इसके साथ ही कुशल मानव संसाधन बनाने में सफलता मिलेगी। संचार मंत्रालय की ओर से कहा गया कि यह पहल भारत के टेलीकम्यूनिकेशन इकोसिस्टम के भविष्य के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इंडस्ट्री के सदस्यों ने भी कहा कि अगर सरकार के साथ हम मिलकर काम करेंगे तो घरेलू के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी टेलीकॉम सेक्टर में ग्रोथ देखने को मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ने भरोसा दिलाया कि टेलीकॉम उपकरण बनाने वाली कंपनियों द्वारा उठाए गए मुद्दों को सुलझाने में सरकार पूरा सहयोग देगी। साथ ही कहा कि कंपनियों को भी अन्य देशों में अपनाई जाने वाली बेस्ट प्रैक्टिस को फॉलो करना होगा। मंत्रालय के अनुसार, पीएलआई स्कीम आने के बाद देश में बने टेलीकॉम उपकरणों की बिक्री 50,000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गई है।



## ओला-उबर के विरोध में दिल्ली-एनसीआर में दो दिन तक ऑटो-टैक्सी की हड़ताल

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में ऑटो-टैक्सी चालकों ने गुरुवार से दो दिन की हड़ताल का ऐलान किया है। उन्होंने ओला-उबर के विरोध में हड़ताल का आह्वान किया है। ऑटो-टैक्सी चालक एसोसिएशन का कहना है ओला-उबर के कारण उनकी कमाई पर असर पड़ रहा है। ऑटो-टैक्सी की हड़ताल पर टैक्सी चालकों की प्रतिक्रिया सामने आई है। टैक्सी चालक सुनील कुमार ने बताया कि गुरुवार और शुक्रवार के लिए हड़ताल की अपील की गई है। ओला-उबर में जो गाड़ी चलती है, उसके चलते हमारी गाड़ी नहीं चल पा रही है। हमें यूनियन की तरफ से आदेश आया है। उनका कहना है कि पहले सीएनजी 40 प्रति लीटर थी, लेकिन आज 70 से ऊपर है। किराया हमारा बढ़ाया नहीं है और 9 रुपये प्रति किलोमीटर का रेट हमें ओला-उबर से मिल रहा है, जबकि 15 रुपये प्रति किलोमीटर का रेट होना चाहिए।

# भारत का मोबाइल फोन निर्यात अप्रैल-जुलाई में बढ़कर 6.5 अरब डॉलर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत का मोबाइल फोन निर्यात अप्रैल-जुलाई की अवधि में बढ़कर 6.5 अरब डॉलर पहुंच गया है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि से 40 प्रतिशत अधिक है। गुरुवार को जारी हुए इंडस्ट्री डेटा से यह जानकारी मिली है। भारत ने जुलाई के महीने में एक अरब डॉलर से अधिक के आईफोन का निर्यात किया है। वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में मासिक आधार पर प्रदर्शन करीब ऐसा ही रहा है। इंडस्ट्री डेटा के मुताबिक, मौजूदा समय में भारत के कुल मोबाइल निर्यात का 70 प्रतिशत आईफोन से आता है। बता दें, भारत सरकार द्वारा प्रोडक्शन लिंक्ड स्कीम लॉन्च करने के बाद देश में मोबाइल फोन का उत्पादन तेजी से बढ़ा है।चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीने में आईफोन बिक्री में इजाफा हुआ है। लेटेस्ट फीचर होने के कारण आईफोन 15 बिक्री में शीर्ष पर है।वित्त वर्ष 2023-24 में एप्पल की भारतीय इकाई के कारोबार की वैल्यू बढ़कर 23.5 अरब डॉलर पहुंच गई थी। इससे पहले के वित्त वर्ष में यह 8 अरब डॉलर पर थी।इससे पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि पिछले छह वर्षों में देश में मोबाइल फोन का प्रोडक्शन तीन गुना बढ़ा है। वहीं, मोबाइल फोन निर्यात में 100 गुना का इजाफा हुआ है, जो दिखाता है कि देश की मोबाइल फोन इंडस्ट्री अच्छी गति से आगे बढ़ रही है।सरकार का कहना है कि भारत ने स्मार्टफोन आयात पर निर्भरता को काफी हद तक कम किया है। घरेलू स्तर पर बेचे जाने वाले 99 प्रतिशत मोबाइल भारत में ही मैन्युफैक्चर किए जा रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर में भारत की तेज वृद्धि दर देखने को मिल रही है। वित्त वर्ष 23 में यह बढ़कर 155 अरब डॉलर पर पहुंच गया था।

# स्थानीय व नियोजन नीति को भाजपा ने कोर्ट में फंसाया: सीएम

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना बहन-बेटियों को आगे बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा






**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के पलामू प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने स्थानीय व नियोजन नीति बनायी, लेकिन भाजपा वालों ने उसे गलत तर्क प्रस्तुत कर मामला में कोर्ट में फंसा दिया। भाजपा वालों के पैसा है। बड़े-बड़े वकील है। इसका पूरा फायदा उठा रही है। कानूनी दांव पेंच में झारखंड सरकार को फंसा कर जनता की नजरों में गिरा का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा पूरे राज्य में हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई को आपस में लड़ाने का काम कर रही है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को जनता ने सबक सिखा दिया। केंद्र अब बैसखी की सरकार चला रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पढ़े-लिखे नौजवानों को आर्थिक स्तर पर मदद कर रही है ताकि गरीबी के अभाव में उनकी पढ़ाई नहीं रूके। गुरूजी स्टूडेंट केडिट कार्ड के माध्यम से 15 लाख तक का लोन कोई भी बैंक देगी। वह भी मात्र चार प्रतिशत के ब्याज पर। लोन की राशि भी नौकरी लगने पर किश्त के अनुसार देना है। बच्चों की पढ़ाई के लिए भी सरकार ने सावित्री बाई फुले योजना शुरू की है। गरीबों को आवास देने के लिए अबुआ आवास शुरू किया गया है। योजना के तहत तीन कमरों का आवास बेघरों को दिया जा रहा है। कार्यक्रम में राज्य सरकार के मंत्री में पेयजल स्वच्छता मंत्र मिथिलेश ठाकुर, स्कूली शिक्षा, सारक्षता विभाग,उत्पाद मद्य निषेद मंत्री बैद्यनाथ राम, श्रम नियोजन प्रशिक्षण और कौशल विभाग, उद्योग विभाग मंत्री सत्यानंद भोक्ता, महिला बाल विकास व समाजिक सुरक्षा मंत्री बेबी देवी, कृषि पशुपालन, सहकारित मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, प्रमंडलीय आयुक्त बालकिशुन मुंडा, आईजी नरेंद्र कुमार सिंह, डीआजी वाईएस रमेश, पलामू उपायुक्त शशिरंजन, लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह, गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर, पलामू एसपी रीष्मा रमेशन, लातेहार एसपी अंजनी अंजन, गढ़वा एसपी दीपक पांडेय, गढ़वा जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह, झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा सहित काफी संख्या में झामुमो नेता, कार्यकर्ता, लाभुक महिलाएं शामिल थी।

### पूर्व की भाजपा सरकार ने विदेशों में रोड शो के नाम पर पानी की तरह पैसा बहाया: मिथिलेश



**मेदिनीनगर।** पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि राज्य में विकास की सरकार काम कर रही है। 2019 में सत्ता में आने के बाद से हर क्षेत्र में काम किया जा रहा है। चाहे अल्प कार्यकाल के लिए ही गुरू जी मुख्यमंत्री रहे हो या हेमंत सोरेन सभी जनहित को ध्यान में रख कर समाज के सभी वर्गो के उत्थान के लिए काम करते हैं और आगे भी करते रहेंगे। उन्हें कहा कि गुरु जी ने अपने मुख्यमंत्री रहते हर गांव टोला में चापानल लगाने का युद्ध स्तर पर शुरू कराया था। साथ ही वार्ड से मिलने वाला नमक को निःशुल्क किया था। उसी तरह हेमंत सोरेन ने भी गरीब परिवारों के लिए साल में दो बार सोना सोबरन योजना के तहत धोती साड़ी देने का काम किया है। शोषित बंचित समाज को आगे बढ़ाने के लिए सरकार हर स्तर पर काम कर रही है।

### महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया ठोस कदम : बैद्यनाथ राम



स्कूली शिक्षा, साक्षरता, उत्पाद व मद्य निषेद मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के दिशा में उठाया गया एक दूरगामी पहल है। योजना की राशि लाभुकों के खाता में डीबीटी के माध्यम से हर माह के 15 तारीख तक पहुंच जायेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आरक्षण की सीमा को समाप्त करना चाहती है, जिसका सदन से सड़क तक आंदोलन किया जायेगा। आरक्षण के साथ मौजूदा व्यवस्था में किसी भी प्रकार का बदलाव बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। मुख्यमंत्री गरीबों के दरवाजे तक विकास की किरण पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। आने वाले विधानसभा चुनाव में मतदान करने से एक पूर्व एक बार जरूर सोचेंगे की कौन सरकार अधिक काम किया है, इसके बाद ही मतदान करें।

### पेंशन हम दे रहे हैं, टेंशन आप दे रहे हैं : सत्यानंद भोक्ता

मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने भी भाजपा की युवा आक्रोश रैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अच्छे दिन आपने नहीं लाए। पेंशन हम दे रहे हैं। टेंशन आप दे रहे हैं। युवाओं के हित में कोई काम नहीं किया। फिर भी युवा आक्रोश रैली समझ से परे है। मौके पर मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि एससी-एसटी एवं ओबीसी का आरक्षण कोर्ट के माध्यम से छीना जा रहा है। केन्द्र की सरकार अनुसूचित जाति-जनजाति, ओबीसी के खिलाफ है।

यही कारण है कि भारत बंद में झामुमो ने आन्दोलन को समर्थन दिया। किसी कीमत पर आरक्षण से छेड़छाड़ नहीं होने दिया जायेगा। राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार सबका ख्याल रख रही है।

## एक नजर

### पिंटू सिंह को हाई कोर्ट से मिली जमानत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने गैंगस्टर अमन सिंह की जेल में हत्या के आरोपित जैनेंद्र सिंह उर्फ पिंटू सिंह को जमानत प्रदान कर दी है। पिंटू सिंह धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या के केस में भी आरोपित हैं। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने उसे इस केस में जमानत दी थी। अमन सिंह हत्याकांड में जमानत मिलने के बाद अब वह जेल से बाहर आ सकता है। पिंटू सिंह की जमानत पर गुरुवार को हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुभाष चांद की कोर्ट में सुनवाई हुई। पिंटू सिंह की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र सिंह ने बहस की।

### मंत्री समेत 50 से अधिक नागरिकों ने किया रक्तदान

**रांची।** सिद्दीकी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा कांटाटोली में गुरुवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें मंत्री हफीजुल हसन के अलावा 50 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। मौके पर मंत्री डॉ इरफान अंसारी भी थे। डॉ अंसारी ने सोसाइटी को एंबुलेंस देने का घोषणा की। मंत्री हफीजुल ने भी हर संभव मदद की बात कही। मौके पर सोसाइटी के रांची जिला अध्यक्ष अफजल आलम, रामगढ़ अध्यक्ष इम्तियाज आलम, तौहीद आदि मौजूद थे।

## झामुमो का झारखंडी अधिकार मार्च आज




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो)का झारखंडी अधिकार मार्च 23 अगस्त को है और यह महज मार्च नहीं, बल्कि झारखंडी हित को नुकसान पहुंचाने वालों के लिए चेतवानी है। हर झारखंडी जाग चुका है, जिसका परिणाम है झारखंडी अधिकार मार्च।

झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि राज्य गठन के बाद 20 वर्ष तक केंद्र शासित भाजपा की सरकार झारखंड की सत्ता का भोग करती रही। 2019 में जब झारखंडी जनता ने भाजपा से सत्ता छीन कर एक युवा आदिवासी नेता हेमन्त सोरेन को सत्ता सौंपी तो भाजपा के लोग बौखला गए की आखिर कैसे एक आदिवासी नेता सत्ता संभाल सकता है। यहीं से भाजपा ने द्वेष की राजनीति शुरू की। उन्होंने बताया कि पहले तो सरकार गठन के बाद ये सरकार गिराने की जुगत में लगे रहे। लेकिन जब इसमें उन्हें सफलता नहीं मिली तो राज्य के मुख्यमंत्री को झूठे आरोप में जेल में डाल दिया।

## हेमंत सोरेन लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन कर रहे हैं : शिवराज सिंह चौहान

### बीजेपी के कार्यकर्ता ऐसी गीदड़ भभकी से डरने वाले नहीं, हम अन्याय के खिलाफ लड़ेंगे



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार भाजपा के जन आक्रोश रैली से डर चुकी है। भाजपा के कार्यकर्ताओं को जगह जगह रोका जा रहा है। यह अन्याय की अति है, जुल्म की पराकाष्ठा है। एक डरा हुआ मुख्यमंत्री ऐसा कर सकता है। श्री चौहान ने कहा कि हेमंत सोरेन से ना झारखंड संभल रहा है ना पार्टी संभल रहा। चौहान ने कहा कि बीजेपी के कार्यकर्ता ऐसी गीदडभभकी से डरने वाले नहीं है हम अन्याय के खिलाफ लड़ेंगे, हमारा कार्यकर्ता लड़ेगा। झारखंड की जनता को अहिंसतात्मक तरीके से न्याय दिलाकर कर रहेंगे। हेमंत सोरेन सरकार इस आंदोलन को कुचल नहीं सकती है। श्री चौहान ने अधिकारियों को भी चेतावनी देते हुए कहा कि हेमंत सोरेन के इशारे पर जो लोग ऐसा कर रहे हैं अगर वे लोग अलोकतांत्रिक तरीके से उन्होंने आंदोलन को रोकने की कोशिश की तो हम लोग लोकतंत्र का पालन करने वाले लोग हैं हमें तो इंदिरा नहीं रोक पाई तो हेमंत क्या रोकेंगे। अधिकारियों को समझनी होगी कि यह दो महीने की सरकार है। श्री चौहान ने कहा कि डीजीपी को आदेश दे रहे हैं. रढ को आदेश दे रहे हैं. भाजपा को रोको । कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करो। बसे रोक रहे है। भाजपा कार्यकर्ताओं के जेल भेजेंगे। भाजपा डरने वाली नही है।

## झारखंड में इंडी गठबंधन का वजूद खतरे में डूबती नाव से भाग रहे लोग : बाबूलाल मरांडी

- कांग्रेस व अन्य दल के सैकड़ों लोग भाजपा में हुए शामिल




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में इंडी गठबंधन का वजूद खतरे में है। डूबती नाव से लोग भाग रहे हैं। श्री मरांडी भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह कार्यक्रम में बोल रहे थे।

श्री मरांडी ने कहा कि बीजेपी अभी प्रदेश में संघर्ष कर रही है और सत्तारूढ़ दल को छोड़कर बीजेपी में शामिल होकर इस संघर्ष का साथी बनना एक बड़ी बात है। आप लोगों के योगदान से केवल सरायकेला, जमशेदपुर ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड में पार्टी को ताकत और बल मिलेगा। साथ ही इससे राज्य में एक अच्छा मैसेज भी जाएगा। आप सभी का यह कदम स्वागत योग्य है। संघर्ष के साथियों का भाजपा में स्वागत है। उन्होंने कहा कि आज झारखंड प्रदेश की जो हालत है, वह किसी से छुपा हुआ नहीं है। झारखंड सरकार हर मोर्चे पर विफल है। राज्य सरकार ने राज्य के युवा, किसान, महिला, आदिवासी, दलित, पिछड़ा यानि सभी वर्ग को ठगने का काम किया है। वर्तमान झारखंड सरकार के पाप का घड़ा पूरी तरह भर चुका है, यह सरकार बस अब कुछ दिनों की मेहमान है।

## केंद्रीय मंत्री चिराग 25 को आयेंगे रांची

- राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में होंगे शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान 25 अगस्त को एक दिवसीय दौरे पर रांची आयेंगे। पासवान पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान ने कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 25 अगस्त को होटल रेडिशन ब्लू में आयोजित होगा। इस बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, सांसद वीणा देवी, सांसद शाम्भवी चौधरी, सांसद अरुण भारती, सांसद राजेश वर्मा सहित देश के सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष सहित केंद्र शासित प्रदेशों के अध्यक्ष एवं विधायक, पूर्व विधायक सहित राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। प्रधान गुरुवार को डोरंडा स्थित श्रीकृष्णा एन्क्लेव में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बैठक के डीपीएस स्कूल के समीप कार्निवल बैंक्वेट हॉल में अभिनंदन सह कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इसी दिन वहां पर शाम चार बजे को संवाददाता सम्मेलन भी आयोजित किया जायेगा।

## पृष्ठ एक के शेष

**राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय विज्ञान...**

सिंह, गणित और कंप्यूटर विज्ञान में प्रोफेसर आदिमूर्ति आदि और गणित और कंप्यूटर विज्ञान में प्रोफेसर राहुल मुखर्जी, चिकित्सा में प्रो. डॉ. संजय बिहारी, भौतिकी में प्रो. लक्ष्मणन मुथुसामी, भौतिकी में प्रो. नबा कुमार मंडल और अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में डॉ. अन्नपूर्णी सुब्रमण्यम, प्रो. रोहित श्रीवास्तव को प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के लिए कुल 13 विज्ञान श्री पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति ने कृषि विज्ञान में डॉ. कृष्ण मूर्ति एसएल, कृषि विज्ञान में डॉ. स्वरूप कुमार परिदा, जैविक विज्ञान में प्रो. राधाकृष्णन महालक्ष्मी, जैविक विज्ञान में प्रो. अरविंद पेनमत्सा, रसायन विज्ञान में प्रो. विवेक पोलशेट्टीवार, रसायन विज्ञान में प्रो. विशाल राय, पृथ्वी विज्ञान में डॉ. रॉक्सी मैथ्यू कोल, इंजीनियरिंग विज्ञान में डॉ. अभिलाष, इंजीनियरिंग विज्ञान में डॉ. राधा कृष्ण गंटी, पर्यावरण विज्ञान में डॉ. पूरबी सैकिया, पर्यावरण विज्ञान में डॉ. बप्पी पॉल, गणित और कंप्यूटर विज्ञान में प्रो. महेश रमेश काकड़े, चिकित्सा में प्रो. जितेन्द्र कुमार साहू, चिकित्सा में डॉ. प्रज्ञा ध्रुव यादव, भौतिकी में प्रो. उर्वशी सिन्हा, अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में डॉ. दिगेन्द्रनाथ स्वैन, अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में डॉ. प्रशांत कुमार, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार में प्रो. प्रभु राजगोपाल सहित 18 को विज्ञान युवा-शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में चंद्रयान-3 टीम को विज्ञान टीम पुरस्कार प्रदान किया। चंद्रयान-3 मिशन का सफल समापन देश की सबसे बड़ी वैज्ञानिक उपलब्धियों में से एक है और यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों की टीम द्वारा प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान को दर्शाता है।

**जमशेदपुर के डैम से मिले...**

हुआ हुआ टू-सीटर विमान अमेरिका में निर्मित है और इसका नाम सेशना 152 है। यह सिंगल इंजन का विमान है। इस विमान का संचालन जमशेदपुर में पायलट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट वर्ष 2008 से ही कर रहा था। इसके संचालक मृणाल पॉल हैं। मार्च, 2022 में भी इस इंस्टीट्यूट का एक प्रशिक्षण विमान सोनारी हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। इस हादसे में दो पायलट जख्मी हो गए थे।

**आतंक का बड़ा इंजीनियरा निकला...**

अन्य सामान बरामद किये गये हैं। सभी संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है एवं इन दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है। साथ ही छापेमारी अभियान जारी है। संदिग्धों के पूछताछ, दस्तावेजों के सत्यापन तथा अग्रतर अभियान के बाद कानूनसम्मत अग्रतर कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार लोगों के पास से एक एके-47 सहित कुछ अन्य हथियारों की भी बरामदगी हुई है। दस्तावेजों और उपकरणों की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ये लोग अलकायदा इंडियन सब कॉन्टिनेन्ट का विस्तार कर इससे युवाओं को जोड़ने, उन्हें कट्टरपंथी बनाने, भारत में शरिया कानून स्थापित करने और बांग्लादेश के खिलाफ युद्ध छेड़ने जैसे विषयों पर काम कर रह थे। एक्यूआईएस अफगानिस्तान, पाकिस्तान, भारत, बर्मा और बांग्लादेश में सक्रिय है। यह पहली बार नहीं है, जब झारखंड में आतंकी संगठनों से जुड़े लोग पकड़े गए हैं। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बीते साल अक्टूबर में आईएसआईएस के तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया था, जिनमें से दो शाहनवाज आलम और रिजवान अशरफ झारखंड के रहने वाले हैं। इनमें से एक शाहनवाज आलम एनआईए का मोस्ट वांटेड था और उस पर तीन लाख रुपए का इनाम घोषित था। वह हजारीबाग शहर के पगमिल-पेलावल का रहने वाला है। एनआईए और एटीएस की जांच में पहले भी यह बात सामने आई है कि झारखंड के रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, रामगढ़, लोहरदगा, पाकुड़, गढ़वा और गिरिडीह जिले में आतंकियों के स्लीपर सेल सक्रिय हैं।

## डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के विरोध में झामुमो महिला मोर्चा का कैंडल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कोलकाता मे महिला डॉ के साथ हुए निंदनीय घटना और हत्या के विरोध में साथ ही दोषी को सजा की मांग को लेकर झामुमो महिला मोर्चा रांची जिला व महानगर समिति द्वारा जिला स्कूल शहीद चौक से मेन रोड अलबर्ट एक्का चौक रांची तक कैंडल मार्च निकाली गई। कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए झामुमो महिला मोर्चा रांची जिलाध्यक्ष नयनतारा उरांव ने कहा कोलकाता की यह घटना काफी निंदनीय है। हम यह मांग करते हैं कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले ताकि आने वाले समय मे कोई भी ऐसी हिम्मत ना करे। महिला मोर्चा रांची महानगर अध्यक्ष संध्या गुड़िया एवं अन्य पदाधिकारियों ने भी संयुक्त रूप से दोषियों की सजा की मांग की। कैंडल मार्च में मुख्य रूप से उपस्थित झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि यह घटना काफी निंदनीय और शर्मसार करने वाली है। ऐसे घृणित कार्य करने वालों के लिए सख्त से सख्त दंड का प्रावधान किया जाना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से झामुमो महिला मोर्चा रांची जिला उपाध्यक्ष मंजू महतो, अंशु लकड़ा, सचिव शांति तिर्की, संगठन सचिव मुसर्रत परवीन, राधा बाउरी, पुष्पा बैरदेवा, सारों सांगा, सुशाना केरकेट्टा, मंजू श्रेष्ठ, नीता तिर्की, रीता होरो, अंजली अंजना, अख्तरी रहमान, गजाला परवीन, डॉ बिंदु किस्पोट्टा, महिला मोर्चा रांची महानगर अध्यक्ष संध्या गुड़िया, उपाध्यक्ष सुषमा बरदेवा, संगठन सचिव सुनीता लिंडा, संयुक्त सचिव सीमा लकड़ा, अनिमा केरकेट्टा, छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय से गुलअफसा सानी, मनीषा कुमारी, मेरी सुलोचना, स्वाति, हर्षा, मानसी एवं अन्य महिलाओं के साथ झामुमो रांची जिला युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष फरीद खान, उपाध्यक्ष परवेज आलम गुड्डू, राकेश वर्मा, परवेज, पप्पू भाई, कामरान, प्रिंस, तबरेज अंसारी, फहद खान, नकीब खान, मो शाहनवाज एवं अन्य उपस्थित रहे।

### हेमंत राज में हिंदुओं के पास प्रताड़ित होने के अलावा कोई चारा नहीं: अमर बाउरी

**रांची।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा है कि हेमंत राज में झारखंड के हिंदुओं के पास प्रताड़ित होने के अलावा कोई चारा नहीं है। गुरुवार को एक्स पर उन्होंने सवाल किया कि क्या रक्षाबंधन में बहनें मेहंदी भी नहीं लगा सकती। हेमंत सरकार ने अपनी तुष्टीकरण की राजनीति के कारण पूरे प्रदेश का सत्यानाश कर दिया है, इसीलिए हेमंत हटाओ और सुशासन लाओ जरूरी है। जब सरकार का संरक्षण प्राप्त हो तो विकृत मानसिकता वाले लोगों का मनोबल बढ़ ही जाता है।

### केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी राज्यपाल से मिलीं



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की।

### राज्यपाल से मिले राम टहल चौधरी



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को पूर्व लोकसभा सांसद राम टहल चौधरी एवं अन्य ने राज भवन में भेंट की।

### डॉ. मेरी नीलिमा राज्यपाल से मिलीं



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से झारखंड लोक सेवा आयोग की पूर्व अध्यक्ष डॉ. मेरी नीलिमा केरकेट्टा ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की।

### राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य राज्यपाल से मिलीं



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की।


## न्यूज बॉक्स

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और कांग्रेस विधायक दल नेता का हुआ अभिनंदन



**रांची।** कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं कांग्रेस विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उरांव का कांग्रेस भवन में गुरुवार को अभिनंदन किया गया। इससे पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का रांची पहुंचने पर एयरपोर्ट पर कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। जहां से जुलूस की शक्ल में हजारों कार्यकताओं के साथ कमलेश ने स्वर्गीय कपूर्री ठाकुर, अमर शहीद बिरसा मुंडा, शहिद नागेश्वर महतो, वीर बुधु भगत,स्वर्गीय कार्तिक उरांव,वीर सिद्धू कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कांग्रेस भवन पहुंचे जहां उन्होंने निवर्तमान अध्यक्ष राजेश ठाकुर से पदभार ग्रहण किया।

### कांग्रेस ने ईडी कार्यालय के समक्ष किया विरोध प्रदर्शन




**रांची।** कांग्रेस ने गुरुवार को रांची के हिनू स्थित प्रवर्तन निदेशालय( ईडी ) के क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय कांग्रेस के निदेर्शानुसार प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में प्रवर्तन निदेशालय कार्यालय के समक्ष अडानी महाघोटाला जांच के लिए जेपीसी गठन की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। मौके पर केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस द्वारा अडानी महा घोटाले की जांच की मांग बार-बार की गई। लेकिन केंद्र सरकार के जरिये इसे हमेशा नकारा गया। अभी हिंडनबर्ग के ताजा खुलासे से कांग्रेस के आरोप सच साबित हो रहा हैं। कांग्रेस के जरिये जांच के लिए जेपीसी की मांग की जा रही है लेकिन केंद्र सरकार का इससे भाग रही है। यह साबित करता है कि वह अपने मित्रों को बचाना चाहती है।

### झारखंड हाई कोर्ट ने स्टेट बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन के एमडी को किया तलब

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में कांके नगड़ी स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने से संबंधित दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस मामले में झारखंड स्टेट बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड के एमडी को 27 अगस्त को तलब किया है। गुरुवार को मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि भवन निर्माण के डीपीआर तैयार करने में झारखंड स्टेट बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन को प्रोजेक्ट के कुल लागत का 10 प्रतिशत खर्च आएगा। यह राशि उसे उपलब्ध कराई जाए, जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के लिए अतिरिक्त भवन सहित आधारभूत संरचना के लिए राज्य सरकार ने 25 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जो काफी कम है। कोर्ट ने कहा कि ऐसे में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के अतिरिक्त भवन को लेकर डीपीआर बनाने के लिए प्रोजेक्ट के कुल लागत की 10 प्रतिशत की राशि कहां से आएगी।




## बम की धमकी विमान की तिरुवनंतपुरम में आपात लैंडिंग

**नई दिल्ली।** टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या 657 में बम की धमकी के बाद उसकी केरल के तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पर सुबह करीब आठ बजे इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान में सवार सभी 135 यात्री सुरक्षित हैं। तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट के अधिकारियों के अनुसार, इमरजेंसी लैंडिंग कराने के बाद विमान को आइसोलेशन बे में ले जाया गया है। फ्लाइट में बम की धमकी मिलने के बाद पूरी तरह से आपातकाल घोषित कर दिया गया। फिलहाल विमान आइसोलेशन बे में है। सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। यह फ्लाइट आज सुबह 5:45 बजे मुंबई एयरपोर्ट से रवाना हुई और उसे सुबह 8:10 बजे तिरुवनंतपुरम में उतरना था।

## मुसलमानों की संपत्ति छीनना चाहती है सरकार : सरवर चिश्ती

**अजमेर।** अजमेर दरगाह में खादिमों की अंजुमन सैयद जादगान कमेटी ने वक्फ बोर्ड संशोधन एक्ट का विरोध किया है। अंजुमन सचिव सैयद सरवर चिश्ती ने गुरुवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि सरकार वक्फ संशोधन बिल लाकर मुसलमानों की संपत्ति छीनना चाहती है। अजमेर के ख्वाजा गरीब नवाज हजरत ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती दरगाह के दीवान सैयद जेनुअल आबेदीन के बेटे सैयद नसीरुद्दीन पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वह मुस्लिम विरोधी सभी कानूनों का समर्थन करते हैं। दरगाह में सैयद नसीरुद्दीन की कोई हैसियत भी नहीं है। धार्मिक उद्देश्यों के लिए दान वक्फ के जरिए किया जाता है। हम इसमें किसी गैर मुस्लिम का हस्तक्षेप नहीं चाहते। खास तौर पर जिला कलेक्टर का भी इसमें कोई अधिकार नहीं होना चाहिए।

## त्रिपुरा डैम के कारण बांग्लादेश में बाढ़ आने के दावों को भारत ने किया खारिज

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के सीमावर्ती जिलों में हाल में आई बाढ़ को लेकर बांग्लादेश ने भारत पर आरोप लगाया था कि त्रिपुरा के डंबूर बांध के खुलने के कारण वहां बाढ़ आई है। इस पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है और बांग्लादेश के आरोपों को गलत बताया है। भारत ने गुरुवार को साफ किया कि बाढ़ की यह स्थिति त्रिपुरा बांध से पानी छोड़े जाने के कारण नहीं आई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा, हमने बांग्लादेश में व्यक्त की जा रही चिंताओं को देखा है कि बांग्लादेश की पूर्वी सीमाओं पर कई जिलों में बाढ़ की स्थिति त्रिपुरा में गुमटी नदी के ऊपर डंबुर बांध के खुलने के कारण हुई है।

## पद्म पुरस्कार-2025 के लिए नामांकन 15 सितंबर तक खुले हैं

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2025 के लिए नामांकन 15 सितंबर तक खुले हैं। इच्छुक प्रतिभागी राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल **स्र२://६१२ंि.ङ्ग५.रल्ल पर जाकर अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। गृह मंत्रालय ने गुरुवार को एक आधिकारिक विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि पद्म पुरस्कार, अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। वर्ष 1954 में स्थापित, इन पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। इन पुरस्कारों के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया जाता है।

# पोलिश कंपनियां मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड से जुड़ें : नरेंद्र मोदी

- प्रधानमंत्री मोदी और पोलैंड के प्रधानमंत्री ने सुरक्षा और व्यापार सहित कई मुद्दों पर की चर्चा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ सुरक्षा, व्यापार और निवेश सहित द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर बातचीत की। इस बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने पर सहमति जताई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम पोलैंड की कंपनियों को मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड से जुड़ने के लिए आमंत्रित करते हैं। भारत और पोलैंड अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी करीबी तालमेल के साथ आगे बढ़ते रहे हैं। हम दोनों सहमत हैं कि वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ तथा अन्य अंतराष्ट्रीय संस्थानों में रिफॉर्म वर्तमान समय की मांग है। उन्होंने कहा कि जनवरी 2025 में पोलैंड यूरोपीय संघ की अध्यक्षता संभालेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि पोलैंड का सहयोग भारत और यूरोपीय संघ के बीच संबंधों को और मजबूत करेगा। इसके साथ ही आपसी हितों के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री मोदी और पोलैंड के समकक्ष डोनाल्ड टस्क ने वारसॉ में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं खूबसूरत शहर वारसॉ में गर्मजोशी से स्वागत, शानदार आतिथ्य और मैत्रीपूर्ण शब्दों के लिए प्रधानमंत्री टस्क को धन्यवाद देता हूं। आप लंबे समय से भारत के करीबी मित्र रहे हैं। 2022 में यूक्रेन संघर्ष के दौरान भारतीय छात्रों को बचाने के लिए आपने जो उदारता दिखाई, हम भारतीय उसे कभी नहीं भूलेंगे। उन्होंने कहा कि आज का दिन भारत और पोलैंड के संबंधों में विशेष महत्व रखता है। आज 45 साल के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने पोलैंड का दौरा किया है। इस वर्ष हम अपने राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। इस अवसर पर हमने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में परिवर्तित करने का निर्णय लिया है। भारत और पोलैंड के बीच संबंध लोकतंत्र और कानून के शासन जैसे साझा मूल्यों पर आधारित हैं।

### पीएम मोदी ने वारसा में नवानगर के जाम साहब को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** जामनगर राजघराने के वंशज जाम साहब शत्रुशल्य सिंहजी जडेजा ने बुधवार को पोलैंड में उनके विस्तारित परिवार के साथ बातचीत करने और वारसॉ में जाम साहब नवानगर स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने एक लिखित बयान में कहा कि प्रधानमंत्री यह विवेकपूर्ण भाव 'अच्छे महाराजा' दिग्विजय सिंहजी रणजीत सिंहजी जडेजा की भावना और मानवता को दशार्ता है। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को पोलैंड पहुंचने के बाद वारसॉ में डोबरी महाराजा स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। डोबरी महाराजा का मतलब होता है अच्छा महाराजा। यह प्रतिमा द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान सैकड़ों पोलिश बच्चों को शरण देने के 'डोबरी महाराजा' के सम्मान में बनाई गई थी। 1940 के दशक में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान पोलैंड की छह हजार से ज्यादा महिलाओं और बच्चों को भारत की दो रियासतों- जामनगर और कोल्हापुर ने शरण दी थी। नवानगर के जाम साहब ने 1,000 से अधिक पोलिश बच्चों को आश्रय दिया था, और अन्य को कोल्हापुर में शरण दी गई थी।



## क्रिएटर्स की क्षमता को बढ़ाएगी सरकार : अश्विनी वैष्णव

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को विश्व ऑडियो विजुअल एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) के लिए 'क्रिएट इन इंडिया चैलेंज - सीजन 1' के तहत 25 चैलेंज लॉन्च किए। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री वैष्णव ने कहा कि आज का लॉन्च हमारी बढ़ती और विकसित होती अर्थव्यवस्था का प्रतिबिंब है। एक पूरी तरह से नई क्रिएटर इकोनॉमी बनाई गई है और इसे भारत के प्रधानमंत्री द्वारा भी मान्यता दी गई है, जैसा कि मार्च 2024 में उनके द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले पहले राष्ट्रीय क्रिएटर पुरस्कार में परिलक्षित होता है।

**वृद्धिशील क्रिएटर्स इकोनॉमी: अवसर, इंफ्रास्ट्रक्चर और रोजगार सृजन :** इस अर्थव्यवस्था में अपार संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि क्रिएटर्स इकोनॉमी हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, जीवन शैली, योग, पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली और हमारे व्यंजनों में विविधता को प्रदर्शित करने का एक अद्भुत साधन बन गई है। भारत सरकार इस अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। इसलिए, हमें इस क्षेत्र में प्रतिभा और कौशल विकास के साथ-साथ आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर की उपलब्धता सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। इस क्रिएटर्स इकोनॉमी को और विकसित करने के लिए सरकार विश्वस्तरीय प्रतिभा विकास कार्यक्रम और इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने कहा कि विश्व स्तरीय विश्वविद्यालय और सुविधाएं स्थापित करने की योजना है, जो मीडिया और मनोरंजन में क्रिएटर्स की क्षमताओं को बढ़ाएगी।

**फिल्म निर्माण में नई तकनीकों का इस्तेमाल: रोजगार सृजन :** अश्विनी वैष्णव ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि फिल्म निर्माण हमारी ताकत में से एक है और आज के युग में इस क्षेत्र में नई तकनीक और उपकरणों का उपयोग करने की काफी गुंजाइश है, जिससे रोजगार सृजन की अच्छी गुंजाइश सुनिश्चित होती है। अनुमान है कि यदि सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया जाता है, तो कार्यक्रम इस क्षेत्र में 2-3 लाख नौकरियां पैदा कर सकता है।

**सामाजिक जिम्मेदारी :** साथ ही, केंद्रीय मंत्री ने यह भी याद दिलाया कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि इस यात्रा में हमारे समाज को नुकसान न पहुंचे और इसकी जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की नहीं बल्कि समाज, उद्योग जगत और हम सभी की है।

## आंध्र प्रदेश विस्फोट में मृतकों के परिजनों को मिलेंगे एक-एक करोड़

**एजेंसी। विशाखापट्टनम**

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू गुरुवार को अच्युतापुरम एसईजेड के दुर्घटना पीड़ितों से मुलाकात करने मेडिकवर हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने वहां इलाज करा रहे घायलों से मिलकर डॉक्टरों से बात की। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार उनके उचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी उपाय करेगी। मुख्यमंत्री ने इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा देने की घोषणा की। उन्होंने गंभीर रूप से घायलों को 50 लाख रुपये और मामूली चोटों वाले लोगों को 25 लाख रुपये का मुआवजा देने का ऐलान किया। सीएम नायडू ने घटना के पीड़ितों को इलाज के दौरान बहादुर बनने की सलाह दी। इसके बाद उन्होंने पीड़ित परिजनों से बात। इसके बाद मुख्यमंत्री ने अस्पताल के बाहर मीडिया से बात की। उनका कहना कि फार्मा कंपनी में हुई घटना बेहद दुखद और परेशान करने वाली थी। इस हादसे में 17 लोगों की मौत हो गई और 36 लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा कि घायलों में 10 गंभीर रूप से घायल और 26 मामूली रूप से घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि राज्य सरकार सभी पीड़ितों को सर्वोत्तम चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेंगे। हम उन लोगों के लिए प्लास्टिक सर्जरी भी करवाएंगे और जिन्हें इसकी आवश्यकता होगी।

## आरजी कर अस्पताल में सीआईएसएफ ने संभाली सुरक्षा की जिम्मेदारी

**एजेंसी। कोलकाता**

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की एक बड़ी टुकड़ी ने गुरुवार को आरजी कर अस्पताल की सुरक्षा संभाल ली। सीआईएसएफ के इस दल में महिला जवान भी हैं, जिन्होंने अस्पताल के प्रशासनिक भवन के सामने एकत्र होकर अपनी जिम्मेदारियां तय कीं। यहां 150 कर्मियों की तैनाती होनी है। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई के दौरान अस्पताल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीआईएसएफ की तैनाती का आदेश दिया गया था। इसके तुरंत बाद बुधवार को सीआईएसएफ के अधिकारी आरजी कर अस्पताल पहुंचे और अस्पताल प्रशासन से चर्चा की।

### सेक्स वर्करों ने दुर्गा प्रतिमा के लिए मिट्टी देने से किया इनकार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित सोनागाछी की सेक्स वर्करों ने इस साल दुर्गा पूजा की प्रतिमाओं के लिए अपने आंगन की पवित्र मिट्टी देने से इनकार कर दिया है। यह रुख उन्होंने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक जूनियर डॉक्टर के दुष्कर्म एवं हत्या के विरोध में अख्तियार किया है। प्रदेश में देवी दुर्गा की प्रतिमाएं बनाने के लिए परंपरागत रूप से वेश्यालय की मिट्टी का उपयोग किया जाता है। इस मिट्टी को पवित्र माना जाता है। राज्य के सेक्स वर्करों की एक प्रमुख संस्था दुर्बार महिला समन्वय समिति की एक पदाधिकारी ने कहा कि इस साल हम दुष्कर्म एवं हत्या के विरोध में अपने आंगन की मिट्टी नहीं दे रहे हैं। अक्सर दुष्कर्म पीड़ितों को न्याय नहीं मिलता।

### अभिषेक बनर्जी ने कड़े एंटी-रेप कानून की मांग की

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद अभिषेक बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि भारत को ऐसे सख्त कानूनों की आवश्यकता है, जिनमें बलात्कार के मामलों की सुनवाई और दोषी को 50 दिनों के भीतर सजा देना अनिवार्य हो। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब पश्चिम बंगाल में उनकी पार्टी की सरकार को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर की नृशंस हत्या और बलात्कार के मामले में जनता के गुस्से का सामना करना पड़ रहा है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में नौ अगस्त को ड्यूटी पर तैनात एक पीजी प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है।

## एजुकेशन/करियर


# अकाउंटिंग कोर्स कर बना सकते है अपना करियर

**रजनीश।** अकाउंटिंग फाइनेंशियल ट्रांजैक्शंस को रिकॉर्ड करने, समराइज करने और क्लासिफाई करने की प्रक्रिया है जो बिजनेस डिसीजंस लेने में उपयोगी जानकारी प्रदान करती है। इस जानकारी का उपयोग फाइनेंशियल स्टेटमैंट्स बनाने के लिए किया जाता है, जिसमें बैलेंस शीट, इनकम स्टेटमेंट और कैश फ्लो स्टेटमेंट शामिल हैं, जो कंपनी की फाइनेंस पोजीशन और परफॉर्मेंस की एक तस्वीर प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, अकाउंटिंग में बजट की प्रिपरेशन, फाइनेंस फोरकास्टिंग और फाइनेंशियल डेटा का एनालिसिस शामिल है।

### अकाउंटिंग क्यों चुनें




- **जॉब स्टेबिलिटी:** अकाउंटिंग एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें प्रोफेशनल्स की उच्च मांग है। जब तक बिजनेसेज और ऑर्गनाइजेशंस हैं, अकाउंटेंट्स की आवश्यकता होगी।
- **वर्सिटेलिटी:** एक अकाउंटिंग डिग्री आपके लिए पब्लिक अकाउंटिंग, कॉर्पोरेट अकाउंटिंग, गवर्नमेंट अकाउंटिंग और नॉन-प्रॉफिट अकाउंटिंग सहित कई अलग-अलग करियर के रास्ते खोल सकती है।
- **करियर अचीवमेंट्स:** अकाउंटेंट्स जो अपने करियर में आगे बढ़ना चाहते हैं, उनके पास सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट (सीपीए) बनने का अवसर है, जिससे अधिक सैलरी और अधिक सीनियर पद प्राप्त हो सकते हैं।
- **प्रोफेशन डेवलपमेंट:** अकाउंटिंग का फील्ड लगातार विकसित हो रहा है और अकाउंटेंट्स को नए नियमों और टेक्नोलॉजीज़ के साथ अपडेट रहने की आवश्यकता है। यह चल रही लर्निंग और प्रोफेशनल डेवलपमेंट के अवसर प्रदान कर सकता है।
- **फाइनेंशियल नॉलेज:** अकाउंटेंट्स फाइनेंशियल मैनेजमेंट के एक्सपर्ट्स होते हैं, जो पर्सनल फाइनेंसेस के लिए और ठोस फाइनेंशियल डिसीजंस लेने के लिए फायदेमंद हो सकते हैं।
- **सोशल इंपैक्ट्स:** अकाउंटेंट्स ऑर्गनाइजेशन और बिजनेसेज की फाइनेंशियल स्टेबिलिटी और ग्रोथ सुनिश्चित करने में इंपोर्टेंट रोल निभाते हैं, जो समाज के समग्र कल्याण में योगदान कर सकते हैं।



### टॉप भारतीय यूनिवर्सिटीज

- आईसीएफएआई फाउंडेशन फॉर हायर एजुकेशन, हैदराबाद
- यूनिवर्सिटी ऑफ, मुंबई
- हिमालयन यूनिवर्सिटी, अरुणाचल प्रदेश
- साई कॉलेज, भिलाई
- द आईआईएस यूनिवर्सिटी, राजस्थान
- ज्ञानामानी इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज, तमिल नाडु
- कनोरिया पीजी महिला महाविद्यालय

### करियर स्कोप

#### टॉप इंडस्ट्रीज

- अकाउंटिंग फर्म्स
- फाइनेंशियल फर्म्स
- बैंक्स
- ऑडिटिंग फर्म्स
- स्टॉक मार्केट/ब्रोकर

#### टॉप विदेशी यूनिवर्सिटीज

- हंबर कॉलेज कनाडा
- सेंटेनियल कॉलेज कनाडा
- सेंट क्लेयर कॉलेज कनाडा
- यूनिवर्सिटी ऑफ विंडसर
- कनाडा
- फैंशेव कनाडा
- डर्हम कॉलेज कनाडा
- सैनेका कॉलेज ऑफ अप्लाइड
- आर्ट्स एंड टेक्नोलॉजी
- स्विनबर्न यूनिवर्सिटी ऑफ
- टेक्नोलॉजी ऑस्ट्रेलिया
- चिशोल्म इंस्टिट्यूट, ऑस्ट्रेलिया
- साउथर्न कैलिफोर्निया
- इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी